राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 युवा खिलाड़ियों ने बता दिया जीतने...

गाजा में जो चल रहा वो चिंताजनक लेकिन... 12

वर्ष : 11 | अंक : 287 | पटना, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 20°C

बाजार

सोना 63,930

चांदी 75,400

सेंसेक्स 72,304

निफ्टी 21,951

संक्षिप्त खबरें

महादेव ऐप घोटाला : ईडी का देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऐप घोटाला मामले में बुधवार को देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मुंबई में चल रही है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने महादेव ऐप घोटाला मामले में देशभर के 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी पश्चिम बंगाल, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में चल रही है। ईडी ने इस केस से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने अबतक इस मामले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर छत्तीसगढ़ के उच्चपदस्थ राजनेता और नौकरशाह हैं।

देहरादून में कार दुर्घटना में छह की मौत

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के जौनसार इलाके के थाना त्यूणी क्षेत्र में बुधवार एक जबरदस्त हादसा हो गया। इस हादसे में एक कार गहरी खाई में गिर गई। इससे कार सवार 06 व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी है जबकि एक युवक गम्भीर रूप से घायल है, जो चालक बताया जा रहा है। उसे रेस्क्यू कर पुलिस टीम ने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी भेजा गया है। मृतकों के शवों को पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की सहायता से खाई से बाहर निकाला गया है। पुलिस के अनुसार आल्टो कार जो हिमाचल प्रदेश के पंद्राणु से दसौं जा रही थी, जब कार हणस्यूं गांव के पास पहुंची तो वह अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इसमें 35 वर्षीय संजू, सूरज, 24 वर्षीय शीतल, 21 वर्षीय संजना, 10 वर्षीय दिव्यांश और 5 वर्षीय यश सहित छह लोगों की मौत हो गयी। ये सभी सैंज गांव के निवासी थे, जबकि कार चालक 36 वर्षीय जीत बहादुर घायल है।

जम्मू कश्मीर में सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की

मेंढर/जम्मू। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने पर एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टरों में कुछ अग्रिम भारतीय चौकियों पर कुछ देर तक चक्कर लगाने के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में वापस लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात हुई, जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान इसलिए चलाया गया ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या मादक पदार्थ तो नहीं गिराया गया।

---

09 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 21 हजार करोड़ से अधिक राशि ट्रान्सफर

पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त

- गरीब किसानों के खाते में पहुंचे 2 हजार रुपये

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त महाराष्ट्र के यवतमाल से जारी कर दी है। 16वीं किस्त के तहत 09 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 21 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधा उनके बैंक खातों में ट्रान्सफर की गई है। किसानों के खाते में राशि डीबीटी माध्यम से पहुंचाई गई है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। किसानों के खाते में ये राशि हर 4 महीने के अंतराल में 2-2 हजार रुपये करके 3 किस्तों में भेजी जाती है। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली से एक रुपया निकलता था और गंतव्य तक 15 पैसे पहुंचते थे। उन्होंने कहा कि अगर अभी कांग्रेस की सरकार होती तो जो 21 हजार करोड़ रुपये आपके पास हैं उसका तो 18 हजार करोड़ रुपये बीच में ही लुट गये होते। 11 करोड़ से अधिक किसानों को मिल चुका है लाभ : केंद्र सरकार साल में तीन बार आर्थिक रूप से कमजोर या सीमांत किसोनों के लिए उनके बैंक खाते में 2000 रुपये की रकम डालती है। इस योजना के तहत अबतक 15वीं किस्त तक के पैसे सरकार ट्रांसफर कर चुकी है। इस योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक मदद की गई है।

2019 में शुरू हुई थी पीएम किसान योजना: गौरतलब है की केंद्र की मोदी सरकार ने साल 2019 के फरवरी महीने में पीएम किसान योजना की शुरूआत की थी। इस योजना का मकसद गरीब किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का लाभ करोड़ों किसान ले रहे हैं। योजना के तहत पीएम मोदी किसानों के बैंक खातों में सीधे रकम ट्रांसफर करते हैं। इस योजना का लाभ पाने के लिए लाभुकों को केवाईसी कराना अनिवार्य है।

बिहार के 75.11 लाख किसानों के बैंक खाते में दो-दो हजार

पटना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 16वीं किस्त के रूप में बिहार के 75,11,792 किसानों के बैंक खाते में 1665.24 करोड़ रुपए का अंतरण किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री एवं कृषि विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 15वीं किस्त तक राज्य के कुल 83.54 लाख किसानों के खाते में 20 हजार 6 सौ 47 करोड़, 87 लाख 98 हजार रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के सभी रैय्यत किसान परिवारों को आय सहायता प्रदान करने की दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा एक प्रायोजित योजना है, जिसको केन्द्र सरकार द्वारा 01 दिसम्बर, 2018 से लागू किया गया। इस योजना का उद्देश्य फसल के स्वस्थ एवं उचित उपज के लिए किसानों को विभिन्न उपादान क्रय करने में वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि किसानों की प्रत्याशित कृषि आय को सुनिश्चित किया जा सके। श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना पर व्यय होने वाली शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार के द्वारा वहन किया जाता है।

सीएम ने तारामंडल के आधुनिक प्रोजेक्शन सिस्टम, भवन का उन्नयन कार्य तथा अतिथिगृह का किया उद्घाटन

तारामंडल में नई तकनीक के माध्यम से दर्शक देख सकेंगे सौर मंडल का नजारा

मुख्यमंत्री ने तारामंडल भवन के विभिन्न भागों का किया निरीक्षण

- मुख्यमंत्री ने ब्रह्मांड निर्माण की प्रक्रिया को थ्री डि फिल्म के माध्यम से देखा
- प्रोजेक्शन सिस्टम को अत्याधुनिक बनाया गया
- 200 करोड़ रुपए की लागत से किया गया उन्नयन कार्य

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को तारामंडल, पटना के आधुनिक प्रोजेक्शन सिस्टम, तारामंडल भवन का उन्नयन कार्य तथा तारामंडल अतिथिगृह का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने तारामंडल भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी कि अब तारामंडल में नई तकनीक के माध्यम से यहां आने वाले लोग सौर मंडल की गतिविधियों को देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने तारामंडल में लगाये गये आधुनिक उपकरणों का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तारामंडल में कराये गये रेट्रोफिटिंग कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न उपकरणों को देखा और सौर मंडल की गतिविधियों, आदि के संबंध में भी लगाये गये प्रदर्शनी को देखा। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मांड निर्माण की प्रक्रिया को थ्री डि फिल्म के माध्यम से देखा।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन कक्ष, ऑडिटोरियम, अतिथिगृह, वीआईपी लाँज सहित पूरे तारामंडल परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। तारामंडल के प्रोजेक्शन सिस्टम को मुख्यमंत्री के निर्देश पर अत्याधुनिक बनाया गया है। तारामंडल का यह उन्नयन कार्य 200 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। तारामंडल पहुँचने पर मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी , मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, विशेष कार्य पदाधिकारी मुख्यमंत्री के समक्ष गोपाल सिंह, शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राबड़ी देवी, मीसा भारती व हेमा को मिली जमानत

- रेलवे जमीन के बदले नौकरी मामला : दिल्ली की अदालत में हुई सुनवाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और मौजूदा समय में राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को जमानत देते वक्त कठोर शर्तें लगाई जाए। न्यायाधीश ने नौ फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी क्योंकि ईडी ने कहा था कि उन्हें उनकी नियमित जमानत याचिकाओं पर दलीलें पेश करने के लिए और समय चाहिए। ईडी की ओर से पेश आरोप पत्र पर अदालत द्वारा संज्ञान लेने और समन जारी किए जाने के बाद तीनों आरोपी अदालत के समक्ष पेश हुए।

सीबीआई ने अवैध खनन मामले में अखिलेश को पूछताछ के लिए किया तलब

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मामला दर्ज करने के पांच साल बाद अवैध खनन मामले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए एक गवाह के रूप में बुलाया है। अधिकारियों ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 160 के तहत जारी नोटिस में एजेंसी ने उन्हें 2019 में दर्ज मामले के संबंध में 29 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। इस धारा के तहत पुलिस अधिकारी को जांच में गवाहों को बुलाने की अनुमति होती है। मामला ई-निविदा प्रक्रिया का कथित उल्लंघन कर खनन पट्टे जारी करने से संबंधित है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया। आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। खनिजों के अवैध खनन के मामले की जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात प्रारंभिक मामले दर्ज किए थे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि यादव, जिनके पास कुछ समय तक खनन विभाग भी था, ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

हिमाचल के लिए कांग्रेस खुद जिम्मेदार : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी के बीच बुधवार को आरोप लगाया कि पर्वतीय राज्य में कांग्रेस बिखरी नजर आ रही है और इसकी जिम्मेदार वह खुद है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जिनसे अपनी पार्टी नहीं संभल रही है, वह दूसरों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हिमाचल में कांग्रेस विधायकों का अपनी ही सरकार से भरोसा उठ गया है। कारण हैं झूठे वादे, झूठी गारंटियां, आपसी अविश्वास, कथनी-करनी में अंतर, कमजोर व लचर नेतृत्व और जनता के बीच जाने में शर्मिंदगी। उन्होंने कहा, हिमाचल में कांग्रेस बिखरी नजर आ रही है, टूटी नजर आ रही है और इसकी जिम्मेदार वो खुद है।

सीतामढ़ी में भी खिलेगा कमल : राजनाथ

प्रात : किरण



पटना। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार दोपहर दरभंगा हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर के माध्यम से सीतामढ़ी के पुनौरा धाम पहुंचे। राजनाथ सिंह ने मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सीतामढ़ी में कमल खिलेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मंदिर के पास तालाब है और तालाब में कमल ही खिलते हैं। जानकी जन्मभूमि पर तालाब (सीता कुंड) है इसलिए यहां कमल खिलना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हर जगह उत्साह का माहौल है। लोग फिर नरेन्द्र मोदी को देश की कमान सौंपने को तैयार हैं। मीडिया कर्मियों की ओर से पूछे गए सवाल पर रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं राजनीतिक घोषणा तो नहीं कर सकता लेकिन कह सकता हूं कि सीतामढ़ी का भी सर्वांगीण विकास होगा। इससे पहले यहां पहुंचकर वे पहले जानकी जन्मस्थली पुनौराधाम का दर्शन एवं पूजन करने गए।

मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय योजना है, जिसमें भारत सरकार सौ प्रतिशत योगदान देती है। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है। योजना के तहत, जिन किसानों के पास खेत हैं, उन्हें तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। शाह ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक करोड़ों किसानों को फायदा हुआ है। उन्होंने आगे लिखा, अबतक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दी गई है। डीबीटी के जरिये भुगतान करने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। शाह ने कहा कि यह योजना किसानों के जीवन को आसान बनाने और कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है।

सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की नहीं मिली अनुमति

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड में जमीन घोटाला मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की एकल पीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज करते हुए बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। इस मामले में सोमवार को दोनों पक्षों की सुनाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखा था। वहीं वर्चुअल मोड में सुनवाई में ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने पक्ष रखा था।

कवायद | **हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी**

हिमाचल में सरकार बचाने की कवायद में जुटी कांग्रेस

- हिमाचल में सरकार गिराने का प्रयास असंवैधानिक, अनैतिक : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा हिमाचल प्रदेश में धन बल तथा सत्ता का दुरुपयोग करके बहुमत की सरकार गिराने का अनैतिक तथा असंवैधानिक प्रयास से राज्य के लोगों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है। इस मकसद के लिए जिस तरह भाजपा सरकारी सुरक्षा और मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है।

कांग्रेस के शीर्ष नेता, दो पर्यवेक्षकों को हिमाचल भेजा : कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर आए संकट के बीच बुधवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पार्टी विधायकों से बात करके समाधान निकालने के लिए शिमला भेजा है। माना जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिमाचल के घटनाक्रम पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से बात की है। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों द्वारा भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के कुछ घंटों बाद खरगे ने असंतुष्ट विधायकों को मनाने के लिए हुड्डा और शिवकुमार को हिमाचल प्रदेश भेजा है। इन छह विधायकों के असंतुष्ट होने और भाजपा के संपर्क में होने की जानकारी सामने आई है। इस घटनाक्रम से राज्य में कांग्रेस सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, यदि 25 विधायकों वाली पार्टी 43 विधायकों के बहुमत को चुनौती दे रही है तो मतलब साफ है कि वह पार्टी प्रतिनिधियों के खरीद-फरोख्त पर निर्भर है। इनका यह रवैया अनैतिक और असंवैधानिक है। हिमाचल और देश की जनता सब देख रही है। भाजपा प्राकृतिक आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़ी नहीं हुई लेकिन अब प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे भारत और जर्मनी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और जर्मनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान पर सहयोग करने का संकल्प लिया है। भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की मंगलवार को बर्लिन में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। साथ ही, कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। इस बैठक के बाद अधिकारियों ने कहा कि भारत और जर्मनी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हैं। इससे दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए रक्षा सहयोग के बारे में पता चलता है। इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया, जबकि जर्मनी का नेतृत्व उसके रक्षा मंत्रालय के सचिव बेनेडिक्ट जिमर ने किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। बयान के मुताबिक उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर चर्चा की और संभावित रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं तथा प्रस्तावों पर विचार-विमर्श भी किया। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने करीबी रक्षा साझेदारी की जरूरत और दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों को एक साथ जोड़ने पर बल दिया। इस बैठक के बाद अरमाने ने बर्लिन में एक प्रमुख थिंक टैंक जर्मन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स (स्टिफ्टंग विसेनशाफ्ट अंड पोलिटिक-एसडब्ल्यूपी) के साथ बातचीत भी की।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय में हुआ। इसका उद्घाटन बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजीव कुमार ने किया। आयोजन में बिहार हेरिटेज सोसाइटी के अध्यक्ष अनंत आशुतोष द्विवेदी विचार रखे। प्राचार्य प्रोडॉ सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता और संचालन में रसायण शास्त्र के विभागाध्यक्ष सह मुख्य समन्वयक प्रोडॉ संजय कुमार श्रीवास्तव ने की। प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में तेजस्व कुमार, खुशी कुमारी, मुस्कान शाह और रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान शाह, मॉडल मेकिंग में प्रीति कुमारी, ज्योति कुमारी, भाषण प्रतियोगिता में कशिश कुमारी को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में डॉ विनय कृष्ण तिवारी, डॉ करुणा राय, डॉ रमेश प्रसाद, डॉ पुष्पा सिंह, डॉ अरुण कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ एसटी असलम, डॉ विजय नारायण सिंह, डॉ फजल अहमद, डॉ नंदकुमार यादव, डॉ उमेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार, डॉ सुनील कुमार आदि ने विचार रखे।

राज्यपाल ने सीएम नीतीश व डिप्टी सीएम से की मुलाकात

राजभवन में आयोजित अल्पाहार कार्यक्रम के दौरान विधायक व विप सदस्य रहे मौजूद पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुधवार को राजभवन में आयोजित अल्पाहार कार्यक्रम के दौरान दरभंगा, मुंगेर, कोशी, भागलपुर, मगध एवं सारण प्रमंडल के मंत्रियों, सांसदों, विधान पार्षदों व विधायकों से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर तथा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव भी उपस्थित थे।

विश्वकर्मा योजना के आवेदकों का हुआ सत्यापन

फतुहा। बुधवार को फतुहा नगर परिषद कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत सैकड़ों आवेदकों का नगर परिषद के द्वारा सत्यापन किया गया। इस संबंध में नगर परिषद के सिटी मैनेजर साकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सत्यापन के बाद सभी आवेदकों का प्रशिक्षण होगा। उसके बाद ऋण मुहैया कराया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी समेत कई मौजूद रहे।

बिहार में सबसे ज्यादा किडनी प्रत्यारोपण करने वाला बना पहला हॉस्पिटल

55वां किडनी प्रत्यारोपण हुआ

● दिहाडी मजदूर के मात्र 22 वर्षीय बेटे की ग्लोमेरूलोनेफ्राइटिस की वजह से दोनों किडनी हो गई थीं खराब

प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा के 22 वर्षीय मोहन कुमार (बदला हुआ नाम) निवासी श्रीराम टोला का पारस एचएमआरआई में किडनी का सफल प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) हुआ। मोहन गत तीन वर्ष से डायलिसिस पर था। उसका पेशाब आना बिल्कुल बंद हो गया था। जिसकी वजह बनी किडनी के फिल्टर की सूजन और उसका क्रेटनाइन 10-12 रहता था। ऐसे में किडनी प्रत्यारोपण ही एकमात्र विकल्प था। लेकिन मोहन के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। ऐसे में ऑपरेशन का खर्च वहन करना उनके वश की बात नहीं थी। तब एक ओर जहां सरकार से उसे तीन लाख रुपए मदद मिली तो दूसरी तरफ पारस एचएमआरआई ने भी छूट दी और इस तरह मोहन का किडनी ट्रांसप्लांट हो पाया। पारस एचएमआरआई में किडनी रोग विभाग के निदेशक डॉ. शशि कुमार ने कहा कि मोहन की दोनों किडनी ग्लूमरोलोनेफ्राइटिस की वजह से खराब हो गई थी। ऐसे में उसकी मां ने किडनी दी, जिसे प्रत्यारोपित किया गया। उसकी माँ की किडनी को बहुत कम चीरे में लैप्रोस्कोपिक माध्यम से निकाला गया, जिस कारण उन्हे दो दिनों मे ही डिस्चार्ज कर दिया गया और वह समान्य जीवन यापन कर रही हैं। अब मरीज भी ठीक हैं और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। मरीज का क्रेटनाइन नॉर्मल हो गया है। पारस एच एम आर आई के यूरोलॉजिस्ट डॉ. अपूर्व कुमार चौधरी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की दोनों किडनी सही हो तो एक किडनी दान करने से शारीरिक क्षमता में कोई कमी नहीं आती है। डोनर को कोई नुकसान नहीं होता है। वहीं मरीज का जीवन भी सामान्य हो जाता है। वह नॉर्मल जीवन जी सकता है। किडनी प्रत्यारोपण पर यूनिट हेड डॉ. वैभव राज ने कहा कि पारस एचएमआरआई बिहार का एक्सीलेंट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है। हमलोग इसके स्टैंडर्ड को लगातार बढ़ा रहे हैं ताकि बिहार के लोगों को किसी भी तरह के इलाज के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। डॉ. वैभव राज ने कहा कि पारस एचएमआरआई पटना में अब तक 55 सफल किडनी प्रत्यारोपण हो चुके हैं जो बिहार के किसी भी निजी हॉस्पिटल में अब तक हुए सबसे ज्यादा किडनी प्रत्यारोपण मे से एक है। उन्होंने बताया कि 2018 में बिहार में हम एकमात्र पहले हॉस्पिटल थे जिन्होंने किडनी प्रत्यारोपण सुविधा प्रारंभ की। इस प्रत्यारोपण में डॉक्टरों की टीम में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. जमशेद अनवर, डॉ. विकास कुमार और डॉ. अंशुमान आशु शामिल रहे। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉर्पोरेट हॉस्पिटल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध है।

अपनी सेहत व विज्ञान के प्रति जागरूक रहें छात्र : डॉ एस कृष्णा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिटी मांटेसरी स्कूल में बुधवार को देवकी नंदन माथुर छात्रवृत्ति प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित किया गया। इसमें कक्षा छह से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति, इतिहास व विज्ञान की उपलब्धियों के प्रति जागरुकता जैसे विषयों को लेकर प्रतियोगिता में सवाल पूछे गए। आयोजन में मुख्य अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसए कृष्णा व दंत चिकित्सक डॉ वैभव मुकुंद मौजूद थे। डॉ कृष्णा ने बच्चों को अपनी सेहत व विज्ञान के प्रति जागरूक रहने को कहा। वहीं डॉ मुकुंद ने बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरुकता व नियम से अखबार पढ़ने पर जोर दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरुकता व भारतीय होने का गर्व महसूस कराना है। इसमें दो छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्रथम अल्का कुमारी कक्षा आठ व द्वितीय दिव्यांशु पोद्दार कक्षा सात के छात्र को वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति मिली। तृतीय स्थान आस्था कुमारी कक्षा आठवीं का रहा। कक्षा पहली से पांचवीं में विज्ञान प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विजयी छात्रों में श्रेया, अभिनव, आयुष झा, इंसिया याफीस, आद्या वर्मा, कुमारी आराध्या आदि थे। प्रतियोगिता को विद्यालय के विकांत माथुर ने संचालित किया। कार्यक्रम का संचालन ऋचा माथुर ने किया। प्रधानाचार्या निधी ऐंडले ने अतिथियों का धन्यवाद किया व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में मेहंदी रजा, श्रीचंद, नीलम, श्रेया आदि शिक्षक मौजूद थे।

ज्वेलर्स दुकान से रंगदारी मांगने वाले रंगदार गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोला रोड टी पॉइंट के पास ज्वेलर्स दुकान मालिक से दो लाख की रंगदारी मांगने वाले देव कुमार उर्फ देव सिंह को थानाक्षेत्र के न्यू गोसाईटोला से गिरफ्तार किया उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एक कट्टा दो जिन्दा कारतूस व स्मैक बरामद किया। रंगदारी मांगने के दूसरे दिन दुकान की फोटो भेज गोली मारने की धमकी भी दी गयी थी। पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एएसपी दीक्षा ने बताया कि 25 फरवरी को थाना क्षेत्र के गोलारोड टी प्वाईंट स्थित एक ज्वेलर्स के दुकान मालिक कुणाल कुमार से मोबाइल पर ओडियो मैसेज भेज दो लाख की रंगदारी की मांग करते हुए गोली मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद मामला दर्ज कर छानबीन भी तकनिकी सहयोग से दानापुर पुलिस ने न्यू गोसाईटोला निवासी देव कुमार उर्फ देव सिंह को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि देव कुमार पहले भी जेल जा चुका है। इनके सहयोगी की तलाश जारी है। कार्रवाई में दारोगा मंजीत ठाकुर, सुधांशु कुमार, सरोज कुमार उपाध्याय लगे थे।

निश्चेतना विभाग में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी को पीजी के छात्रों ने जाना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के निश्चेतना विभाग में लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी करने और इसमें एनेस्थेसिया की भूमिका पर संगोष्ठी की गई। बुधवार को एनेस्थेसिया के विभागाध्यक्ष डॉ विजॉय कुमार की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। दरअसल आजकल लेप्रोस्कोपिक विधि से न केवल आपरेशन, बल्कि उपचार भी किया जाता है। इसमें किडनी स्टोन, किडनी कैंसर, हार्निया, अपेंडिक्स आदि शामिल है। विभागाध्यक्ष ने कहा कि इससे छात्रों को बेहतर तरीके से सीखने में मदद मिलेगी। आयोजन में डॉ मोती लाल दास, डॉ गुरुमुख प्रसाद ने सर्जरी में निश्चेतना की विभिन्न विधि की जानकारी दी। पीजी के छात्र डॉ मो कासिफ अख्तर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से दूरबीन विधि से विभिन्न ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना के विधि पर प्रजेंटेशन दिया। आयोजन में डॉ एचके झा, डॉ अनिल, डॉ अखिलेश, डॉ एसके सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ हरकोमल, डॉ शशि के साथ पीजी के छात्र भी उपस्थित थे।

देसी-विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार, नाव व वाहन जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने पत्थर घाट मुहल्ला में छापेमारी कर शराब और वाहन जब्त किया। इधर चौक थाना की पुलिस ने भी नाव पर लदा शराब को जब्त किया है। चौक थाना की पुलिस को सूचना मिली कि कंगन घाट शराब लदा नाव आ रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर नाव पर लदे 540 लीटर देसी शराब को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शराब के साथ नाव को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में दो धंधेबाज जीतेश पासवान और संतोष पासवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पकड़े गए दोनों से पूछताछ की है। उसकी निशानदेही पर छापेमारी की जा रही है। इधर मालसलामी थाना की पुलिस ने ऑटो पर लदे 280 लीटर देसी शराब को बरामद किया है। साथ ही पिकअप वैन को भी जब्त कर लिया गया है। नवावगंज भठ्ठी पर छापेमारी कर पांच लीटर विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। ऑटो चालक ने पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा।

मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत दानापुर कैंट रोड स्थित महिला स्कूल से अपने बच्चे को लेकर घर लौट रही थी कि बाइक सवार बदमाशों ने गले से मंगलसूत्र छीन लिये। मगर भागने के क्रम मे बदमाश की बाइक एक कार से टकरा गई और वो पकड़े गये। स्थानीय लोगों ने उनकी पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। मामला बुधवार की दोपहर नगर के आर के पूरम इलाके की है। इस संबंध में पीड़िता कुमकुम झा ने स्थानीय थाने में बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। कुमकुम झा ने बताया कि स्कूल से बच्चे को लाने के लिए सगुना मोड़ के आरके पुरम के पास गई थी। बच्चे को लेकर घर लौट रही थी। इस बीच बाइक सवार दो बदमाश मेरे पास आए और गले से मंगलसूत्र छीनकर भागने लगा। अचानक मेरे साथ हुई इस घटना से वह और उनका बच्चा सड़क पर गिर पड़े। लेकिन भाग रहे बदमाशों की बाइक में पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे बदमाश सड़क पर गिर पड़े। और आसपास के मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान हाजीपुर का राहुल प्रसाद और सन्नी प्रसाद के रूप में हुई है। इस संबंध में एएसपी दीक्षा ने बताया की बदमाशों की बाइक और एक मोबाइल जब्त की गई है। महिला के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शिव पुराण कथा में जुटे भक्त

पटना सिटी (प्राकि)। महाशिवरात्रि को समर्पित शिव पुराण कथा गंगा दर्शन समिति की ओर से दीवान मुहल्ला सीढ़ी घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में हुई। धार्मिक पूजनोत्सव के बाद गंगोत्री धाम से आए आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने कथा कही। इस दौरान उनके द्वारा साधना व सेवा की भक्ति को रेखांकित किया गया। कथा का समापन सात मार्च को होगा। आयोजन को लेकर अनिल श्रीवास्तव, सुदामा प्रसाद सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, प्रियदर्शी शेखर टनटन, आरके मिश्र, संजय यादव, अरविंद जायसवाल, नरेश यादव, मुकुल कुमार, जयप्रकाश राय, लल्लू राय, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

दानापुर मे पुलिस दिवस मनाया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत बिहार पुलिस दिवस पर थाना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दानापुर में कार्यक्रम का शुभारंभ एएसपी दीक्षा व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें पुलिस पदाधिकारी व कर्मियो को मुख्यालय के निर्देश के पालन करने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान एएसपी दीक्षा ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियो को सम्मानित किया। सम्मान पाने वालो में सेवानिवृत नगेन्द्र सिंह विजय कुमार सिंह व जमादार यदु राय शामिल थे। उधर शाहपुर थाना में थानाध्यक्ष मनीष आनंद रूपसपुर थाना में थानाध्यक्ष रण विजय कुमार एवं खगौल थाना में थानाध्यक्ष सुनील कुमार एवं रेल थाना दानापुर में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहार पुलिस दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार पुलिस के पांच प्रण का शपथ पुलिस पदाधिकारी व कर्मियो को दिलाये गये। इसके साथ ही सेवानिृवत पुलिस पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। साथ ही खगौल नगर परिषद के अध्यक्ष सुजीत कुमार को भी सम्मानित किया गया।

पटना में पुरुषोत्तम श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्म महामहोत्सव का 3 मार्च को आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः 03 मार्च 2024 रोज रविवार को होने वाले युग पुरुषोत्तम परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी का शुभ 136वां जन्म महामहोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रेसवार्ता का आयोजन कंकड़बाग स्थित ह्यसत्संग विहारह्व पटना में आयोजित किया गया। प्रेसवार्ता को सत्संग विहार पटना के संयोजक प्रति ऋत्विक श्री नारायण प्रसाद, सह संयोजक एवम् प्रभारी श्री ओमप्रकाश दा, कार्यालय प्रभारी श्री अमरेंद्र शरण तथा मीडिया प्रभारी डॉ संदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से संबोधित किया गया। आगामी महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए नारायण प्रसाद ने बताया कि कंकड़बाग पटना स्थित श्रीमंदिर के अलावे इस बार मुख्य कार्यक्रम स्थल के रूप मे श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल को चयनित किया गया है। महानगर के बीचोबीच होने के कारण प्रदेश भर से आने वाले हजारों भक्तों की सविधा को देखकर आयोजन समिति के द्वारा सभी प्रमुख कार्यक्रम श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में करवाने का निर्णय हुआ। आयोजन प्रभारी ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव तिथि रोज रविवार को उत्सव का कार्यक्रम ब्रह्ममुहूर्त मे शुरू होकर पुरे दिन चलेगा। कार्यक्रमों में उषा कीर्तन, सुबह 5:35 बजे प्रातः कालीन प्रार्थना, 10 बजे पूर्वा० से 11:30 बजे तक युवा कार्यक्रम तथा उसके बाद धर्म सभा का आयोजन पूर्वा० 11:30 बजे से अपरा० 2:30 बजे तक चलेगा। मीडिया प्रभारी डॉ संदीप ने कहा कि वर्तमान समय मे पुरे विश्व मे व्यापत दैहिक दैविक तथा भौतिक रोगों के सहज समाधान को तलाशने हेतु श्री श्री ठाकुर की भावधारा पर आयोजित चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन दिन के 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जायेगा। जिसमे देश भर के प्रख्यात चिकित्सक अपने अनुभवओं को साझा करेंगे। कार्यक्रम के अगले चरण मे मातृ सम्मेलन का आयोजन शाम 4:00 बजे से 5:45 बजे तक किया जायेगा। पुनः 5:55 बजे अपरा० मे सामूहिक प्रार्थना एवम् तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। महोत्सव स्थल पर ही 2:00 बजे से सभी आगंतुक श्रधालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गयी है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि इस महोत्सव मे धर्माम्बिलयों के अलावे राजनीति, समाजसेवा, चिकित्सा, विधिक शिक्षा, कला एवम् अन्य तमाम प्रमुख क्षेत्रों की हस्तियाँ शामिल होकर श्री श्री ठाकुर के सानिध्य का लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति की ओर से तमाम जनमानस को श्री श्री ठाकुर के इस महामहोत्सव मे सम्मिलित होकर उनकी भावधारा को जानकर तथा उसे अपने जीवन मे अपनाकर जीवन को सुंदर एवम् सभी क्षेत्रों में उर्धमुखी बनाने हेतु निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अर्जुन कुमार, राकेश भार्गव, आशीष रंजन, आराध्या, आदित्य, आनंद, समृद्ध, सलोनी, शिवम, दीपक, राजेंद्र, संतोष, डीएन दास, सुनील, बलराम, अमरनाथ, सुभाष, प्रमोद शरण, उदय मिश्रा, गौतम, शैलेंद्र, हरेंद्र, लोकबर्धन गुप्ता, जनक प्रसाद, जय किशन, पप्पु कुमार इत्यादि लगे हुए है।

टोलियों ने जनसंपर्क कर शिवरात्रि शोभायात्रा में शामिल होने का दिया आमंत्रण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को निकलने वाली शिव बारात शोभायात्रा के लिए विभिन्न मोहल्ले में अलग-अलग टोलियों ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इससे पहले श्री बड़ी पटनदेवी एवं गड़हा मंदिर पहुंच कर माता जी को आमंत्रण कार्ड समर्पित कर आशीष लिया गया। जनसंपर्क अभियान खाजेकलां, मच्छरहट्टा, चौक, नई सड़क, दीदारगंज, रिकाबगंज, कटरा बाजार आदि मोहल्ले में संयोजक राजेश साह, उपाध्यक्ष विनय केसरी, दिलीप चौधरी, टिंकू राउत, मुकेश अग्रहरि, सुरेश सिंह पटेल, राजू चंद्रवंशी, हरेंद्र यादव, जयकृष्ण प्रसाद, उदय यादव, किशोरी प्रसाद, संतोष जायसवाल, राजेश यादव, धीरेंद्र सिंह, लल्लू शर्मा, शाह कमल कृष्ण और अजय कुमार के नेतृत्व में चलाकर शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। लोगों से अपने-अपने मोहल्ले से कीर्तन मंडली और झांकियों के साथ अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया गया। शोभायात्रा आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर सिमली स्थित प्राचीन शिव मंदिर से निकलेगी, अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर तक जाएगी।

धन्यवाद सम्मेलन कल

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा डॉ भीम सिंह को राज्यसभा का सांसद बनाए जाने पर प्रसन्नता जताई गई है। एक मार्च को रविंद्र भवन में आयोजित चंद्रवंशी धन्यवाद सम्मेलन की तैयारी के लिए चंद्रवंशी चेतना मंच के द्वारा अरुण स्टार चंद्रवंशी के नेतृत्व में अनेक बैठक की गई। इस दौरान सघन जनसंपर्क चलाकर लोगों से एक मार्च को रविंद्र भवन पहुंचने की अपील की गई है। आयोजन में अमनदीप, दीपक सिंह चंद्रवंशी, पूर्व वार्ड पार्षद लल्लू शर्मा, गौतम कुमार, सुनील प्रसाद, शिव शक्ति कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद आदि शामिल थे।

विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर, नगर के अंतर्गत बुधवार को चाँदमारी स्थित क्रिस्टोफर पब्लिक स्कूल में, विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बद-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रतिमा देखकर बड़े भी दंग रह गए। छात्र-छात्रओं के द्वारा मंगलमान, भर्मल पावर प्लांट, ड्रोन, वाटर प्यूरिफिकेशन, मानव निम्नलिखित रोबोट का मॉडल पेश किया गया। इस दौरान बच्चों ने लजीज व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया जिसका छात्र- छात्राओं और अभिभावकों ने लुत्फ उठाया। विज्ञान प्रदर्शनी में आरूषि, हर्षरंजन, ममता, नीलाबी, आदित्य, आर्यन, आंशिक के उत्कृष्ट, मॉडल को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विधालय के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह ने प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। क्रार्यक्रम में स्कूल के निदेशक आकाश कुमार समेत तमाम शिक्षकगण मौजूद थे।

राजनीतिक व्यवस्था को तहस-नहस कर रही है भाजपा : माले

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि भाजपा ने देश की राजनीतिक व्यवस्था को तहस-नहस कर रही है। विपक्षी विधायकों की खरीद-फरोख्त, ईडी-सीबीआई के जरिए डराकर विपक्षी विधायकों को अपने पक्ष में कर लेने की कार्रवाइयों को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि भाजपा आजादी के बाद देश में कायम लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की दिशा में बढ़ रही है। नैतिकता व मूल्यों की बात करने वाली भाजपा के लिए चुनाव जीतना ही आज सबसे बड़ा एजेंडा है और इसके लिए वह किसी भी अनैतिक स्तर तक गिर सकती है। विपक्ष की सरकारों को गिराने के लिए वह सारे धतकर्म कर रही है, इलेक्टोरल बॉन्ड से प्राप्त पैसा से विधायकों-सांसदों को खरीद रही है। धनबल व तंत्रबल के दम पर विपक्ष को तोड़ रही है। यहां तक कि मेयर के चुनाव में भी वह घोर धांधली पर उतर आई है। बिहार में भी भाजपा ने कांग्रेस व राजद के विधायकों को तोड़कर उसी अनैतिकता का परिचय दिया है। बिहार की जनता इसका माकूल जवाब देगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में 3 मार्च की जन विश्वास रैली की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। गांव-गांव में जन संवाद यात्रायें व नुक्कड़ सभाएं चल रही हैं। सांस्कृतिक टीम के साथ माले नेता शहर के विभिन्न इलाकों में प्रचार करेंगे और तमाम न्यायपसंद नागरिकों से 3 मार्च की रैली में व्यापक पैमाने पर शामिल होने की अपील करेंगे।

भाई अरुण के जन्म दिन पर राजद कार्यालय में कटा केक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार 54 वर्ष के हो गये। इनके जन्म दिवस के अवसर पर कमला नेहरू नगर में झुग्गी झोपड़ी में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के बीच चॉकलेट एवं कॉपी का वितरण किया। वहीं, गरीब बच्चों के बीच भी काटा गया। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी एवं श्याम रजक की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यालय में युवा राजद द्वारा केक काटा गया। इस मौके पर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, प्रदेश महासचिव बली यादव, निर्भय अंबेडकर, फैयाज आलम, प्रवक्ता मधु मंजरी, विक्रांत यादव, मनोज यादव, विमल यादव, अर्चना यादव, जेम्स कुमार यादव, संजय यादव, मुकेश यादव समेत अन्य पार्टी कार्यकताओं एवं नेताओं ने भाई अरूण को जन्मदिन की बधाई दी

प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत : लोजपा रा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। लोजपा रा के उद्यमी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप रजक ने संवदाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट जो पार्टी का विजन है, उसके आधार पर बिहार को फर्स्ट बनाने के लिए जरूरी है कि लघु उद्योग, कुटीर उद्योग का जाल पूरे बिहार में बिछे। बिहार से रोजगार के तलाश में सबसे ज्यादा लोग पलायण करके दूसरे प्रदेशों में जाते है। दूसरे प्रदेशों में जाकर रोजगार तलाशते है और काम करते है। उन्हे अपमानित होना पड़ता है। बिहारी कहकर प्रताड़ित किया जाता है।

उद्यमी योजना के गठन से बिहार के प्रत्येक जिलों में केन्द्र सरकार के द्वारा घोषित उद्योग लगाने के कार्यक्रम को घर-घर तक पहुचाया जायेगा। प्रत्येक जिलो में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत शिल्पीयों और कामगारों को रोजगार से जोड़कर उनका उद्योग लगाया जायेगा। बिहार में सबसे ज्यादा बेरोजगारी रेट 4 प्रतिशत है, जबकि दूसरे प्रदेशें में 3 प्रतिशत है। इस रेट को कम करने में इस कार्यक्रम से मदद मिलेगा। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने बताया कि प्रेस संवदाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानन्द शर्मा, प्रदेश महासचिव संजीव श्रीवास्तव, दिनेश पासवान, अतिपिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, युवा पटना महानगर कुन्दन सिंह यादव और मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार मौजूद थे।

राज्यपाल और सीएम ने निर्वाण दिवस पर देशरत्न को किया नमन

प्रथम राष्ट्रपति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 61वें निर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्र ने शत-शत नमन किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। पटना में देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 61वें निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह महाप्रयाण घाट (बांस घाट) स्थित उनके समाधि के निकट आयोजित की गई, जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समाधि की परिक्रमा कर उन्हें नमन भी किया। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की ओर से बिहार के राज्यपाल के परिसहाय, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से अपर जिला दंडाधिकारी पटना, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आयुक्त पटना प्रमण्डल ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री एवं विधायक शीला कुमारी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत-शत्त नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पटना प्रमण्डल के आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ चन्द्रषेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना राजीव मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहार सैन्य पुलिस द्वारा शोक सलामी दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर तमाम उपस्थित लोगों ने देशरत्न को याद किया एवं उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 61वें निर्वाण दिवस के अवसर पर उनकी समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। इस अवसर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व दोनों उप मुख्यमंत्री रहें मौजूद।

विभाग से जुड़े सभी लंबित कार्यों को ससमय पूरा करें : मंत्री

आपदा प्रबंधन मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डा प्रेम कुमार ने बुधवार को विभागीय कार्यालय में विभाग के कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मंत्री को बताया गया कि करीब 100 बाढ़ आश्रय स्थल निर्माण हेतु कुल 83.01 करोड़ की राशि भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में 10 जिलों में कुल 82 बाढ़ आश्रय स्थल का निर्माण हो चुका है शेष पर कार्य प्रक्रियाधीन है। डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी रिस्पांस फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा कुल 117.28 करोड़ की राशि भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में संबंधित जिले में कार्य भवन निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा है। इस पर मंत्री ने गुरूवार को भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधि को विस्तृत प्रतिवेदन के साथ बैठक में आमंत्रित करने का निर्देश दिया। एसडीआरएफ वाहनी में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति - वर्तमान में कुल 650 विभिन्न मानव बल की प्रतिनियुक्ति की जानी है इस विषय पर मंत्री ने डीजीपी बिहार को स्मारित करने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक /गैर प्राकृतिक आपदाओं में सभी जिलों को विभिन्न मदो में राशि आवंटित किया गया है। मंत्री ने सभी जिलों से व्यय से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्देश साथ ही अनुग्रह राशि के भुगतान की स्थिति एवं लाभुको का नाम एवं पता की सूची संबंधित जिला पदाधिकारी से प्राप्त करने के निर्देश। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सभी लंबित कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

सीएम नीतीश के कार्यों को गांव गांव तक पहुंचाना है : उमेश

- जदयू जिला प्रभारियों की ऑनलाईन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने दिए कई निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला प्रभरियों की ऑनलाईन बैठक हुई। मंच का संचालन प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ लेवल पर संगठन को सशक्त और धारदार बनाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा की जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत अध्यक्षों के सहयोग से ससमय सात सदस्यीय बूथ कमिटी का गठन करें। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने साफतौर पर निर्देश दिये कि बूथ कमिटी में पार्टी के प्रति समर्पित युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही स्थानीय स्तर पर सामाजिक समीकरण को भी विशेषतौर पर ध्यान में रखने की बात कही गई। बूथ कमिटी में दो बीएलए और दो पोलिंग एजेंट रहेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि बूथ कमिटी, पंचायत इकाई एवं प्रखंड इकाई के सशक्त होने से पार्टी स्वतः सशक्त हो जाएगी और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य जो हमनें निर्धारित किया है वह पूर्ण होगा। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने निर्देश दिया कि आपसी समन्वय को मजबूत बनाने के लिए पार्टी के साथियों का प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर व्हाट्सप्प ग्रुप तैयार किए जाएं, जिसमे पार्टी के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी के अध्यक्ष शामिल रहेंगे। आगे उनहोंने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने के लिए हमें अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा की नीतीश सरकार के उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त है, हमें अपने नेता के 18 साल के कार्यों को गाँव एंव टोलों तक पहुंचाना है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा एवं रणविजय कुमार मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों को मंडी का सामान समझती है भाजपा : अखिलेश

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विधान सभा अध्यक्ष से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने शीर्ष नेतृत्व के साथ बुधवार को विधान सभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव से मिलकर अपने दोनों विधायकों पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम एवं विक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ की विधान सभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की। इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व ने एक ज्ञापन भी विधान सभा अध्यक्ष को सौंपा। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए डा सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक विशाल और देश की सबसे पुरानी पार्टी है। इस तरह की घटना का कोई असर नहीं पड़ने वाला लेकिन इतना जरूर हुआ है कि भाजपा का करतूत भी उजागर हुआ। लोग जानते हैं कि भाजपा जनप्रतिनिधियों को मंडी का सामान समझती है और बार-बार इसको साबित भी करती है। यह सब जानते हैं कि भाजपा है तो खरीद-फरोख्त करेगी ही। सत्ता भोगने के लिए दूसरे दलों को तोड़ना और प्रजातंत्र का मजाक उड़ना भाजपा की पहचान बन चुकी है। सच तो ये है कि अगर भाजपा

बहुमत पाने में पिछड़ी तो मंडी सजेगी और तांडव होगा। मोदी की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में देश ने यही अनुभव किया है। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता शकील अहमद खान, पार्टी के मुख्य सचेतक राजेश कुमार, डा मदन मोहन झा, विधायक विजय शंकर दूबे, अजित शर्मा, अफाक आलम, आनन्द शंकर, मुन्ना तिवारी, बिजेन्द्र चैधरी, अजय कुमार सिंह, इजहारूल हुसेन, संतोष मिश्रा एवं समीर कुमार सिंह शामिल थे।

पंकज उधास व छोटू पांडेय के निधन पर शोक सभा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कला संस्कृति प्रकोष्ठ भाजपा पटना महानगर के द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय में गजल गायक पंकज उधास के निधन तथा भोजपुरी फिल्म अभिनेता छोटू पांडेय सहित 9 कलाकोरों की सड़क हादसे में हुई मृत्यु पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र पटेल कला संस्कृति प्रकोष्ठ भाजपा पटना महानगर के संयोजक मिथुन कुमार, सह संयोजक रुपेश रंजन सिन्हा, सोशल मीडिया मुख्यालय प्रभारी सतीश कुमार दास, बीरेंद्र चंद्रवंशी नमो प्रभारी भाजयुमो उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह शुभम राज परिक्रमा सारथी, पंकज सोनी, विनीत झा, मो. सिराजुद्दीन ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर मृतात्मा की शांति व इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने हेतु दो मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मंत्री प्रेम कुमार ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व पंकज उधास एक कुशल गजल गायक के रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनायी थी उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। स्व पंकज उधास ने कई फिल्मों में भी गायक के रूप में अपनी आवाज दी। उनकी आवाज लोगों के दिलों पर राज करती रहेगी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–12 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	S/R to cow shed in the campus of Residence No.13M at Strand Road, Patna	1030733.00	20700.00	2500.00	02 माह
2	Provision of covid room near canteen building of Hon'ble High Court, Patna	450858.00	9100.00	750.00	02 माह
3	Repair of PCC work near portico in Centenary building of Hon'ble High Court, Patna	161149.00	3300.00	500.00	02 माह
4	S/R to round shape hut in east side of garden in the campus of Judges Residence no. 9 at Circular Road, Patna	1071349.00	21500.00	2500.00	02 माह
5	S/R to walking track and kerb stone both side of track in the campus of Residence no. 2 at Anney marg, Patna (Change of occupancy)	672420.00	13500.00	1250.00	02 माह
6	S/R to raising of compound wall with durashine sheet in residence no. 02 at Anney marg, Patna (Change of occupancy)	713410.00	14300.00	1250.00	02 माह
7	S/R to outer portion of main building in residence no. 26B at Harding Road, Patna (Change of occupancy) (Occupied by Registrar (Establishment) Shahab Kausar)	1496700.00	30000.00	2500.00	02 माह
8	Repairing and painting of Patna High Court garrage in the campus of Hon'ble High Court, Patna	176831.00	3600.00	500.00	02 माह
9	Repairing & Painting of verandah & corridor of 4 court & 8 chmaber (G.F.+F.F) in the north side of Annexy building in the main building of Hon'ble High Court, Patna	675600.00	13600.00	1250.00	02 माह
10	Repairing & painting, marble polishing of corridor & verandah of Registrar list of Hon'ble Chief Justice to middle portico of east side of main building (G.F) of Hon'ble High Court, Patna	608500.00	12200.00	1250.00	02 माह
11	Provision of paver block of pedestrian of gate no. 03 to gate no. 04 of the court in both the flanks (south side) of Hon'ble High Court, Patna	755200.00	15200.00	1250.00	02 माह
12	S/R to APP roof treatment, portico, garrage and other works in the campus of residence no. 17/M Strand Road, Patna (Change of occupancy)	1297577.00	26000.00	2500.00	02 माह
13	S/R to Repairing & Painting of main building and compound wall in Residence no. 08 at Harding Road, Patna (Change of Occupancy)	1415740.00	28400.00	2500.00	02 माह
14	S/R to extension of kitchen in Residence no. 08 at Harding Road, Patna (Change of Occupancy)	1471792.00	29500.00	2500.00	02 माह
15	S/R to inner portion of main building in residence no. 26B at Harding Road, Patna (Change of occupancy) (Occupied by Registrar (Establishment) Shahab Kausar)	1497300.00	30000.00	2500.00	02 माह
16	S/R to outer surface of main building, out house and compund wall in residence no. 15M at Strand Road, Patna (occupied by Hon'ble Justice Khatim Raza) (Change of occupancy)	939600.00	18800.00	1250.00	02 माह
17	S/R to inner surface of main building in residence no. 15M at Strand Road, Patna (occupied by Hon'ble Justice Khatim Raza) (Change of occupancy)	506500.00	10200.00	1250.00	02 माह
18	S/R to UPVC window in main building of Residence no. 20/M at Strand Road, Patna (Change of Occupancy)	805900.00	16200.00	1250.00	02 माह
19	Cleaning of entire area behind Court officer's residence & dismantling of boundary wall & removal iron pillar of parking shed near 2nd Administrative buillding of Hon'ble High Court, Patna	201900.00	4100.00	500.00	02 माह
20	Repairing of drain of old A.G building to Judges Lounge of Hon'ble High Court, Patna	76700.00	1600.00	500.00	02 माह
21	S/R to Garden Hut and other works in Hon'ble Justice Residence No. 14 at Bailey Road, Patna	1276200.00	25600.00	2500.00	02 माह
22	S/R to inner portion of 1st Floor, outer surface and chajja work in main building of Residence No. 14 at Bailey Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy)	860600.00	17300.00	1250.00	02 माह
23	S/R to campus development in east and north side of Residence no. 09 at Circular Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence)	654280.00	13100.00	1250.00	02 माह
24	S/R to campus development in south and west side of Residence no. 09 at Circular Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence)	874070.00	17500.00	1250.00	02 माह
25	S/R to shed work and grill work etc in Residence no. 14M Strand Road, Patna	634735.00	12700.00	1250.00	02 माह

निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

PR. No. 018218 (BCD) 2023-24

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

महाशिवरात्रि पर 29 स्थानों से निकलेंगी शोभा यात्राएं

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री उतारेंगे शिव-बारात झांकियों की आरती
- खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में होगा मुख्य समारोह
- केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री करेंगे शिरकत
- शिव विवाह रथ को मंत्री प्रेम कुमार ने दिखाई झंडी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पिछले छह वर्षों की तरह इस वर्ष भी 8 मार्च को श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से 29 शोभा यात्राएं और शिव-बारात झांकियां निकाली जाएंगी। मुख्य समारोह खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में होगा जहां शोभा यात्राओं के स्वागत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या,तांडव नृत्य, गंगा आरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में सूबे के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्र व राज्य सरकार के कई मंत्री, धमार्चार्य और समाज के प्रबुद्ध जन भाग लेंगे और शोभा यात्राओं के अभिनंदन के साथ झांकियों की आरती उतारेंगे। यह जानकारी बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में समिति के संयोजक सह विधायक डॉ संजीव चौरसिया ने दी। इस दौरान राज्य सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने दो शिव विवाह रथों को झंडी दिखाकर रवाना किया। ऐसे कई रथ पूरे पटना में महोत्सव का प्रचार करेंगे। मंत्री ने समिति की स्मारिका और कैलेंडर-पोस्टर का भी लोकार्पण किया।

तैयारियों का दिया जा रहा अंतिम रूप :

डॉ. चौरसिया ने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बेली रोड, वीरचंद पटेल पथ और गंगा पथ पर बड़ी-बड़ी शिव पताकाएं लगाई गई हैं। जिन मुहल्लों से शोभा यात्राएं निकलेंगी, उनका रूट चार्ट तैयार है। जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को झंडों से पाटा जा रहा है। मुख्य समारोह स्थल, खाजपुरा शिव मंदिर परिसर को रंगीन बल्बों से सजाया जाएगा। इस बार दिव्य काशी भव्य काशी और अयोध्या का राम मंदिर की थीम पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कई मंदिरों में शिव चर्चा कराने की भी तैयारी है। माहौल को शिवमय बनाने और शिव-बारात में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु भाग ले सकें, इसके लिए समिति के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क व जागरण अभियान चला रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के सदस्य विवेक सिन्हा,जयप्रकाश (पुनील जी) पंकज कुमार, अभय कुमार सिंह भी मौजूद थे। मालूम हो, पिछले साल महाशिवरात्रि पर 26 स्थानों से शोभा यात्राएं निकाली गई थीं।

महाशिवरात्रि महोत्सव के मुख्य आकर्षण

29 स्थानों से शोभा यात्राएं व शिव-बारात झांकियां निकलेंगी

सूबे के राज्यपाल और मुख्यमंत्री झांकियों की उतारेंगे आरती

यहां मुख्य मंच के अलावा दो और मंच तैयार किए जाएंगे

भजन संध्या, तांडव नृत्य, गंगा आरती व महाप्रसाद वितरण

शोभा यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं पर की जाएगी पुष्प वर्षा

जन विश्वास यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन : राजद

जन-विश्वास महारैली परिवर्तनकारी कदम होगा : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे राज्य भर के हर जिला में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के जन-विश्वास यात्रा को जिस तरह से समर्थन और आमजनों का विश्वास मिल रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि नौकरी और रोजगार परक सोच तथा सकारात्मक राजनीति को हर लोग पसंद कर रहे हैं, और इसे व्यापक समर्थन भी मिल रहा है। नेताओं ने कहा कि जनता के हित में किए गए कार्यों, नौकरी, रोजगार तथा जातीय गणना पर न सिर्फ चर्चा हो रही है बल्कि उसपर जनता का विश्वास और समर्थन भी दिख रहा है। नेताओ ने कहा कि भाजपा और जनता दल यू के बयानवीर नेताओं को बिहार की जनता का स्पष्ट संदेश है की अनर्गल प्रलाप और बयान वीर बनने से राजनीति में जनता के समर्थन का आयाम नहीं होता है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज ने आगे कहा कि 03 मार्च को पटना के गांधी मैदान में जन- विश्वास महारैली में जिस तरह से पूरे राज्य भर से लाखों -लाख लोग आ रहे हैं उसके कारण बेचैनी और बौखलाहट में भाजपा के और जदयू के लोग हैं। कहा कि बिहार में मुद्दा है 17 महीना बनाम 17 साल के कार्यों का। नौजवानों को नौकरी व रोजगार देकर तेजस्वी ने भविष्य को मुस्कुराने और आगे बढ़ने का मौका दिया है। उसका व्यापक पैमाने पर आम जन का समर्थन मिल रहा है। एजाज ने आगे बताया कि महारैली के प्रचार प्रसार और जनता के मुद्दों को हर घर तक पहुंचाने के लिए पटना सहित राज्य के हर जिला में जनसंपर्क अभियान और प्रचार प्रसार का कार्य सभी नेता और कार्यकताओं के द्वारा किया जा रहा है और हर घर तक जन -विश्वास महारैली का पैगाम पहुंचाया जा रहा है।

रविभूषण प्रसाद उर्फ डब्लू यादव जदयू में हुए शामिल

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पातेपुर प्रखंड के प्रखर समाजसेवी रविभूषण प्रसाद उर्फ डब्लू यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविभूषण प्रसाद को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पार्टी की नेता रश्मिलता, रणविजय कुमार और वासुदेव कुशवाहा भी मौजूद थे। इस मौके पर रविभूषण प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

मोदी सरकार जो संकल्प लेती है उसे पूरा करती है : सम्राट

भाजपा ने विकसित भारत- मोदी की गारंटी और संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत की

- जनता विकास के गवाह नहीं भगीदार बने : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश भाजपा ने बुधवार को संकल्प पत्र सुझाव अभियान और विकसित भारत-मोदी गारंटी अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के लोगों से संकल्प पत्र के लिए और विकसित भारत के लिए सुझाव देने का आह्वान किया। इस मौके पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर श्री चौधरी कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी है और इसी विकसित भारत के लिए भाजपा संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र बनाने जा रही है। भाजपा पहली ऐसी सरकार है जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह जानकर सबको आश्चर्य होगा कि 2014 से 2019 तक 530 संकल्प पत्र में मुद्दे रखे गए थे जिसमे से 529 मुद्दे पूरे किए गए जबकि 2019 से 2024 तक 234 स्नकल्पों में से 222 मुद्दों को पूरा किया गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व ऐसा नेतृत्व है जो कमिटमेंट करता है, उसे पूरा भी करती है। उन्होंने लोगों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि मंडलों तक में यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अन्य पार्टियों को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें हिम्मत है तो संकल्प पत्र के साथ बैठे और बहस कर लें। भाजपा की सरकार ने 99 फीसदी संकल्प पत्र के मुद्दों को पूरा किया है। मोदी है तो गारंटी है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि देश का नेतृत्वकर्ता ऐसा व्यक्ति है जिसकी कथनी और करनी एक है। आज इस संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांग कर कर्तव्यबोध के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सुझाव देने का आह्वान करते हुए कहा कि आज अधिकार के साथ कर्तव्य का वहन करना भी जरूरी है। आज देश के पास चमत्कारिक नेतृत्व है इसलिए केवल विकसित भारत बनने में गवाह नहीं भागीदार की भूमिका भी निभाई होगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद भीम सिंह, पूर्व मंत्री नीतीश मिश्रा और गुरु प्रकाश भी उपस्थित रहे।

खेला करने वालों का खत्म हो चुका है खेल: अंजुम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू ने राजद व कांग्रेस पर तंज कसा है। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा है कि जिन दल के नेताओं ने राज्य सरकार के बहुमत के दौरान खेला करने का दावा किया उन दलों के साथ ही उनके विधायकों ने खेला कर दिया। प्रलोभन देकर दूसरे दलों के विधायकों को तोड़ने का दावा करने वाले ऐसे दलों के विधायकों का टूटना ये दिखाता है कि इन विधायकों का अपनी पार्टियों पर से भरोसा उठ चुका है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जो लोग खिलाड़ी बनते थे उनका खेल अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की नाकामी के कारण विपक्षी दलों के विधायक पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में प्रदेश विकास की नई गाथा लिख रहा है। सात निश्चय पार्ट टू योजना के तहत लाखों युवाओं को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की जनता आरजेडी और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को भली भांति जान रही है और देख रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता इन दोनों दलों को माकूल जवाब देगी।

भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2023–24

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मो/कम्पनियों से दिनांक 07.03.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेशन राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य की विवरणी:–

क्र0सं0	कार्य का नाम/विशिष्टियां	मात्रा	ईकाई	उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में)
(A)	Name of Work:- S/R to W/S, S/I and S/S of Officer's Flat with office in the campus of Hon'ble Chief Justice at 154 Chajjubagh, Patna			
(B)	Name of Work:- Construction of Toilet & Bathroom for staff at Hon'ble C.J. Residential campus 154 Chajjubagh, Patna (10 Units)			
(C)	Name of Work:- S/R to water supply and sewerage system at Hon'ble Judges Residence no. 9 Circular Road, Patna			
(D)	Name of Work:- S/R to fountain at Hon'ble Judges Residence no. 03 Anney Marg and 24 Harding Road, Patna			
(E)	Name of Work:- S/R to Water supply, sanitary installation and Sewerage system at out house of Hon'ble Judges residence no. 3 Anney Marg, Patna			
(F)	Name of Work:- S/R to Water supply, sanitary installation and Sewerage system at out house of Hon'ble Judges residence no. 5 & 9 Strand Road, and 37 Harding Road, Patna			
(G)	Name of Work:- S/R to W/S, S/I and S/S at Hon'ble Judges Residence No. 11 Circular Road, Patna			
(H)	Name of Work:- S/R to water supply, sanitary installation and sewerage system at Learned Registrar Genral Residence no. 8 at Harding Road, Patna			
(I)	Name of Work : Repairing of damaged iron pillars fitted in the existing portico of the centenary building of Hon'ble High Court, Patna			
(J)	Name of Work : Repairing & covering of entire furniture lying in the eastern side verandah at 1st floor at Judges library by plastic sheet in the main building of Hon'ble High Court, Patna			

PR. No. 018396 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संक्षिप्त खबरें

युवा सांसद कार्यक्रम का आयोजन 5 मार्च को

मुजफ्फरपुर। जिला स्तरीय युवा सांसद कार्यक्रम से संबंधित बैठक उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में की गयी। जिला स्तर पर 5 मार्च को डी.आर.सी.सी. में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में सभी प्रखण्ड से युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम के अन्तर्गत नारी शक्ति पर व्याख्यान होगा। साथ ही मॉक सांसद का आयोजन होगा, जिसमें 2 स्थानीय मुद्दे पर परिचर्चा होगी। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम और ए.ई.एस. पर मॉक सांसद में चर्चा-परिचर्चा होगी। सभी आवश्यक तैयारी करने का निदेश पदाधिकारियों को दिया गया। नगर निगम, मोबाइल ट्वॉयलेट एवं साफ-सफाई की व्यवस्था करेंगे। वहीं पी.एच.ई.डी. पानी टैंकर की व्यवस्था करेंगे। बैठक में जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दिनेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्य प्रिय कुमार, नेहरु युवा केन्द्र के रश्मि कुमारी उपस्थित थे।

अज्ञात महिला का शव पाए जाने से सनसनी

बोचहां गरहां थाना अंतर्गत रामपुर जयपाल पंचायत के सुनसान जगह से गरहां पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। इस महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है शिनाख्त के लिए महिला का शव पोस्टमार्टम गृह में रखा गया है। शिनाख्त न होने से महिला की हत्या की गुत्थी उलझी हुई है। बुधवार दोपहर के समय पुलिस को रामपुर जयपाल के सिंघेला चौर में मक्के की खेत में महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली। प्रभारी थाना अध्यक्ष विजयकांत ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। उन्होंने बताया कि मक्के के खेत में महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली है, मृतका के गले पर जख्म के निशान मिले हैं। देखने से लगता है कि उसकी हत्या कर शव को मक्के की खेत में फेक दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। इस दौरान शव के शिनाख्त की कोशिशें की जा रही हैं।

प्रखंड प्रमुख के निर्वाचन हेतु 5 मार्च को होगी बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड प्रमुख के निर्वाचन हेतु 5 मार्च को बैठक बुलाई गई है। यह बैठक अनुमंडल मुख्यालय रोसड़ा में अनुमंडल सभागार में होगी। उक्त बात की जानकारी पत्र निर्गत कर रोसरा निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली 2006 के नियम के नियम 87 उपनियम (1) के अधीन अध्यादेश की धारा 15/93/40/67 के अधीन प्रमुख के निर्वाचन के लिए पंचायत समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसमें पंचायत समिति को भाग लेने की बात कही गई है।

उप प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु 7 मार्च को होगी बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर उप प्रमुख सुजीत कुमार पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु 7 मार्च को बैठक बुलाई गई है। यह बैठक प्रखंड परिसर स्थित पंचायत समिति भवन के प्रांगण में होगा। बैठक की जानकारी पत्र निर्गत कर कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दी है। सभी पंचायत समिति सदस्यों को पत्र भेजकर बैठक में भाग लेने की अपील की है।

बाइक सवार बदमाशों ने महिला से झपटे 60 हजार रुपए

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के राजाजान के सिमर ढाला के पास बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार की दोपहर ब्रह्मपुरा की एक महिला से साठ हजार रुपए झपट लिए। इसे लेकर पीड़िता कृष्णा देवी ने बुधवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि सीबीआई की मदुदाबाद शाखा से ऋण की 60 हजार रुपए की राशि निकासी के बाद घर जा रही थी। इसी बीच सिमर ढाला के पास पहुंचते ही एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने पॉलीथीन में रखे रुपए व अन्य कागजात झपट लिए। इधर, पुलिस घटना को लेकर छानबीन में जुट गई है।

जन विश्वास रैली में भाग लेने का लिया निर्णय

विभूतिपुर भाकपा माले की बैठक में 3 मार्च को प्रस्तावित पटना में आई एन डी आई ए गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ को लेकर जन विश्वास रैली में भाग लेने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता उमेश चंद्र साह एवं परविक्षण जिला सचिव उमेश कुमार कर रहे थे। बैठक में प्रखंड सचिव अजय कुमार, किसान नेता ललन कुमार, रंजीत कुमार, महेश कुमार, शंभू राय, नंदकुमार, अमरजीत यादव, अजीत कुमार, रामकुमार चौरसिया, दिलीप सहनी, कपिल कुमार महतो, शोभा कांत राय, मनोज कुमार, तेज नारायण सिंह, ललित पासवान, राम नारायण महतो, प्रेमचंद महतो, रामविलास साह, रामबली महतो, दिलीप कुमार, सुरेंद्र पासवान, मनोज कुमार, सरोज ठाकुर, कलयुग पासवान, सोनू झा, अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत 2 मार्च से, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र लाभार्थी, परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थी नहीं हैं, को प्रति परिवार प्रति वर्ष पाँच लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत दी गयी है। इस बावत जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में संबंधित के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि 02 मार्च से इसकी शुरूआत होगी। उक्त प्रथम तिथि को 2.50 लाख लोगों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए कार्य योजना बनाते हुए मिशन मोड में काम करने का निदेश सिविल सर्जन एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। जिले में 2433 पी.डी. एस.डीलर हैं, जबकि 318 कॉमन सर्विस सेन्टर कार्यशील है। रोस्टर बनाकर पंचायतवार सभी राशन कार्ड धारक/परिवार का स्वास्थ्य बीमा कार्ड बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने डीलर के साथ-साथ आगनबाड़ी, आशा की भी आवश्यक सहयोग लेने का निदेश दिया। प्रखण्डों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित होने के बाद बचे हुए लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुए इसका संचालन आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ एकीकृत रूप से करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारीयों को डीलर, कॉमन सर्विस सेन्टर के साथ इस संबंध में बैठक करने का निदेश दिया गया। जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर दैनिक अनुश्रवण करते हुए प्रतिवेदन भेजेंगे। स्वास्थ्य विभाग की कार्य की समीक्षा की गयी। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने एईएस को लेकर पुनः निदेश दिया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च से सभी चिन्हित पंचायतों में चिन्हित पदाधिकारीगण जाकर एईएस से लोगों को जागरूक करेंगे। आई.सी.डी.एस., जीविका, स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए उन्होंने कहा कि आई.सी.डी. एस. सेविका प्रतिदिन पंचायत में घरों में जाकर पंजी संधारित करते हुए रिपोर्ट प्राप्त करें। उन्होंने बच्चों का लाईन लिस्टिंग गंभीरता से करने को कहा। मातृत्व मृत्यु दर पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया। शहरी पी. एच.सी. में ए.एन.एम. कमतर रहने पर कहा कि व्यवस्था सुधारें। उन्होंने कहा कि किसी भी पी.एच.सी. में किसी भी स्थिति में 90 प्रतिशत से कम ए.एन. सी. नहीं होना चाहिए। प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक की यह व्यक्तिगत जिम्मेवारी है। संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाने का निदेश दिया गया। पूर्ण टीकाकरण कम होने पर उन्होंने कहा कि वेसलाइन सर्वे और ड्यू लिस्ट को अद्यतन करें। पूर्ण टीकाकरण के संबंध में आई.सी.डी. एस. को भी निदेशित किया गया। आई. सी.डी.एस., आशा, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, डी.पी.एम. ड्यू लिस्ट को अपडेट करेंगे, जिससे की टीकाकरण में तेजी आये। 15 मार्च के बाद टीकाकरण को लेकर गॉव में विशेष अभियान चलायें। ओ.पी.डी. संचालन को लेकर उन्होंने कहा कि गॉव, टोलो कस्बे में जाकर कैम्प लगायें। एन.आर. सी. में कुपोषित बच्चों का इलाज किया जाता है। एन.आर.सी. में एक साथ 20 बच्चों का इलाज होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सी.डी.पी.ओ. की यह जिम्मेवारी है कि अपने प्रखण्ड से पाँच कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. पहुँचायें। एन.आर.सी. में इलाज के बाद उन्हें एम्बुलेंस से मानदेय के साथ घर पहुँचाने का भी प्रावधान है। बच्चों और अभिभावकों नि:शुल्क भोजन भी दिया जाता है। आई.सी.डी.एस. की समीक्षा में उन्होंने आगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, पोषण ट्रेकर, आधार सिडिंग, मातृत्व वंदन, कन्या उत्थान, परवरिश योजना आदि के कार्य योजना की समीक्षा हुई। पंचायत सरकार भवन में नियमित टीकाकरण किया जायेगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, सिविल सर्जन, सभी पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थें।

राजद के जन विश्वास महारैली को लेकर हुई बैठक

जन विश्वास महारैली में भाग लेने के लिए जिले से जाएंगे पांच हजार से अधिक लोग

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के धरमपुर स्थित विधायक आवास पर प्रखंड राजद समस्तीपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में आहूत महागठबंधन की जन विश्वास महारैली की तैयारियों की समीक्षा की गयी। अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, संचालन राजद नेता ज्योतिष महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा राजद महासचिव सैयद फैसल आलम मन्नू ने की। बैठक को सम्बोधित करते राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है, इसलिए देश की सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुये तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि तीन मार्च की महारैली अभूतपूर्व, ऐतिहासिक तथा देश की अब तक की सबसे बड़ी रैली साबित होगी। महारैली को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। रैली की सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। राजद प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि समस्तीपुर प्रखंड से करीब 50 बस तथा 200 चार चक्का व 500 से अधिक मोटरसाइकिल से करीब पांच हजार से अधिक लोग पटना के रैली के लिए प्रस्थान करेंगे। मौके पर समाजसेवी रिजुउल इस्लाम रिज्जू, पूर्व जिला पार्षद संजीव कुमार राय, जिला राजद सचिव राकेश यादव, जिला राजद नेता जयशंकर ठाकुर, मनोज पटेल, मन्नू पासवान, राकेश कुशवाहा, मुखिया राजीव कुमार राय, पूर्व मुखिया शम्भू पासवान, पैक्स अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश झा, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रांतीय नेता मो. परवेज आलम, प्रांतीय नेता प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, मनोज कुमार राय, जयलाल राय, प्रमोद कुमार पप्पू, रंजीत कुमार रम्भू, केशव कुमार सोनू, मो. रूहुल्लाह खान गुड्डू, उत्तम राय, रविन्द्र कुमार रवि, अनिल यादव, रवि आनंद, नंदन यादव, अखिलेश कुमार दास, सैयद फैसल आलम मन्नू, जयलाल राय, विपीन यादव एवं विमल पासवान आदि उपस्थित थे।

3मार्च को जन विश्वास रैली अब तक सारे रेलियॉ का रिकॉर्ड तोड़ देगा: जवाहर यादव

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश महासचिव श्री जवाहर यादव निराला ने कहा 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महा रैली अब तक सारे रेलियॉ का रिकॉर्ड तोड़ देगा। रैली मे सबको शिरकत करने का आह्वान किया। माल सलामी डमराही घाट भट्टीपर दीदारगंज इत्यादि जगह पर बैठक, नुक्कड़ सभा जनसंपर्क अभियान चलाया है। सभी नागरिकों में रैली को लेकर काफी उत्साह है। जनसंपर्क अभियान चलाने वालों में श्री जवाहर यादव निराला प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ, बिहार और सुभाष यादव राजद नेता इस रैली में सर्व श्री राहुल गांधी, तेजस्वी प्रसाद यादव लालू प्रसाद यादव के अलावा दीपांकर भट्टाचार्य, सीताराम येचूरी और डी राजा भी शामिल होंगे।

श्री जवाहर ने आगे कहा भाजपा एनडीए गठबंधन का बिहार से सुपड़ा साफ हो जाएगा।

भूकंप से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक की टीम करेगी प्रचार प्रसार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग के भूकंप से बचाव एवं भूकंप से सुरक्षा को लेकर आम लोगों में व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर कोतवाली चौक, चभच्चा चौक एवं अन्य स्थानों पर नुक्क्ड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। नुक्कड़ नाटक की टीमों के द्वारा प्रतिदिन प्रति टीम को तीन कार्यक्रम निर्धारित स्थलों पर प्रस्तुत करना है। नुक्क्ड़ नाटक की टीम के सदस्यों द्वारा नाटक की प्रस्तुति के द्वारा भूकंप के प्रकोप से कैसे बचें तथा भूकंप होने के बाद क्या करें अथवा क्या नहीं करे इसके बारे में भी लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। टीम के सदस्यों द्वारा लोगों को बताया गया कि लोग भूकंप से नहीं बल्कि कमजोर मकानों से मरते है। इसके साथ ही नुक्क्ड़ नाटक के टीम के द्वारा लोगों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि वे भूकंपरोधी मकानों के निर्माण हेतु आपदा प्रबंधन विभाग से प्रशिक्षित राज मिस्त्रियों के माध्यम से ही अपने भूकंपरोधी मकानों का निर्माण करवाये। नुक्कड़ नाटक के अंत मे सभी नुक्कड़ नाटक कला जत्था के टीम द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में आलोक में वोट के महत्व को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही उपस्थित लोगों से मतदात जागरूकता शपथ दिलायी गयी।

जबरन टीसी थमाने मामले में एसएफआई की टीम ने की जांच, छात्रों को दिलाया न्याय

- पीड़ित दोनों छात्रों का लिया गया पुनः नामांकन

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जबरन टीसी काटकर दो छात्रों को थमाने मामले में एसएफआई की टीम ने जांच कर दोनों छात्रों को न्याय दिलाते हुए पुनः नामांकन करवाया। सर्वप्रथम मामले को लेकर भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई की पांच सदस्यीय टीम कोदरिया पहुंची। टीम छात्र अमरजीत कुमार और कृष्ण कुमार के घर पहुंच कर पुरा मामला को समझा। इस दौरान पीड़ित छात्र के अभिभावक भी उपस्थित थे। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्राचार्य द्वारा मध्यान भोजन जो हम छात्रों को प्रदान किया जाता है;उसमें काफी गड़बड़ी पाया जाता है। जिसकी शिकायत हम लोगों ने जांच में आए पदाधिकारी को किया था। बाद में प्राचार्य द्वारा हम लोगों को डांटा गया। पिछले दिनों सरस्वती पूजा की चंदा 500 रूपया देने में हम असमर्थ हो गए थे। विगत दिनों जब हम दो छात्र खेलते हुए एक वर्ग कक्ष में चले गए तो बाहर से किसी गेट बंद कर दिया था। इन्हीं बातों को लेकर पहले से गुस्साए प्राचार्य ने हम दो छात्रों का नाम काटकर टीसी थमा दिया। ग्रामीणों ने प्राचार्य पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एसएफआई के टीम को बताया कि प्राचार्य के द्वारा विद्यालय में काफी मनमानी किया जाता है। छात्रों से जबरन बाल मजदूरी के कराया जाता है। जिसका फोटो हम लोगों के पास उपलब्ध है। शिकायत करने पर प्राचार्य बोलते है हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है। यदि प्राचार्य अपनी रवैया में सुधार नहीं लाते हैं तो हम लोग इनके खिलाफ समस्त ग्रामीण एकत्र होकर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को आवेदन देंगे। वहीं टीम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि हमलोग आपके साथ है। उसके बाद यह जांच टीम राजकीय मध्य विद्यालय कोदरिया पहुंची। वहां पहुंचने के बाद टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया और पाया कि विद्यालय का शौचालय काफी गंदा है। प्राचार्य अरविंद कुमार दास और 5 सदस्यीय जांच टीम में शामिल एसएफआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार, एसएफआई के जिलाध्यक्ष नीलकमल, जिला कमिटी सदस्य मो॰ सुलेमान, छात्रनेता पिंटू कुमार, दिनेश कुमार आदि से वातार्लाप हुई। दोनों छात्रों का पुनः नामांकन लेकर मामला को समाप्त किया गया। वहीं प्राचार्य के द्वारा जो भी गड़बड़ियों की गई इस पर सुधार लाने के लिए प्राचार्य से कहा गया। यदि ग्रामीण द्वारा पुनः शिकायत आता है तो आने वाले दिनों में एसएफआई के बैनर तले एक जोरदार आंदोलन करने की भी बात कही गई।

रैली को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

महागठबंधन की बैठक आगामी 3 मार्च 2024 को पटना के गांधी मैदान में होने वाली जन विश्वास महारैली को सफलता हेतु राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामबाबू राय के अध्यक्षता में उनके आवासीय परिसर, कल्याणपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन भाकपा माले प्रखण्ड सचिव दिनेश कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित महागठबंधन के घटक दल राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष आशुतोष कुमार, माकपा प्रखण्ड सचिव लाला प्रसाद, भाकपा प्रखण्ड सचिव ब्रजेश प्रसाद देव इन्होंने भी अपने दल से हजारों की संख्या में कार्यकताओं को महारैली में पटना जाने की बात कही। महारैली की सफलता हेतु व्यापक रूप से प्रखण्ड में प्रचार प्रसार व नुक्कड़ सभा आयोजित करने पर बल दिया। राजद अध्यक्ष रामबाबू राय ने कहा कि प्रखण्ड महागठबंधन के सभी दलों के हर पंचायत से एक -एक हजार कार्यकर्ता चलेंगे। जिसकी व्यवस्था सब लोगों के सहयोग से हम करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी कॉ॰ रंजीत राम ने कहा कि संविधान एवं लोकतंत्र बचाने के लिए महारैली की सफलता अनिवार्य हैं। और हम सभी लोग सड़क से सदन तक महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। बैठक में उपस्थित महागठबंधन के सभी पदाधिकारीगण व पंचायत अध्यक्षगण एवं सचिवगण महारैली की सफलता के लिए हर मदद व सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजद से रामनाथ राय, अरविंद राय, प्रधान महासचिव रामबाबू महतो, महासचिव जयप्रकाश यादव, आदित्य नाथ झा, जफरूल इस्लाम, प्रवक्ता कमलेश प्रसाद राय, दिलीप यादव, धर्मेंद्र कुमार राय, उपप्रमुख दीपक राय, पूर्व उपप्रमुख राजेश राय, सुशील कुमार यादव, राजेन्द्र पाल, भाकपा माले वरिष्ठ नेता सुखलाल यादव, भाकपा नेता रामचन्द्र राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

सरपंच की पत्नी पर किया जानलेवा हमला, गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खजुरी पंचायत के खजुरी पंचायत में सरपंच उपेन्द्र राम की पत्नी मीना देवी को जमीन विवाद अपने पड़ोसियों से चल रहा था। जिसके कारण पड़ोस के ही लोगों से मंगलवार को विवाद हो गया। जिसमें घास काटने जा रही महिला को हाथ से घास काटने वाले हंसुआ छिन कर हमला कर दिया। हमला में सरपंच की पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी।

मामले में पीड़ित महिला के पुत्र दीपक कुमार ने कल्याणपुर थाने में आवेदन देकर दिया है। इस मामले में परिजनों का बताना है कि पूर्व से जमीनी विवाद चला था।

जिसके बाद अचानक मंगलवार को मां के घास काटने के लिए धर से निकल थीं। जहा अचानक हमलावरों ने हसुआ छीन कर हमला कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वहीं जख्मी महिला को ईलाज पीएचसी कल्याणपुर में कराया गया। जहा डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहा महिला का इलाज जारी है। वहीं घायल महिला के पुत्र दीपक ने आवेदन देते हुए हुए गांव के पांच लोगों को आरोपित किया है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया, कि आवेदन मिला है। जांचों उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ डॉ संजय कुमार राय ने सभी विभागों के कर्मचारियो के साथ बारी बारी से समीक्षा बैठक की। पीएम आवास योजना के तहत राशि लेकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सभी आवास सहायकों को निर्देश देते हुए कहा की हट्ठी लाभुकों को चिन्हित कर लाल नोटिस दें, जब इससे भी नहीं माने तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद नल जल योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर लंबित पड़े कार्यों को निस्पादन करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा की दो मार्च को प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों का कार्ड बनाया जायेगा। बताया की सभी राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।इसके लिए सभी कार्यपालक सहायकों को सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम कचहरी सचिव के साथ बैठक कर लोक अदालत से पूर्व मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ जीवन में अनुशासन की भावना होती है उत्पन्न : प्रमुख

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के दाहू चौक स्थित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक केशव बाबू व संचालन विनोद झा ने किया। वहीं मुख्य अतिथि खानपुर प्रखंड प्रमुख सन्नी हजारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शरीर चुस्त, फुतीर्ला एवं बलिष्ठ होता है, खेलों से जहां व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक होता है। वहीं अनुशासन की भावना भी मजबूत होती है। खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हारजीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए, खेलकूद के जरिये खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है। अच्छा खिलाड़ी अपने खेल के प्रति दिलचस्पी, उत्सुकता और सीखने की चाह रखता है। अच्छे खिलाड़ी को अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा होता है। टीमवर्क अच्छे खिलाड़ी का महान गुण होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छा खिलाड़ी अपने खेल और व्यक्तित्व द्वारा दूसरे खिलाड़ियों को प्रेरणा देता रहता है की अगर आपके पास प्रतिभा और कुछ करने की लालसा, हौसला और अनुशासन है तो एक न एक दिन आप सफलता जरूर प्राप्त करते हैं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विपिन चौधरी, श्याम नंदन झा, पर्यावरण प्रेमी त्रिपुरारी झा, विनोद झा, शंभू नाथ झा, प्रभाकर ठाकुर, रजनीश ईशर, विकाश झा, स्मृति रानी, राशी रंजन, बीयूटी रानी, शालिनि कुमारी, रिंशी रंजन, आफरीन प्रवीण आदि मैजूद थे।

कृषि सेवा के पदों पर नियुक्ति के लिए प्रतियोगिता परीक्षा 1 एवं 2 मार्च को

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार कृषि सेवा के विभिन्न पदों पर पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 1एवं 2 मार्च को जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में आयोजित की जायेगी। परीक्षा संयोजक के रूप में संजीव कुमार, अपर समाहर्ता -सह- अपर जिला दण्डाधिकारी, मुजफ्फरपुर समन्वय करते हुए परीक्षा संचालन में आवश्यक सहयोग करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन कैल्कुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा वाईटनर, इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नही दी जाएगी।परीक्षा के अवसर पर विशेष अवांछनीय परिस्थिति से निपटने हेतु दिनांक 1एवं 2 मार्च को पूर्वाह्न 7:30 बजे से जिला नियंत्रण कक्ष, समाहरणालय सभाकक्ष के उपरी तल में कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का प्रभारी इन्द्र कुमार कर्ण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, को बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र पर 13 स्टैटिक दण्डाधिकारी -सह- प्रेक्षक, 7 जोनल दण्डाधिकारी एवं 3 उड़नदस्ता दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

3 मार्च को पटना में आयोजित जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए राज्य संचालन समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत ऐतिहासिक किसान महापंचायत को सफल बनाने तथा 3 मार्च को पटना गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए बिहार राज्य किसान सभा ने केदारभवन पटना में राज्य संचालन समिति की बैठक आयोजित कर संपूर्ण सुबे में चल रही तैयारी की समीक्षा की। संचालन समिति को संबोधित करते हुए महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत से लड़कर अकुत कुबार्नी देकर जो कुछ हमारे पुरखों ने हमें सुपुर्द किया। मोदी जी उसे छीनने के लिए दिन-रात नफरत की खेती कर रहे है।किसान अपने हक की बात नही करे। इसके लिए मोदी सरकार हजारों करोड़ रूपया सरकारी धन का दुरुपयोग कर लोगों का मूल समस्या से ध्यान भटकाने के लिए पानी की तरह बहा कर संपूर्ण देश से हजारों रेल चला कर लोगों को आरामदायक सारी सुख सुविधा का प्रलोभन देकर अयोध्या लाने के लिए दिन-रात बेचैन है। परंतु किसान अपने वाजिब मांगों के लिए अपने खर्चे पर दिल्ली जाकर अपनी आवाज गूंगी- बहरी मोदी सरकार को सुनाने के लिए दिल्ली आना चाहती है तो उनके ऊपर गोली और आंसू गैस की बौछार हो रही है।क्या किसानो का दिल्ली नही है?हमारा लोकतंत्र, हमारा संविधान और हमारी खेती पर आज खतरा पैदा हो गया है।खेती बचाओ,गांव बचाओ, किसान बचाओ, खेत बचाओ, भाजपा-भगाओ,देश बचाओ नारे के साथ गांव-गांव में किसानों को जगाने और संगठित करने की आज जरूरत है। पंजाब के किसानों ने एक बार फिर अपने सपूतों की शहादत देकर पूरे यूरोप और दुनिया के किसानों को जगाया है। आज पंजाब की तर्ज पर फ्रांस से लेकर बेल्जियम तक दर्जनों देशों में किसान ट्रैक्टर लेकर अपने हुक्मरानों से संघर्ष करने सड़कों पर निकल पड़े है। पंजाब के किसानों से प्रेरणा लेकर पूरी दुनिया में किसान अपने हकमारी के खिलाफ कारपोरेट लूट से बचने के लिए सड़कों पर उतर रहे है। यूरोप के दर्जनों देशों में किसान अपने ट्रैक्टर लेकर संघर्ष के मैदान में उतरे हैं। मगर वहां की सरकार किसानों को ट्रैक्टर तोड़ने के लिए सेना को नहीं बुला रही है। जब किसान विरोधी मोदी सरकार ट्रैक्टरों को बर्बाद करने के लिए बुलडोजर चला रही है। कॉर्पोरेट का दलाल मोदी इसीलिए बौखला कर पंजाब के किसानों को अपमानित करने और शेष भारत के किसानों से उन्हें अलग-थलग करने के लिए गोदी मीडिया दिन-रात दुष्प्रचार करने में लगी है। तो चीनी एवं पाकिस्तानी बॉर्डर पर देश की सुरक्षा के लिए खरीदें गये ड्रोन को देश की सुरक्षा पर खतरा पैदा कर पंजाब की सीमा पर किसानों पर आंसू गैस का गोला बषार्ने मे लगा दिया है। इस देश-द्रोही कार्यवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करनी चाहिए ।भयानक लाठी चार्ज और अंधाधुंध गोलीबारी से किसानों की हत्या कर बुलडोजर राज काम कर किसानों के ट्रैक्टर आदि को तोड़ने एवं बर्बाद करने के लिए सेना को बुला ली है।

संक्षिप्त खबरें

दिव्यांगता पहचान पत्र बनाने को विशेष शिविर दो मार्च से

मधेपुराः जिले के सभी प्रखंडों में दिव्यांगता पहचान पत्र बनाने को विशेष शिविर दो मार्च से आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सात मार्च तक चलेगा। शिविर में दिव्यांगता पहचान पत्र बनाने के साथ ही सहायक उपकरण,कृत्रिम अंग के लिए आवेदन भी लिया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि शिविर छह दिनों तक आयोजित किया जाएगा।

हथियार से लैश एक अपराधी गिरफ्तार

सहरसा। चिरैया ओपी क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि धर्मेन्द्र यादव पे- बजरंगी प्रसाद यादव सा- बाबूराही थाना- साहेबपुर कमाल जिला-बेगूसराय वर्तमान निवासी ग्राम बसाही थाना-सलखुआ (चिरैया ओ0पी0) जिला-सहरसा अवैध हथियार से लैश होकर अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुअनि कुंदन कुमार सहनी साथ सशस्त्र बल तथा महाल चौकिदार के साथ थाना से प्रस्थान किया। ग्राम बसाही धर्मेन्द्र यादव के घर पर पहुँचे।

जन सुराज के राजनीतिक दल बनने पर पीके का बड़ा बयान

प्रात: किरण, संवाददाता

● बोले - जन सुराज कोई दूसरा या तीसरा मोर्चा नहीं होगा, अगर जन सुराज दल बनता है तो बिहार में सिर्फ एक ही दल होगा: प्रशांत किशोर

सहरसा। जन सुराज पद यात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि आज जो टीवी पर राजनीतिक दलों के नेता बयानबाज बने हुए हैं उनके आकाओं के आका बैठकर हमसे सलाह लेते रहे हैं कि हम कैसे चुनाव लड़ें तो उनकी बातों पर जवाब देकर उनको जरूरत से ज्यादा सम्मान देना नहीं चाहता ।जहां तक बात दूसरे-तीसरे मोर्चे की हो रही है तो आप इतनी समझ रखिए कि कोई दल या मोर्चा अगर मैं बनाऊंगा तो वही एक मोर्चा बिहार में बचेगा दूसरा कोई नहीं बचेगा। अगर जन सुराज दल बनता है तो आप देखिएगा एक ही दल बचेगा इसके अलावा कोई दल नहीं बचेगा। लोगों को एहसास नहीं है कि मैं कितनी बड़ी व्यवस्था बना रहा हूं। मैंने काम छोड़ा है उसकी समझ नहीं छोड़ी है। मैंने जो अपने जीवन में काम किया है उसमें कुछ कहने की जरूरत नहीं है वो देश के सामने है। नीतीश कुमार ही क्यों मैंने मोदी के लिए भी काम किया है इसके अलावा 10 राज्यों में चुनाव जितवाए हैं। मैंने जो कुछ भी किया अपने दम पर किया दूसरे नेता की तरह हमारे पिताजी ने मुझे नहीं कर के दिया प्रशांत किशोर ने कहा कि मैंने जो कुछ भी किया उसे अपने स्तर पर किया हमारे पिताजी ने मुझे नहीं कर के दिया था। नीतीश कुमार मुझे क्या धन देंगे? अगर मुझे धन चाहिए ही होगा तो इतने बड़े-बड़े राज्यों में सरकारें बनी हैं, जिसको बनाने में मैंने कंधा लगाया है। नीतीश कुमार की पार्टी के पास इतना पैसा नहीं कि वो मुझे धन देंगे। मैंने जो काम किया है डंके की चोट पर किया है अपनी समझ अपनी ज्ञान से किया है। मैं जो काम करता था उससे पूरे देश में इस विधा को खड़ा किया है इससे पहले उसके बारे में देश में कोई जानता भी नहीं था कि ये भी कोई विधा है। आज देश में 20 हजार से ज्यादा बच्चे इस तरह के काम को कर रहे हैं।

बिहार पुलिस दिवस पर पंच प्रण की दिलाई गई शपथ

प्रात: किरण, संवाददाता

कहरा/सहरसा। बिहार पुलिस दिवस समापन समारोह पर सोनबरसा कचहरी थाना परिसर में पंच प्रण की शपथ दिलाई। थानाध्यक्ष पुष्पम भारती ने कहा कि यह प्रण जन विश्वास संकल्प हमारे के तहत दिलाई गई है। इसमें शिकायत और एफआईआर दर्ज कर वादी को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराना,महिला अपराध की सुनाई से लेकर करवाई महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा करना,डायल 112 को और सशक्त करना,गांव मोहल्ला का अपराध सर्वेक्षण करना एवं नागरिकों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ना,सभी संवेदनशील स्थानों का सीसीटीवी से निगरानी करना और सक्रिय अपराधी की 247 निगरानी करना शामिल है। मौके पर पु.अ.नि.काजल कुमारी,पु.अ.नि. हरे राम यादव,पु.अ.नि. संदीप कुमार,पु.अ.नि. राघवेंद्र झा,पु.अ.नि.मुज्जमिल खां,अमरपुर पंचायत मुखिया लक्ष्मण राम,पूर्व सरपंच अमरपुर चंद्रेश्वरी शर्मा,मोहनपुर पंचायत मुखिया अरुण कुमार यादव,मोहनपुर पंचायत सरपंच लाल बहादुर शाह,कहरा प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि अनिल यादव,उप मुखिया मोहनपुर अरुण कुमार शाह,समाजसेवी बिट्टू कुमार,आफताब आलम उर्फ बबलू आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

समस्तीपुर मंडल के पिपरा स्टेशन पर 03 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर: यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर समस्तीपुर मंडल के पिपरा स्टेशन पर दिनांक 29.02.2024 से 03 जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है गाड़ी सं. 13021/13022 रक्सौल-हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस - दिनांक 29.02.24 से गाड़ी सं. 13021 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस का 06.11/06.13 बजे तथा गाड़ी सं. 13022 हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस का 11.50/11.52 बजे पिपरा गाड़ी सं. 12557/12558 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस - दिनांक 29.02.24 से गाड़ी सं. 12557 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस का 12.46/12.48 बजे तथा गाड़ी सं. 12558 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस का 08.46/08.48 बजे पिपरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है।

जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। भारत में सबसे अधिक युवा-शक्ति है। इन युवाओं के कंधों पर ही भारत को विकसित बनाने की जिम्मेदारी है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने कही। वे बुधवार को टी.पी. कॉलेज, मधेपुरा के सभा भवन में आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन नेहरु युवा केन्द्र, मधेपुरा के तत्वाधान में किया गया। अपनी विशेषता को पहचानें कुलपति ने कहा कि युवाओं को अपनी उर्जा को सकारात्मक दिशा देनी चाहिए और राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। युवा वर्ग संकल्प ले ले, तो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अनुठा होता है और हरएक व्यक्ति में कुछ-न-कुछ विशेषता होती है। हम अपनी विशेषता को पहचानें और उसे विकसित करें। हम सभी अपनी क्षमताओं को राष्ट्रहित में लगाएं और अपने-अपने निर्धारित कर्तव्यों का समुचित अनुपालन करें। गांवों पर ध्यान देना जरूरी इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्षा मंजू देवी ने कहा कि भारत गांवों का देश है। भारत को विकसित बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी है। अतः यह आवश्यक है कि युवा वर्ग और हम सभी मिलकर गांव की समस्याओं का समाधान करें। अच्छे लोगों को चुनकर सदन में भेजें डीडीसी अवधेश कुमार आनंद ने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि हम जांच-परख कर मतदान करें। हम जाति, धर्म आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर अच्छे लोगों को चुनकर सदन में भेजें। इससे भारत को विकसित बनाने में मदद मिलेगी। बढ़ा-चढ़ाकर मतदान में भाग लें युवा विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि नवयुवक संकीर्णताओं से ऊपर होते हैं। अतः वे देश को आगे बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दे सकते हैं। अतः युवाओं को बढ़ा-चढ़ाकर मतदान में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि हमारी सरकार ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प लिया है। हम सबों को मिलकर इस संकल्प को पूरा करना है। दो व्याख्यान आयोजित इस अवसर पर मुख्य रूप से विकसित भारत @2047 को केंद्र में रखकर दो व्याख्यान आयोजित हुए। विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने ज्ञानया भारत नई पहलह विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व इतिहास है और हम दुनिया में विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं। हमें पुनः भारत की आत्मशक्ति को जगाना है और सभी क्षेत्रों में देश को विकसित बनाना है। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. खुशबू शुक्ला ने स्त्री सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं को दबाना बंद कर दें, तो वे स्वतः समाज में अपना स्थान बना लेंगी। इस अवसर पर डीपीआरओ निकिता कुमारी, उप निर्वाचन अधिकारी अमर कुमार, भाजपा नेता स्वदेश यादव, माया के अध्यक्ष राहुल यादव, चयन समिति सदस्य राजू सनातन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

थानाअध्यक्ष अंजली भारती के अध्यक्षता में पुलिस दिवस पर पुलिस पब्लिक बैठक कर लिए पांच प्रण

प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र में पुलिस दिवस के अवसर पर बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी के निर्देश पर क्षेत्र के सोनवर्षा राज थाना, बसनही थाना व काशनगर ओपी परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष अंजली भारती, थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला व प्रभारी चन्द्रजीत प्रभाकर कि अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक कि एक बैठक बुधवार को आयोजित कर पांच प्रण लिए। पांच प्रण को लेकर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर वादी को प्राप्ति रशीद उपलब्ध कराना, महिला अपराध की सुनवाई महिला पुलिस द्वारा करना, गांव एवं महल्लो का अपराध सर्वेक्षण करना एवम व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ना, सभी संवेदनशील इलाकों का सीसीटीवी से निगरानी सुनिश्चित करना, टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना, जीरो टॉलरेंस के साथ महिला अपराध और रंगदारी को रोकना, न्यायालय से प्राप्त समन/वारंट का तामिला इत्यादि शामिल है। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा सभी पांच प्रण को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य किए जायेंगे। साथ ही इसका परिणाम आपको आगे वाले दिनों में देखने को मिलेगा। जबकि बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा भी अलग अलग राय दिया।बैठक में मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ललन,मुखिया मुशरत खातून, अजय कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह बब्बन, इंद्रदेव साह, मो मशीर आलम, शंभू सिंह, दिनेश सिंह, अशोक सेन, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, सत्यदेव सिंह, बिजेंद्र यादव, रंजीत झा, संजय विश्वास, शैलेंद्र सिंह, चूरामणि झा, गोपाल सिंह, वार्ड पार्षद विक्रम कुमार, पप्पू अंसारी, समिति सदस्य आजाद कुमार, मनटुन सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

दाखिल खारिज के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले कर्मी पर होगी कार्रवाई

प्रात: किरण, संवाददाता

● लगान वसूली शत-प्रतिशत करने का दिया गया निदेर्श

मधेपुरा : राजस्व एवं आंतरिक संसाधन की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फरवरी माह में राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षा की गई। डीएम ने सीओ को दाखिल खारिज के मामलों का तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अधीन हल्का कर्मचारी के कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण,पर्यवेक्षण करे। अंचल द्वारा दाखिल खरिज के आवेदन के निष्पादन की गति एवं अस्वीकृत करने की कारण की जांच करेंगे। लापरवाही बरतने वाले कर्मी पर करें कार्रवाई जिलाधिकारी ने सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि दाखिल खारिज के आवेदन के निष्पादन में गड़बड़ी करने वाले कर्मी पर कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिस स्तर से लापरवाही दिखे उस स्तर के पदाधिकारी,कर्मचारी पर नियमानुसार कार्रवाई को लेकर प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया। ःअतिक्रमणवाद के मामलों का करें निष्पादन डीएम ने अंचल स्तर पर अतिक्रमणवाद के मामलों में निर्देश दिया कि पूरी प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए ही अतिक्रमण हटाया जाए। साथ ही जिन मामलों में अतिक्रमण वाद के लंबित मामलों के निपटारा एक सप्ताह के अन्दर करने का निर्देश दिया गया। खासकर ऐसे मामलों जो एक वर्ष से ज्यादा समय से लंबित है, वैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित करें। सभी सीओ को निर्देश दिया गया कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत लगान वसूली करना सुनिश्चित करें। आधार सीडिंग हेतु प्रचार प्रसार करने को कहा गया। साथ ही सरकारी महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय नापी कर प्रतिवेदन देने का भी निदेश दिया गया। बैठक में जिले में पदस्थापित सभी अंचलाधिकारी,राजस्व अधिकारी,भूमि सुधार उप समाहर्ता मौजूद थे।

आफत, सिंचाई की सुविधा का अभाव, महंगी खेती को विवश है प्रखंड क्षेत्र के किसान

प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा प्रखंड के 11 पंचायत एवं नगर पंचायत सहित किसानों को सरकारी स्तर पर समुचित सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही है। इससे किसानों को महंगी खेती करनी पड़ रही है। किसान पंप सेट से खेतों में लगी फसलों की सिंचाई करने को विवश रहते हैं। इससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। एक और जहां किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में वर्षों पूर्व लगा लघु सिंचाई विभाग का नलकूप अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्टेट बोरिंग का भी अभाव बना हुआ है। इससे किसान पंप सेट के माध्यम से प्लास्टिक पाइप के जरिए खेतों में लगी फसल की पार्ट वन करते हैं। इन दोनों किस पार्ट वन को लेकर खासे परेशान नजर आ रहे हैं। महंगी सिंचाई व्यवस्था से खेतों में लहलहाती गेहूं, मकई, सरसों, मटर साग सब्जी समेत अन्य फसल पार्ट वन के अभाव में प्रभावित हो रही है। वहीं दूसरी और किसानों को ससमय डीजल अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं हो पाती है। किसान महेश मोहन झा, मिथिलेश कुमर, सुभाष झा, आदि ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी स्तर पर सिंचाई की व्यवस्था नहीं रहने से पंप सेट से पटवन करना पड़ रहा है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। वहीं डीजल अनुदान की राशि भी नहीं मिल रही है। अंचल क्षेत्र में हजारों एकड़ से अधिक भूमि उपजाऊ है फिर भी सरकारी अस्तर से सिंचाई व्यवस्था बदहाल है। इससे क्षेत्र के किस मांगी खेती करने को मजबूर हैं। जबकि प्रखंड की अधिकांश आबादी कृषि पर ही निर्भर है। फसल उत्पादन करना किसानों को पड़ जाता है काफी महंगा।

रंगदारी नहीं देने पर ट्रैक्टर चालक पर चलाई गोली

● मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर नदी के समीप की है घटना

● पचास हजार रुपया की मांगी जा रही थी रंगदारी

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज(मधेपुरा) मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर नदी के समीप मंगलवार की संध्या ट्रैक्टर चालक से बदमाशों द्वारा रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि रंगदारी नहीं देने पर हथियार से लैस एक बदमाश ने चालक पर गोली चला दी, हालांकि बचाव में नीचे बैठ कर चालक ने अपनी जान बचा ली गोली ट्रेक्टर के टायर में लग गई जिससे टायर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में ट्रेक्टर चालक गंगापुर वार्ड 9 निवासी दिलीप कुमार ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने दिए आवेदन में बताया कि वे अपने ट्रेक्टर लेकर बहियार जा रहा था। गंगापुर में स्थित नदी के पुल के पास तीन की संख्या में वृंदावन गांव के लोगों ने ट्रेक्टर रोक लिया और पचास हजार का रंगदारी की मांग करने लगा। उसने कहा कि मैं तो गरीब आदमी हूं ट्रेक्टर चलाकर अपना भरण पोषण करता हूं मेरे पास रुपया नहीं है। इतना सुनते ही एक युवक ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से गोली चला दिया गया। गोली चलाने पर ट्रेक्टर चालक दिलीप कुमार झुक कर अपना बचाव किया तो गोली उनके ट्रेक्टर के पिछले टायर में लग गई जिससे ट्रेक्टर का टायर फट कर क्षतिग्रस्त हो गया। गोली की आवाज सुनकर लोगो की भीड़ इकट्ठा होते देख बदमाश वहां से भाग गया। तत्काल ही मौके से घटना की सूचना 112 पुलिस को दिया गया। बताया कि सूचना के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार भी 112 के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन किया। छानबीन के उपरांत घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया गया तथा पुलिस के द्वारा टायर के अंदर फंसे गोली को निकालकर थाना में जमा करने बोला गया। टायर से गोली निकालकर थाना में जमा कर दिया गया है। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन में तीन लोगों को नामजद किया गया है। आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे स्टेशनों का अभूतपूर्व कायाकल्प

प्रात: किरण, संवाददाता

पटनाः निकट भविष्य में भारत के रेलवे स्टेशन पहले जैसे नहीं रहने वाले हैं। दशको तक जो बदलावों से दूर रही और कुछ मामलों में एक सदी से भी अधिक समय तक हालत यही बनी रही, तो अब भारतीय रेल, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंग के रूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए तैयार है। देश में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को बदलने की केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना को तब और बढ़ावा मिला, जब प्रधानमंत्री ने 26 फरवरी, 2024 को 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम पहले से ही प्रगति पर है, जिसकी आधारशिला प्रधानमंत्री ने पिछले साल अगस्त में रखी थी। अमृत भारत स्टेशन योजना लाखों यात्रियो को यात्रा का सुखद अनुभव देने के इरादे से अपनी अवसंचरना को आधुनिक बनाने के लिए भारतीय रेल द्वारा ठोस प्रयास का परिचायक है। इस योजना में आधुनिक यात्री सुविधाओं जैसे सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किए गए अग्रभाग, प्लेटफार्मों को दुरुस्त करना, सुंदर भूनिर्माण, रूफ प्लाजा, कियोस्क, फूड कोर्ट, किड्स प्ले एरिया आदि शामिल हैं। इसके तहत सुगमता सुनिश्चित करने के प्रयासों में सड़कों को चौड़ा करना, अनुपयोगी संरचनाओं को हटाना, अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज स्थापित करना, समर्पित पैदल मार्ग स्थापित करना और बेहतर प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाना शामिल है। अमृत भारत स्टेशन योजना की महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि पुनर्विकास स्टेशन भवनों के डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित हैं। उदाहरण के लिए अहमदाबाद स्टेशन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है, तो वहीं द्वारका स्टेशन द्वारकाधीश मंदिर से प्रेरित है। गुरुग्राम स्टेशन पर आईटी थीम होगी, जबकि ओडिशा के बालेश्वर स्टेशन को भगवान जगन्नाथ मंदिर की थीम पर डिजाइन किया जाएगा। चोल वास्तुकला का प्रभाव तमिलनाडु के कुंभकोणम स्टेशन पर व्यापक रूप से दृष्टिगोचर होगा। जिन स्टेशनों का पुनर्विकास पहले से किया जा रहा है, उनमें पुरी के स्टेशन जगन्नाथ मंदिर की वास्तुकला से प्रेरित है, जबकि तमिलनाडु के मदुरै और रामेश्वरम स्टेशन क्रमशः मदुरै मीनाक्षी और रामनाथस्वामी मंदिर से प्रेरित हैं। कोटद्वार के रेलवे स्टेशन में आमतौर पर हिल स्टेशन वास्तुकला की विशेषता है, जबकि उदयपुर स्टेशन उम्मेद भवन पैलेस से प्रेरित एक गुंबद की तरह है। फरीदाबाद, गाजियाबाद, सफदरजंग और बिजवासन जैसे दिल्ली एनसीआर स्टेशन प्रयागराज, भुवनेश्वर, सिकंदराबाद और चेन्नई एगमोर के साथ आधुनिक दिखते हैं हैदराबाद में हाईटेक सिटी स्टेशन आधुनिक डिजाइनर लुक में है, जबकि बेंगलुरु के दो स्टेशन- यशवंतपुर और बेंगलुरु कैंट हवाई अड्डे जैसे लुक में दिखते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना की कहानी वर्ष 2021 से शुरू होती है, जब गांधीनगर आधुनिकीकरण को अंगीकार करने वाला पहला रेलवे स्टेशन बन गया, जिसमें अत्याधुनिक और पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हुई। बाद में उसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था, ने एक नया रूप धारण किया। वर्ष 2022 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को मंजूरी दी। इस मंजूरी के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न स्थानों अर्थात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और मुम्बई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को संवारने-निखारने का निर्णय किया। उल्लेखनीय है कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहले से ही यूनेस्को का विश्व विरासत स्थल है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए तैयार किए जा रहे स्टेशनों में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 149 रेलवे स्टेशन हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 123, पश्चिम बंगाल में 94, बिहार में 92, गुजरात में 87, राजस्थान में 82 और मध्य प्रदेश में 80 रेलवे स्टेशन हैं। बिहार में कुछ रेलवे स्टेशन इस प्रकार हैं जो परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं।

भारी मात्रा में कोरेक्स और अंग्रेजी शराब के साथ दो भाई गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/ सहरसा- बिहार सरकार के लाख कोशिश के बावजूद शराबबंदी कानून का असर लोगों पर दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों के द्वारा लगातार कोरेक्स और शराब तस्करी की जा रही हैं। वही कोरेक्स व शराब तस्करी को रोकने के लिए सौर बाजार पुलिस के द्वारा जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। सौर बाजार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कोरेक्स व अंग्रेजी शराब बरामद की है। इसके साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों तस्कर की पहचान भवटिया अरार्हा निवासी रामनारायण यादव के पुत्र मनीष कुमार व दिलखुश कुमार के रूप में की गई हैं। थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के अनुसार अरार्हा गांव मे मंगलवार को छापेमारी की गई थी। इस दौरान रंगे हाथ दो सगे भाई मनीष कुमार व दिलखुश कुमार को 1000 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप व 30 बोतल 375 एम एल का मेकडांवेल नंबर वन अंग्रेजी शराब दो बाइक एक अपाचे और एक स्प्लेंडर उसके घर व दरवाजे पर से बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दोनों तस्कर को विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एक्सिस बैंक ने बीबीपीएस पर शुरू की डोनेशन कैटेगरी

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) पर डोनेशन कैटेगरी की शुरूआत की घोषणा की है। धर्मार्थ संस्थानों को किसी भी बीबीपीएस-सक्षम फ्रंट एंड के माध्यम से दान स्वीकार करने में सक्षम बनाने वाला पहला बैंक है। यह सुविधा दान देने के तरीके को बदलने के लिए डिजाइन की गई है। विवेक गुप्ता, प्रेसिडेंट और हेड- होलसेल बैंकिंग प्रॉडक्ट्स, एक्सिस बैंक ने कहा, डोनेशन कैटेगरी की शुरूआत के साथ धर्मार्थ संस्थान पूरी पारदर्शिता के साथ निर्बाध तरीके से डिजिटल रूप से दान एकत्र कर सकते हैं और इस समाधान के माध्यम से दानदाताओं व भक्तों के साथ विश्वास को और गहरा कर सकते हैं। डिजिटल रूप से भुगतान स्वीकार करके धर्मार्थ संस्थान नकद में दान से जुड़ी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत को कम करने में भी सक्षम बनते हैं। इसके तहत ग्राहकों को पेमेंट के पुष्टिकरण की रसीद तुरंत प्राप्त होगी, जिससे प्रक्रिया में आसानी होगी। यह समाधान दानदाताओं व भक्तों को 80जी प्रमाणपत्र जारी करने में भी सक्षम बनाता है। इसके अलावा, लिंक-आधारित भुगतान का एकीकरण ट्रस्टों और धर्मार्थ संस्थानों के लिए एंड-टू-एंड सॉल्यूशन प्रदान करता है।

शादी से ठीक एक दिन पहले अज्ञात कारणों से लगी आग, भंडार में रखे गए मिठाई सहित सारा सम्मान जलकर हुआ राख

प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। अंचल क्षेत्र के शाहपुर पंचायत अन्तर्गत शाहमौरा नवटोलिया गांव में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से एक परिवार का घर सहित गृहस्वामी के पूत्री के शादी के लिए रखीं गई सम्पत्ति जलकर राख हो गई।आग लगने के बाद पिडित परिवार के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई।पुत्री की शादी से ठीक एक दिन पहले आग लगने से शादी के लिए खरीद हुआ सामान जलकर राख हो गया।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शाहमौरा नवटोलिया गांव निवासी सागर शर्मा की पुत्री सोनी कुमारी कि शादी क्षेत्र के कोपा पंचायत अन्तर्गत पचाढी गांव के सिकंदर शर्मा का पुत्र सोहन के साथ 28 फरवरी बूधवार को शादी तय हुआ था ।लेकिन शादी से ठीक एक रात पहले भंडार घर में अज्ञात कारणों से लगीं आग से शादी के लिए खरीदे गए कपडा सहित अन्य सभी सामिग्री, फर्नीचर सहित बरात के लिए बनाकर रखें गए सारी मिठाईयां भी बर्बाद हो गया।घटना के बाद पिडित परिजनों को लडकी कि शादी की चिंता सताने लगी।लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से शादी की शेष तैयारियां किया जा रहा है।

प्रखंड मुख्यालय परिसर में बिजली विपत्र सुधार हेतु विशेष शिविर का किया गया आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को विधुत आपूर्ति प्रशाखा सोनवषार्राज द्वारा बिजली विपत्र सुधार हेतु विशेष शिविर का किया गया आयोजन इस दौरान सिमरी बख्तियारपुर के कार्यपालक विधूत अभियंता अजीत कुमार तथा सहायक विधूत अभियंता संतोष कुमार भी मौजूद थे।शिविर के बाबत सोनवषार्राज शाखा के कनीय विधूत अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया की शिविर में कूल 52 उपभोक्ताओं ने अपने अपने समस्याओं को लेकर आवेदन दिया।जिसमें 12 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया।वहीं शेष आवेदनों पर वरिय पदाधिकारियों के निदेर्शानूसार कार्यवाही किया जा रहा है।इस दौरान सिमरी बख्तियारपूर के कार्यपालक सहायक ललटू,जयकृष्ण कुमार,सारणी पूरूष अरविंद कुमार गगन कुमार सिंह, संतोष कुमार,समैत दर्जनों उपभोक्ता मौजूद थे।

किसान असंतोष की जड़ें

कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है। 2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था। देश के किसान फिर आंदोलन की राह पर हैं। उनकी प्रमुख मांग है फसलों पर स्वामीनाथन फॉमूर्ले के मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी और संपूर्ण ऋण माफी। इन मांगों को पूरा कराने के लिए कृषक समाज में जान बाजी पर लगा देने की भावना पैदा हुई है। इसकी वजह समझनी हो, तो ताजा जारी घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर गौर करना उपयोगी होगा। इस रिपोर्ट से सामने आया है कि कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है। 2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था। इसके पहले हुए हर घरेलू उपभोग खर्च सर्वे में कृषि आधारित परिवारों का औसत व्यय अन्य ग्रामीण परिवारों से अधिक रहा था। कृषि आधारित परिवारों में वे दिहाड़ी मजदूर और अन्य खेतिहर मजदूर भी शामिल हैं, जिनकी आमदनी का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। इस नई सूरत की वजह क्या है, यह जानना महत्त्वपूर्ण होगा। फिलहाल चूंकि इस संबंध में ठोस सूचनाएं उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए इसके बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। संभव है कि इसका एक कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दूसरे कारोबारों का बढ़ा हो। मसलन, पशुपालन या बागवानी जैसे धंधों में खेती से ज्यादा मुनाफा हो रहा हो। या फिर यह वजह हो सकती है कि कोरोना महामारी के दौरान शहरों से गांव लौटे मजदूरों में से अनेक वहीं रह गए हैं, जिससे श्रमिकों की अधिकता के कारण उनकी मजदूरी घट गई हो। लेकिन कुल मिलाकर यह तस्वीर तो उभरती ही है कि खेती लगातार गैर-लाभकारी होती जा रही है। इसका बड़ा कारण लागत में लगातार बढ़ोतरी और फसल की कीमत में भारी उतार-चढ़ाव रहे हैं। इस पर भी जरूर गौर किया जाना चाहिए कि कृषि में सार्वजनिक पूंजीगत निवेश स्थिर बना हुआ है, जबकि जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का अनिश्चय बढ़ गया है। इन कारणों से खेती अधिक जोखिम भारी पेशा बन गई है। ऐसे में किसानों और कृषि निर्भर अन्य तबकों में असंतोष पैदा होना एक स्वाभाविक घटना मानी जाएगी।

यह खुशहाली तो नहीं

साल 2011-12 में सर्वेक्षण के लिए अपनाई गई विधि को 2022-23 के सर्वे में बदल दिया गया। इसलिए ताजा रिपोर्ट के बारे में यह तो कहा जाएगा कि यह आज की हकीकत को बताती है, मगर 2011-12 से उसकी तुलना करना तार्किक नहीं होगा। घरेलू उपभोग खर्च सर्वे की 2022-23 की रिपोर्ट से प्रथम दृष्टया यह धारणा बनती है कि 2011-12 की तुलना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आम उपभोग खर्च बढ़ा है। लेकिन ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि 2011-12 में सर्वेक्षण के लिए अपनाई गई विधि को 2022-23 में हुए सर्वे में बदल दिया गया। इसलिए ताजा सर्वे रिपोर्ट के बारे में यह तो कहा जाएगा कि यह आज की हकीकत को बताती है, मगर 2011-12 से उसकी तुलना करना तार्किक और वाजिब नहीं होगा। ताजा सर्वे में अधिक वस्तुओं पर किए गए खर्च को शामिल किया गया, सर्वे में शामिल किए गए 2,61,746 परिवारों के पास सर्वेक्षक कई बार गए जबकि पहले वे सिर्फ एक बार उनका इंटरव्यू करते थे, और इस बार इंटरव्यू में कंप्यूटर की सहायता ली गई जबकि पहले प्रत्यक्ष रूप से कलम-कागज पर आंकड़े दर्ज किए जाते थे। इसके अलावा 80 करोड़ लोगों को हर महीने दिए जा रहे पांच किलो अनाज और अन्य मुफ्त सरकारी सेवाओं के कारण घरेलू खर्च पैटर्न में हुए बदलाव को जारी व्यय आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है। लाजिमी तौर पर उससे हुई बचत को परिवारों ने किसी और मद में खर्च किया है, जिससे समान आमदनी के बावजूद उपभोग खर्च का बढ़ा दिख सकता है। बेशक यह परिवारों के बढ़े उपभोग को जाहिर करता है, लेकिन यह परिवारों की माली स्थिति का ठोस संकेत नहीं है। परिवारों की बेहतर स्थिति का अंदाजा तब लगेगा, जब परिवारों की आमदनी की स्थिति भी सामने आएगी। इस संदर्भ में यह ताजा आंकड़ा गौरतलब है कि 2011-12 की तुलना में 2023-24 की दूसरी तिमाही तक जीडीपी की तुलना में घरेलू ऋण बढ़ कर 26.7 से 38.3 प्रतिशत तक पहुंच गया। वैसे भी सूरत यह उभरी है कि ग्रामीण इलाकों में सबसे धनी पांच प्रतिशत परिवार औसतन हर महीने 10, 501 और शहरी इलाकों में 20,824 रुपये उपभोग खर्च कर सकने की स्थिति में पहुंचे हैं। टॉप 10 फीसदी परिवारों को छोड़ दें, तो बाकी 90 फीसदी परिवारों की स्थिति दयनीय नजर आती है। क्या इसे खुशहाली की तस्वीर कहा जाएगा? इसलिए इनको लेकर खुशफहमी पालना अनुचित होगा।

हनीमून डेस्टिनेशन: प्यार का रोमानी सफर

शादी के बाद प्यार के पहले खुशनुमा-यादगार अहसास की बात हो तो चुनें ऐसा सफर, जहां लहरों पर अठखेलियां करतीं किरणें, खूबसूरत लैंडस्केप, बर्फ से ढके पहाड़ हो। ऐसे मन खुद-ब-खुद रोमांच के लिए मचल उठता है। चलें ऐसे ही हसीन डेस्टिनेशंस पर, जहां प्यार का सफर और रोमानी हो जाएं... प्यार का परफेक्ट डेस्टिनेशन है कुर्ग-अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण कुर्ग को भारत का स्कॉटलैंड कहा जाता है। हनीमून के लिहाज से यह बेहद ही खूबसूरत जगह है। यहां की शांति और कुदरत के अनुपम सौंदर्य के बीच हनीमून के रोमांटिक पलों को ताउम्र भुला नहीं पाएंगे। यहां की वादियों में चलने वाली खुशनुमा हवा का स्पर्श आपके रोम-रोम को एक नया अहसास देगा। कर्नाटक में स्थित कुर्ग को कोडागू भी कहा जाता है। यहां घूमने के लिए कई सुंदर पर्यटन स्थल मौजूद हैं। राजा सीट पार्क का अपना एक अलग आकर्षण है। यहां से सूर्यास्त होते हुए देखना एक अलग अनुभव होगा। यहां से हरी-भरी घाटी और धुंध में छिपे पहाड़ों का सौंदर्य देखते ही बनता है। दूर-दूर तक फैली हरियाली और नदी के कल-कल कर बहते हुए पानी की आवाज। ऐसा सुंदर और मनमोहक नजारा देखना चाहते हैं, तो निसारगधमा चले आइए। इसके अलावा, कुशाल नगर में प्रसिद्ध तिब्बती मोनेस्ट्री की सैर के बाद आप धार्मिक क्षेत्र इरुप्पू भी घूम सकते हैं। लक्ष्मणतीर्थ नामक नदी यहां बहती है। कहा जाता है कि राम और लक्ष्मण सीता को ढूंढते हुए यहां से गुजरे थे। मादिकेरी से करीब 110 किलोमीटर दूर नागरहोल वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी है। पार्क के बीचोंबीच सपीर्ली नदी बहती है, जिसके नाम पर इसे नागरहोल कहा जाता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट मैंगलोर 135 किलोमीटर और बेंगलुरु 250 किलोमीटर की दूरी पर है। नजदीकी रेलवे स्टेशन मैसूर 150 किलोमीटर दूर है। बेंगलुरु, मैसूर, मैंगलोर से यहां के लिए नियमित बसें और टैक्सी चलती है। मॉरीशस: कुदरत का करिश्मा-हनीमून की बात हो और वह भी देश से बाहर, तो मॉरीशस से अच्छा क्या हो सकता है, क्योंकि इस शहर में आपको कुछ भी अनजान नहीं लगेगा। जब आप यहां पहुंचेंगे, तो सब कुछ जाना-पहचाना सा लगेगा। यहां की भाषा, लोग सब अपने जैसे ही लगते हैं। यहां बिखरा कुदरत का करिश्मा हनीमून कपल्स का मन जरूर मोह लेगा। खूबसूरत सागर और सफेद चमकती रेत देखकर ऐसा लगता है मानो इस छोटे से द्वीप को कुदरत ने खुद अपने हाथों से सजाया हो। यहां के समुद्री तट और जलप्रपात अभिभूत कर देंगे। बे ड्यू टैमेरिन, बे ड्यू टॉम्ब्यू, बेले मेयर और ब्लू बे जैसे समुद्री तट देखने लायक है। टैमेरिन नदी के मुहाने पर स्थित बे डयू टैमेरिन सर्फिंग का केंद्र है। राजधानी पोर्ट लुई से मात्र 15 मिनट की दूरी पर मौजूद बे ड्यू टॉम्ब्यू पर कोको को निहारना अपने आप में रोमांचकारी हो सकता है। चारों ओर समुद्र से घिरा मॉरीशस एक ऐसा द्वीप है, जहां के सुंदर रेतीले बीच सैलानियों को सम्मोहित कर लेते हैं। मछली पकड़ने का शौक रखने वालों को यहां नाव मिल जाती है। नेशनल पार्क, विक्टोरिया संग्रहालय देखने लायक है। स्कूबा डाइविंग, वॉटर-स्कीइंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का भरपूर लुत्फ उठा सकते हैं। फ्लॉक मार्केट बड़ा बाजार है, जहां वीकली हॉट लगता है। पोर्ट लुई में अधिकतर भारतीय हिंदीभाषी लोग है। एक तरह से यहां छोटा भारत बसता है। मकाऊ-हांगकांग: रंगीनियत के लिए मशहूर-चीन के दक्षिणी-पूर्वी तट स्थित मकाऊ बेहद खूबसूरत शहर है। यहां हर तरफ वैभव बिखरा पड़ा है। मकाऊ की प्रसिद्धि की एक बड़ी वजह कैसिनो और यहां की गैम्बलिंग की दुनिया है। इसलिए इसकी तुलना लास वेगास से भी की जाती है। यहां रात के नजारे बिल्कुल अलग ही होते हैं। यहां दिन और रात में आसमान का रंग भले ही बदल जाए, लेकिन माहौल की रंगीनियत चैबीसों घंटे एक जैसी रहती है। पुर्तगाल का उपनिवेश होने की वजह से मकाऊ में चीन के साथ-साथ यूरोपीय शैली की छाप भी देखी जा सकती है।

मरी हुई आत्माओं की अंतर आवाज....

राजनीति में अंतरात्मा के साथ ही मृतात्मा जैसा ही व्यवहार किया जाता है। उन्हें भारतरत्न से अलंकृत किया जाता है। खास चुनाव के समय आत्माओं को सम्मानित करने का बड़ा फल मिलता है। अंतरात्मा पार्टी का व्हिप, सिप नहीं मानती। जो उसका आव्हान करता है, उसे आशीर्वाद दे देती है। दरअसल अंतरात्मा राजनीति से ऊपर उठकर फैसला करती है। लेकिन फैसला करने से पहले चढ़ौती देखती है। अंतरात्मा को जागृत करना, मुद्दई को उसकी आवाज सुनवाना बड़ा तकनीकी काम है। पहले इस विधा में कांग्रेसी दक्ष थे। अब ये दक्षता भाजपाई सीख गये हैं। वे हिमाचल हो या बिहार, किसी भी राज्य में किसी भी दल के विधायक, सांसद की मरी हुई आत्मा को जगाने की सुपारी ले लेते हैं। जिन नेताओं की आत्मा जीवित होती है, उन्हें चिन्हित कर उनकी आत्मा को मार देते है। मरी हुई आत्मा की आवाज सुनना किसी जीवित नेता की आत्मा की आवाज से ज्यादा मुखर होती है। निडर होती है। साफ सुनाई देती है। अंतरात्मा को बुलवाने से पहले उसे जागृत करना पड़ता है। आत्मा काले तिल, काले वस्त्र, काले धन और पतंजलि के शुद्ध घानी के सरसों के तेल से खुश होती है। आप जितना काला धन अर्पण करेंगे, सोयी हुई अंतरात्मा उतनी जल्दी जागेगी, बोलेगी। इतना तेज बोलेगी कि बहरा भी सुन ले। कान वाले तो सुन ही सकते हैं। इसमें किसी पंडित, पुजारी की जरूरत नहीं होती। छठे कान तक इसकी आवाज जाती ही नहीं है। आत्माएं न मरें तो जनादेश का अपहरण असंभव है। भारत में जहां जहां बिना चुनाव के जनादेश बदला गया वहां पहले आत्माओं को मारा जाता है। आत्मा का कत्ल ही तो क्रास वोटिंग कहलाती है। क्रास वोटिंग दल बदल की सहोदर है।

राकेश अचल-
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

आत्मा अजर-अमर है। आत्मा निकाया है, लेकिन उसकी आवाज होती है। ये आवाज जीवित आत्माओं की मुखर होती है। इसे या तो ओझा सुन पाते हैं या नेता। आवाज सुनकर जो फैसले होते हैं, उन्हें क्रास बीड फैसला कहते हैं। इन फैसलों से जो भी होता है उसे वर्णसंकर कहा जाता रहा है। राजनीति में सबसे पहले अंतरात्मा की आवाज कांग्रेस ने सुनी थी। वैसे कांग्रेस को पता था कि राजनीति में अधिकांश लोग अपनी आत्मा को मारकर आते हैं। जो जीवित आत्मा के साथ राजनीति के आंगन में कदम रखते हैं, उनकी आत्मा को सप्रयास मार दिया जाता है। राजनीति में आत्मा की आवाज प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। अंततोगत्वा नेता को अपनी अंतरात्मा मारना पड़ती है। जो ऐसा नहीं कर पाते वे आत्मा और शरीर दोनों से हाथ धो बैठते हैं।

आजादी से पहले नेता आत्मा के साथ राजनीति में आता था, इसीलिए उससे अंग्रेज हार गए। आत्मा से काम करने वालों को आज 75 साल बाद बेईमान, वंशवादी और राष्ट्रद्रोही कहा जाता है। राजनीति में आत्माएं तो पहले आम थी, उस जमाने में महात्मा भी होती थीं। गुजरात को मोहनदास करमचंद गांधी के पास महात्मा थी, हालांकि संघी ऐसा नहीं मानते। वे गोड़से को महात्मा कहते हैं। यानि महात्मा को भी भारतरत्न की तरह विवादास्पद बनाने की कोशिश जारी है। बात अंतरात्मा की आवाज की हो रही है। सबसे पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अंतरात्मा की आवाज को पहचाना। आवाज दी। उसे जगाया। कमाल देखिए कि उस समय के नेताओं की अंतरात्मा जागी। नेताओं ने अपनी अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी और इंदिरा गांधी की पसंद के प्रत्याशी को राष्ट्रपति चुन लिया था। अंतरात्मा की चौतरफा जय जय हुई। राजनीति में अंतरात्मा के साथ ही मृतात्मा जैसा ही व्यवहार किया जाता है। उन्हें भारतरत्न से अलंकृत किया जाता है। खास चुनाव के समय आत्माओं को सम्मानित करने का बड़ा फल मिलता है। अंतरात्मा पार्टी का व्हिप, सिप नहीं मानती। जो उसका आव्हान करता है, उसे आशीर्वाद दे देती है। दरअसल अंतरात्मा राजनीति से ऊपर उठकर फैसला करती है। लेकिन फैसला करने से पहले चढ़ौती देखती है। अंतरात्मा को जागृत करना, मुद्दई को उसकी आवाज सुनवाना बड़ा तकनीकी काम है। पहले इस विधा में कांग्रेसी दक्ष थे। अब ये दक्षता भाजपाई सीख गये हैं। वे हिमाचल हो या बिहार, किसी भी राज्य में किसी भी दल के विधायक, सांसद की मरी हुई आत्मा को जगाने की सुपारी ले लेते हैं। जिन नेताओं की आत्मा जीवित होती है, उन्हें चिन्हित कर उनकी आत्मा को मार देते है। मरी हुई आत्मा की आवाज सुनना किसी जीवित नेता की आत्मा की आवाज से ज्यादा मुखर होती है। निडर होती है। साफ सुनाई देती है। अंतरात्मा को बुलवाने से पहले उसे जागृत करना पड़ता है। आत्मा काले तिल, काले वस्त्र, काले धन और पतंजलि के शुद्ध घानी के सरसों के तेल से खुश होती है। आप जितना काला धन अर्पण करेंगे, सोयी हुई अंतरात्मा उतनी जल्दी जागेगी, बोलेगी। इतना तेज बोलेगी कि बहरा भी सुन ले। कान वाले तो सुन ही सकते हैं। इसमें किसी पंडित, पुजारी की जरूरत नहीं होती। छठे कान तक इसकी आवाज जाती ही नहीं है। आत्माएं न मरें तो जनादेश का अपहरण असंभव है। भारत में जहां जहां बिना चुनाव के जनादेश बदला गया वहां पहले आत्माओं को मारा जाता है। आत्मा का कत्ल ही तो क्रास वोटिंग कहलाती है। क्रास वोटिंग दल बदल की सहोदर है। ये अजर अमर है। लेकिन ये मृत आत्माएं हैं। इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में हमारे देश की मरी हुई आत्माओं को लेकर कोई सानी नहीं है। हमें राजनीति में उलट फेर कराने वाली इन मरी हुई आत्माओं पर गर्व है। मरी हुई आत्माएं हमेशा लोकतंत्र के काम आती हैं। हमारा लोकतंत्र मरी हुई आत्माओं का लोकतंत्र है। हमारी लोक सभा, विधानसभाएं मरी हुई अंतरात्माओं से भरी पड़ी हैं। एक खोजिए, दस मिल सकती हैं। मेरी जीवित आत्मा मुझे हरदम धिक्कारने की कोशिश करती है। शुभचिंतक कहते हैं कि पंडित जी कुछ दिनों के लिए अपनी आत्मा को मरने के लिए तैयार कर लीजिए मालामाल हो जाएंगे। घर वालों की तमाम शिकायतें दूर हो जाएगी। कोई आपको कंगाल, अलाल होने का ताना नहीं मारेगा। लेकिन मैं हूं कि किसी जीवित आत्मा की सलाह नहीं मानता।

ट्रैक्टर नीति पर भी दोहरा मापदंड?

किसान हमेशा से ही ट्रैक्टर को अपनी खेती किसानी के सबसे मुख्य साधन के रूप में प्रयोग करता आ रहा है। इसी ट्रैक्टर से किसान अपनी फसल बाजार में पहुंचता है। खाद बीज आदि इसी पर लाद कर लाता ले जाता है। जुताई बुवाई के अलावा भी खेतों में इसके और भी कई काम होते हैं। चूँकि ट्रैक्टर किसानों व कृषि के मुख्य साधन की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार ने यातायात के कानूनों में इसके लिये अनेक अलग प्रावधान किये हैं। इसे कृषि प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है न कि यातायात के वाहन की श्रेणी में। इसीलिए इससे सम्बंधित यातायात नियमों व यातयायत शुल्क, मार्ग कर आदि में कई तरह की विशेष छूट भी दी गयी है। बावजूद इसके कि ट्रैक्टर यातायात के वाहनों की श्रेणी में नहीं आता फिर भी क्या नेता तो क्या प्रशासन, क्या किसान तो क्या आम लोग सभी इसका उपयोग अपनी सुविधानुसार करते हैं। देश का कोई भी चुनाव बिना ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल किये संभव ही नहीं। नेताओं की चुनावी रैलियों में भीड़ इकट्ठी करने से लेकर उनके चुनावी जुलूसों की लम्बाई बढ़ाने में, चुनाव प्रचार में और अंत में मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग स्टेशन तक पहुँचाने और बाद में उनके विजय जुलूस तक में ट्रैक्टर ट्रॉली जमकर इस्तेमाल की जाती है।

निर्मल रानी-
लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं

एक बार फिर देश किसान आंदोलन का सामना कर रहा है। हर बार की तरह इस बार भी किसानों ने ट्रैक्टर को ही अपना ह्यसारथीह्न चुना है। दरअसल आंदोलन के दौरान ट्रैक्टर व उससे जुड़ी ट्रॉली केवल किसानों को उनके आंदोलन स्थल तक लाने ले जाने का ही काम नहीं करता। बल्कि आंदोलन स्थल पर किसान इसे अपने चलते फिरते घरों की तरह भी इस्तेमाल करते हैं। आंदोलन लंबा खिंचने की स्थिति में यही ट्रैक्टर और उनमें लगी ट्राली उनके अस्थाई घर और गोदाम के रूप में भी काम करती है। राशन से लेकर कपड़ा कंबल ईंधन आदि सभी सामग्री इन चलते फिरते ह्यडिपोह्न में रखी जाती है। किसान हमेशा से ही ट्रैक्टर को अपनी खेती किसानी के सबसे मुख्य साधन के रूप में प्रयोग करता आ रहा है। इसी ट्रैक्टर से किसान अपनी फसल बाजार में पहुंचता है। खाद बीज आदि इसी पर लाद कर लाता ले जाता है। जुताई बुवाई के अलावा भी खेतों में इसके और भी कई काम होते हैं। चूँकि ट्रैक्टर किसानों व कृषि के मुख्य साधन की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार ने यातायात के कानूनों में इसके लिये अनेक अलग प्रावधान किये हैं। इसे कृषि प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है न कि यातायात के वाहन की श्रेणी में। इसीलिए इससे सम्बंधित यातायात नियमों व यातयायत शुल्क, मार्ग कर आदि में कई तरह की विशेष छूट भी दी गयी है। बावजूद इसके कि ट्रैक्टर यातायात के वाहनों की श्रेणी में नहीं आता फिर भी क्या नेता तो क्या प्रशासन, क्या किसान तो क्या आम लोग सभी इसका उपयोग अपनी सुविधानुसार करते हैं। देश का कोई भी चुनाव बिना ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल किये संभव ही नहीं। नेताओं की चुनावी रैलियों में भीड़ इकट्ठी करने से लेकर उनके चुनावी जुलूसों की लम्बाई बढ़ाने में, चुनाव प्रचार में और अंत में मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग स्टेशन तक पहुँचाने और बाद में उनके विजय जुलूस तक में ट्रैक्टर ट्रॉली जमकर इस्तेमाल की जाती है। राजस्थान व पंजाब जैसे राज्यों में तो कई जगह ट्रैक्टर की इन्हीं ट्रॉलियों को आपस में जोड़कर बड़ी से बड़ी स्टेज बना दी जाती है जिनपर मुख्यमंत्री स्तर के नेता तक भाषण देते हैं। उस समय शायद प्रशासन अपनी आँखें मूंदे रहता है। उस समय उसे यह नहीं नजर आता कि ट्रैक्टर सिर्फ खेती का साधन है यातायात या राजनैतिक इस्तेमाल का नहीं। इसी तरह गांव के शादी ब्याह आदि किसी भी समारोह में ट्रैक्टर का इस्तेमाल परिवार के लोगों व सामानों को लाने ले जाने में खूब किया जाता है। इसी तरह देश के अनेक राज्यों में ट्रैक्टर का प्रयोग धार्मिक समागम या तीर्थ स्थलों की यात्रा करने या वहां होने वाले समागमों में भाग लेने के लिये खुले तौर पर किया जाता है। कई धार्मिक मेले व समागम तो इतने विशाल होते हैं कि सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विशेष बसें चलाने के बावजूद तीर्थयात्रियों का सुगम आवागमन संभव नहीं हो पाता। उस समय केवल ट्रैक्टर ट्रॉलियां ही इस अंतर को पूरा कर पाती हैं। पंजाब व हरियाणा के होला मोहल्ला और कपाल मोचन जैसे प्रमुख मेलों की तो ट्रैक्टर ट्रॉली के इस्तेमाल के बिना कल्पना ही नहीं की जा सकती। किसान को प्रायः खुद अपनी पारिवारिक जरूरतों के लिये भी ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन उस समय कभी भी सरकार द्वारा न तो ट्रैक्टर के चालान किये जाते हैं न ही उन्हें यातायात के कानून याद दिलाये जाते हैं। परन्तु जब जब किसानों द्वारा इन्हीं ट्रैक्टर ट्रॉलीज का प्रयोग किसान आंदोलन में अपने आने जाने व सामान आदि रखने या इसमें विश्राम करने की गरज से किया जाता है केवल उसी समय सरकार को किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉली सम्बन्धी नियमों की याद आती है। सोचने का विषय है जो किसान नेताओं के जुलूस रैलियों से लेकर चुनाव संपन्न करने तक व धर्मस्थलों से लेकर बड़े बड़े धार्मिक व राजनैतिक समागमों में अपने इस कृषि संसाधन का प्रयोग करने के लिये लोगों को उपलब्ध करता हो वही किसान अपने कृषि किसानी के अस्तित्व की रक्षा के लिये चलाये जाने वाले आंदोलनों में इसका प्रयोग क्यों नहीं कर सकता? पिछले दिनों हरियाणा पंजाब की सीमा पर लगते शम्भू व खनोरी बॉर्डर पर पंजाब से दिल्ली जाने वाले किसानों के काफिले को पुलिस द्वारा रोका गया। उस समय कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी घटीं। इसी दौरान पुलिस की एक उच्चाधिकारी ओर से किसानों को सम्बोधित एक वीडिओ जारी कर यही कहा गया कि उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार पुलिस किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों का इस्तेमाल मुख्य मार्ग पर यातायात के साधन के रूप में नहीं करने देगी। इसका मतलब तो साफ है कि सरकार हर जगह तो ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात नियमों की अनदेखी कर सकती है परन्तु किसान आंदोलन में किसानों को वही कानून याद दिलाये जाते है? ह्यट्रैक्टरह्न नीति पर अपनाये जाने वाले इस दोहरे मापदंड का मतलब साफ है कि सरकार किसानों के इस संसाधन से डरती और घबराती है? शायद यही वजह है कि प्रशासन को सिर्फ किसान आंदोलन के समय ही ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात कानून आते हैं।

समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में लागू - अब देश में लागू होने की बारी

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

दुनियाँ के अधिकांश देशों में नागरिक कानून सबके लिए समान है। भारत में वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग समान नागरिकता संहिता का पुरजोड़ विरोध करते है। लेकिन किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश के लिए कानून, धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए। यदि देश और राज्य धर्मनिरपेक्ष है, तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकता है? भारत में समान नागरिकता संहिता लागू करने से संबंधित कुछ राज्यों में सर्वोच्च न्यायालय और उच्य न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों की अध्यक्षता में समिति बनी है, उसके समक्ष विभिन्न धर्मों के लोग अपने-अपने विचार रख रहे है। केन्द्र सरकार हर प्रकार की लोकतांत्रिक चर्चा पूरा होने के बाद ही देश में समान नागरिक संहिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय संविधान में समान नागरिक संहिता का उल्लेख भाग-4 के अनुच्छेद -44 में है। इसमें नीति निर्देश दिया गया है कि समान नागरिक कानूनह्व लागू करना हमारा लक्ष्य होगा। डॉ भीम राव अंबेडकर भी इस संहिता के पक्षधर थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने 4 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की बैठक में समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दी। उसके बाद उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल रखा गया। विधान सभा में 80 प्रतिशत सहमति के साथ प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इस प्रकार उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास होने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। विधान सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनते हुए, न केवल इस सदन को बल्कि उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक को गर्व की अनुभूति हो रही है।ह्व उन्होंने प्रेस को बताया कि 12 फरवरी 2022 को लिया संकल्प आज पूरा हुआ है। इस विधेयक की मांग पूरे देश को थी, जिसे आज देवभूमि में पारित किया गया।

समान नागरिक संहिता लागू हो जाने पर विशेष रूप से अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं की स्थिति में व्यापक सुधार आयेगा। समान नागरिकता संहिता बन जाने के बाद उनके लिए अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार जताने और गोद लेने जैसे मामलों में एक समान नियम लागू हो सकेगा। समान नागरिक संहिता लागू होने से में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक सामान, एक बराबर कानून होगा। अब लगता है कि पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास होगा। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता बिल के लागू होने के बाद राज्य में बहु विवाह पर रोक, एक पति या पत्नी के जीवित रहते कोई नागरिक दूसरा विवाह नहीं कर सकेगा, लिव-इन में रहने वाली महिला को अगर उसका पुरूष साथी छोड़ देता है तो वह उससे गुजारा-भत्ता पाने का दावा कर सकगी, हलाला और इद्दत पर रोक होगी, तलाकशुदा पति या पत्नी का एक दूसरे से पुनर्विवाह बिना किसी शर्त के अनुमन्य होगा, वहीं पुनर्विवाह से पहले उन्हें किसी तीसरे व्यक्ति से विवाह करने की आवश्यकता नहीं होगी। उत्तराखंड में आबादी की 82.97 प्रतिशत हिन्दू, 13.95 प्रतिशत मुस्लिम, 2.34 प्रतिशत सिख और 0.74 प्रतिशत अन्य धर्म के लोग है। जबकि मिजोरम में 87.16 प्रतिशत ईसाई, 1.35 प्रतिशत मुस्लिम, 2.75 प्रतिशत हिन्दू और 8.74 प्रतिशत अन्य धर्म के लोग है। वहीं लक्ष्यद्वीप में 96.58 प्रतिशत मुस्लिम, 2.77 प्रतिशत हिन्दू, 0.49 प्रतिशत ईसाई और 0.16 प्रतिशत अन्य लोग है। देखा जाय तो गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख मुद्दों में शामिल था। समान नागरिक संहिता को लेकर देश में समय-समय पर बहस होते रही है और लोग अपने विचार रखते रहे हैं। अपने विचारों में कोई इसे एक खास धर्म के खिलाफ बताते है, तो कोई इसे देश हित में बताते है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब राजद के साथ सरकार में थी तो उन्होंने बिहार में लागू नहीं करने की बात कहते थे। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू भारतीय जनता पार्टी के साथ बिहार में सरकार चला रही है। चर्चा चल रही है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी समान नागरिक संहिता कानून बना सकती है। ऐसे भी समान नागरिक संहिता भाजपा के एजेंडे में जनसंघ काल से ही रहा है और पार्टी तमाम अवसरों पर इसे लागू करने की प्रतिबद्धता भी जताती रही है। भारत में आपराधिक कानून और उस पर सजा का प्रावधान सभी धर्मों के अनुयायियों पर समान रूप से लागू होता है, यानि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में सभी धर्म के लोगों के लिए सजा का कानून समान है। ऐसी स्थिति में प्रश्न यह उठता है कि फैमली लॉ में समानता क्यों नहीं होनी चाहिए? सभी दलों को समान नागरिक सहिता लागू करने के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए। यह राष्ट्र और मानवता के लिए अच्छा होगा। क्योंकि अगर कोई पुरुष किसी महिला से शादी करता है तो नैसर्गिक है। लेकिन कोई एक से ज्यादा शादी करता है, तो अप्राकृतिक होगा। समाज को धार्मिक संकीर्णता छोड़कर समान नागरिक संहिता की बात करनी चाहिए। समान नागरिक संहिता लागू होने पर ऐसा लगता है कि अल्पसंख्यक देश के मुख्य धारा में आ जायेंगे। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता बिल के लागू होने के बाद देहरादून स्थित जामा मस्जिद शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस, नुमाइंदा ग्रुप याकूब सिद्दीकी, लताफत हुसैन और राज्य बेग, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, ऑल इंडिया मजलिस ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत देश भर में मुस्लिम रहनुमाई का दम भरने वाले आज कई नेता है जो कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का खुलकर विरोध कर रहे हैं। जबकि मुझे लगता है कि अच्छा यह होगा कि इसकी खूबियों को सभी मुस्लिम समझें, विरोध छोड़ उत्तराखंड सरकार की इस निर्णय पर उसकी प्रशंसा करने के लिए आगे आएं।

संक्षिप्त खबरें

बेखौफ बदमाशों ने छः लाख लूट कर चलते बने

छपरा। नगर थाना क्षेत्र के श्री नंदन पथ स्थित ओम शक्ति डायग्नोस्टिक सेंटर में बीती रात हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर करीब 6 लाख रुपए लूट का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस चार लाख की राशि ही बता रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात हथियार से लैस आधा दर्जन नकाब पहने बदमाशों ने डायग्नोस्टिक सेंटर पहुंचकर कर्मचारियों को बंधक बनाकर पैसे और सोने के चेन लूट लिए।

भौतिक सत्यापन करते पदाधिकारी

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर के निदेश के आलोक में आज जिला के सभी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थलीय जाँच की जा रही है। विभिन्न जिला/अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी सभी मतदान केंद्रों पर जाकर स्थलीय जाँच कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। इसमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, शौचालय, रैंप आदि की उपलब्धता सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित की जानी है।

विधि मंडल ने एसीजेएम को दी विदाई

छपरा विधि मंडल के उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह एवं छपरा विधि मंडल के सदस्य अजय कुमार प्रमोद राय रघुवंश सिंह दुर्गेश प्रकाश बिहारी एवं अन्य सदस्यो द्वारा ए सी जे एम चतुर्थ सह सब जज 4 अनुपमा को छपरा विधि मंडल की ओर से अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर विदाई दी गई। बताते चले की सब जज का स्थानांतरण पटना उच्च न्यायालय द्वारा पटना बालसा के रजिस्ट्रार के पद पर कर दिया गया है।

जिनके नाम से होगी जमीन की जमाबंदी/होल्डिंग कायम, वही कर सकेंगे जमीन/मकान की बिक्री

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। भूमि के क्रय विक्रय में आपसी विवाद एवं धोखाधड़ी को समाप्त करने के उद्देश्य से मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार द्वारा बिहार रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2008 में आवश्यक संशोधन किया गया है। नये प्रावधान के तहत अब केवल वे व्यक्ति ही जमीन का विक्रय कर सकते हैं, जिनके स्वयं के नाम से जमाबंदी/होल्डिंग कायम हो। जिन परिवारों में अभी तक पूर्वजों के नाम से ही जमाबंदी संधारित है एवं अभी तक आपसी बँटवारा कर अपने-अपने नाम से जमाबंदी/होल्डिंग कायम नहीं कराई गई है, उनकी सहूलियत के लिए राज्य के सभी अंचलों के सभी हल्के में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को आयोजित होगी। इन शिविरों में केवल जमाबंदियों के अद्यतीकरण हेतु आवेदन, स्व हस्ताक्षरित वंशावली, सभी फरिकेनों के द्वारा हस्ताक्षरित बंटवारानामा एवं बिना खाता, खेसरा, लगान, रकबा वाले जमाबंदियों के परिमार्जन हेतु साक्ष्य के साथ प्राप्त किए जाएंगे। शिविर में इनका सत्यापन किया जाएगा एवं तत्पश्चात नियमानुसार आवेदनों को निष्पादित कर जमाबंदी अद्यतीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मंगलवार संध्या में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की तथा शिविर के प्रभावी ढंग से आयोजन को लेकर आवश्यक एवं महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया।

नुक्कड़ सभा कर रैली में शामिल होने का किया आह्वान

प्रात: किरण, संवाददाता

पानापुर (सारण) भाकपा माले ने बुधवार को प्रखंड के कोंधवनपुर, सतजोड़ा, पानापुर, बेलौर, महम्मदपुर सहित दर्जनो बाजारो पर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आगामी 3 मार्च को महागठबंधन द्वारा पटना गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली में शामिल होने का आह्वान किया नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कमिटी के सचिव सभापति राय ने कहा कि संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए केंद्र की तानाशाही एवं सांप्रदायिक सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जातीय गणना कराकर दलितों ,पिछड़ों एवं अतिपिछड़ों को प्रतिनिधित्व देने का काम भाजपा को नही पच रहा है।सभा को अनुज कुमार दास, विजय कुमार सिंह, संतोष कुशवाहा, नागेंद्र प्रसाद कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया।

एकदिवसीय जिलास्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेले का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में बिहार कौशल विकास मिशन संकल्प योजना अंतर्गत जिला निबंधन एवम् परामर्श केंद्र, छपरा के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय नियोजन -सह- मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रोजगार मेला में आए युवाओं को जीवन में उन्नति करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को टूल किट, स्टडी किट, नियुक्ति पत्र एवम् सर्वोत्तम प्रदर्शन करनेवाले कुशल युवा कार्यक्रम सेंटर संचालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2022-2025 की परीक्षा का किया निरीक्षण

- स्नातक पार्ट वन की परीक्षा में कदाचार के आरोप में प्रथम पाली में 6 निष्कासित

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। बुधवार को जयप्रकाश विश्विद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2022-2025 की परीक्षा प्रारंभ हुई। विश्विद्यालय के निरीक्षण दल में शामिल कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद, कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार की टीम सबसे पहले जयप्रकाश महिला महाविद्यालय निरीक्षण के लिए पहुंची। वहां परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में चल रही थी। इसके बाद टीम पीसी विज्ञान महाविद्यालय, रामजयपाल कॉलेज तथा गंगा सिंह महाविद्यालय में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। पीआरओ प्रो. हरिश्चन्द्र ने बताया कि पहली पाली में सारण जिले में 6 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में परीक्षा से निष्कासित किया गया। विदित हो कि आज शिक्षा विभाग, बिहार सरकार में सभी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई थी लेकिन विश्वविद्यालय में चल रही महत्वपूर्ण परीक्षाओं के कारण कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक इस बैठक में शामिल नहीं हो सके। इसे लेकर शिक्षा विभाग को पूर्व में सूचना भी दे दी गई थी। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षाओं का लगातार निरीक्षण कीजिए।

बिट्टू कुमार सिंह को मिला केंद्रीय विश्वविद्यालय से जनसंचार में स्नातकोत्तर की डिग्री

प्रात: किरण, संवाददाता

पानापुर। सारण जिला के पानापुर प्रखंड के पकड़ी नरोत्तम ग्राम निवासी प्रमोद सिंह एवं गीता देवी के पुत्र बिट्टू कुमार सिंह को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची के तृतीय दीक्षांत समारोह में बिट्टू को जन संचार में स्नातकोत्तर की डिग्री मिली। यह प्रमाण पत्र दो वर्षीय पूरक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने पे विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किया जाता हैं। दीक्षांत समारोह के मुख्य अथिति भारत के राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, अतिथि श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री चम्पाई सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, श्री सी. पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल झारखंड एवं प्रोफेसर जय प्रकाश लाल कुलसचिव के मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत के विभिन्न राज्ये के छात्रो को सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा करने पे राष्ट्पति द्रोपति मुर्मू ने बधाई दी। सभी सफलतापूर्वक डिग्री धारक छात्रो को अपने क्षेत्र में जुनून एवं निष्ठा पूवर्क कार्य के लिए प्रोत्साहन की, जिससे भारत देश की कौशल देश दुनिय में और गर्वान्वित हो सके। मिली जानकारी के अनुसार जनसंचार विभाग से स्नातकोत्तर के डिग्री प्राप्त करने वाले सारण जिला के एकलौते बिट्टू कुमार सिंह है। जिन्होंने 2020-22 सत्र में अपनी जनसंचार की अध्ययन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से किये है।

पटना आईआईटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में जेपीयू के कुलपति ने दिया व्याख्यान

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने पटना आईआईटी में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि के रूप में बुधवार को सारगर्भित व्याख्यान दिया। कुलपति द्वारा इंटरनेशनल कांफ्रेंस में दिए गए इस व्याख्यान को देश-विदेश से आए विद्वतजनों के द्वारा काफी सराहा गया। ह्यविकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषयक इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में कुलपति ने विकसित भारत के निर्माण में स्वदेशी तकनीक की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर बल दिया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के साथ इसकी सार्थकता को सामने रखा। इतने बड़े अन्तरराष्ट्रीय अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत कर कुलपति ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। निश्चित रूप से यह सारण प्रमंडल के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के लिए गौरव की बात है।

डेवढ़ी वॉलीबॉल प्रीमियर लीग 2024 में रामकोला ने कप पर जमाया कब्जा

प्रात: किरण, संवाददाता

तरैया। प्रखंड के डेवढ़ी ब्रम्हस्थान के प्रांगण में डेवढ़ी वॉलीबॉल प्रीमियर लीग 2024 सीजन 4 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 08 टीम ने भाग लिया। जिसमे छपरा,नाराव, मढ़ौरा, फतेहपुर चैन आमी, बसही जनता बाजार,रामकोला बनियापुर,एकारी एकमा और बेला दरियापुर की टीमो ने भाग लिया। जिसमे छ टीम एकारी एकमा,बसही जनता बाजार, फतेहपुर चैन आमी, बेला दरियापुर, मढ़ौरा एवं नराव की टीम मैच हारकर बाहर हो गई ।फाइनल मुकाबला छपरा और रामकोला के बीच हुआ जिसमें रामकोला ने छपरा को 3 -1 के सीधे सेटों से हराकर फाइनल कप पर कब्जा जमाया ।उक्त मैच के मुख्य अतिथि में डेवढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह एवं पूर्व सरपंच शत्रुघ्न सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। बेस्ट प्लेयर का अवार्ड छपरा टीम के छोटू को दिया गया।

डीडीसी सहित पदाधिकारियो की टीम ने तीन पंचायतो मे किया निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर। सरकार के निर्देश पर उप विकास आयुक्त साहित स्थानीय अधिकारियो के द्वारा प्रखंड के हरपुर ,मनिकपुरा तथा लौवा पंचायत मे सरकार प्रायोजित कल्यानकारी योजनाओ के क्रियान्वयंन की सघन जाँच की गयी,वही आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कई बूथों का मुलभुत सुविधाओं की भी निरीक्षण किया गया,जहा डीडीसी प्रियंका रानी ने हरपुर पंचायत मे कई योजनाओं के आलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूमिहारा, प्राथमिक विद्यालय हरपुर कराह बूथ संख्या 292,293 उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर दक्षिण टोला बूथ संख्या 294,295 पर बिजली पानी रेम्प थ्री पीन साकेट, शेड, शौचालय आदि सभी निम्न सुविधाओं साहित चरफिया वाहनों के आवगमन की सडके आदि सभी मुलभुत सुविधाओं का निरीक्षण कर पदाधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया।

पूर्वी चंपारण जिला का पहला गांव कौड़िहार एवं लौकहां बाल विवाह मुक्त गांव रोल मॉडल घोषित

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। पूर्वी चंपारण जिला के रक्सौल प्रखंड के धनगढ़वा कौड़िहार पंचायत का लौकहां व कौड़िहार गांव को रोल मॉडल के रूप में बाल विवाह मुक्त गांव घोषित मुखिया तब्बसुम आरा ने इसकी घोषणा की है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया तब्बसुम आरा एवम मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया ऑफिस 47वीं वाहिनी रक्सौल इंस्पेक्टर, एएचटीयू मनोज कुमार शर्मा, मुखिया पति नयाब आलम, सरपंच अतिउल्लाह आलम उर्फ हीरो बाबू, उप मुखिया बिजली राउत, वार्ड सदस्य बिनोद यादव, चंद्रावती देवी व प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण कि जिला समन्वयक आरती कुमारी द्वारा किया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परियोजना एक्सिस टू जस्टिस के तहत नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के आवाहन पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत करीब 1 वर्षों से निरंतर प्रयास से गांव में जागरूकता कार्यक्रम एवं बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जा रही थी। घोषणा पत्र जारी करते हुए पंचायत मुखिया तब्बसुम आरा व मुखिया पति नयाब आलम द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार की सात निश्चय योजना में से एक योजना बाल विवाह है, इस कुरीतियों के अंत के लिए चलाए जा रहे अभियान को प्रयास जूविनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण के सहयोग से एवं ग्रामीणों के सहयोग से 1 वर्षों तक निरंतर पहल कर सफल बनाया गया है। मैं प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की आरती कुमारी एवं मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी इंस्पेटर मनोज कुमार शर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं दे रहा हूं, क्योंकि इनके द्वारा निरंतर प्रयास से बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक लगाने के लिए प्रयास की गई। वही मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप बन गई है। हमारे समाज के लिए, जिससे बच्चो एवं बच्चियों की शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवन को प्रभावित कर रही हैं।

विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाया

प्रात: किरण, संवाददाता

डोरीगंज। सदर प्रखंड के मुसेपुर स्थित बी एन एस एस मंदिर विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र -छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सारण आइ ए एस एकेडमी के डायरेक्टर मंजय प्राण बिहारी, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक शशिभूषण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान प्रदर्शनी जैसे वर्किंग मॉडल आफ वेलकेनो, वाटर साइकलिंग,फूड चेन सिस्टम, ग्रीन हाउस इफेक्ट, वहीं उच्च कक्षा के छात्रों द्वारा ड्रोन सिस्टम,लावा लैंप,मानव पाचन तंत्र,डॉक्टरी स्टेथोस्कोप, थ्री डी होलोग्राम मॉडल, हाइड्रोलिक सिस्टम, इत्यादि प्रस्तुत किया गया। विभिन्न प्रस्तुति में जुनियर वर्ग में आदिति, अनामिका, वैष्णवी, जिया, मुस्कान आदि की टीम ने संयुक्त रूप से ऐसिड बेस का प्रोजेक्ट प्रस्तुति कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रक्सौल नगर परिषद में स्वच्छता और नगर विकास की योजनाओं पर हुई चर्चा

- स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा सुझाव पत्र

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। नगर परिषद के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. (प्रो.) स्वयंभू शलभ ने नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव से मिलकर रक्सौल नगर की स्वच्छता संबंधी समस्याओं और नगर के विकास के विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। नगर परिषद द्वारा प्रस्तावित योजनाओं और उनके कार्यान्वयन पर भी बात हुई। रक्सौल में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा स्वीकृत और बुडको द्वारा निर्माण किये जाने वाले एसटीपी पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. शलभ ने नगर की स्वच्छता और विकास का एक ब्लूप्रिंट भी कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा। नगर प्रशासन द्वारा नेपाली ई रिक्शा और टैम्पू को मैत्री पुल के पास पार्किंग करने के निर्देश के बाद से रेलवे गेट के आसपास जाम में आई कमी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा हजारीमल हाई स्कूल के सामने बनाये गए पार्किंग स्टैंड को कारगर बनाने पर जोर दिया गया। कहा गया कि लोग यदि इस पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी करें तो मेन रोड और बैंकों के सामने लगने वाले जाम को कम किया जा सकता है। सड़क पर जलजमाव न हो इसके लिए मेन रोड स्थित नाले में बनाये गए वीप होल्स को खोलने, सड़क और नाले के बीच लगे पेबर ब्लॉक को व्यवस्थित करने, डिवाइडर को व्यवस्थित कर बीच में प्लांटेशन किये जाने और जर्जर ताड़ के पेड़ों को हटाये जाने के साथ साथ वार्ड नं 25 स्थित मोक्षधाम की समुचित देखभाल और आवागमन के मार्ग को दुरुस्त करने का सुझाव डॉ. शलभ ने दिया जिसे संज्ञान में लिया गया। ईओ श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क विभाग से एनओसी मिलते ही मेन रोड स्थित डिवाइडर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नगर परिषद में सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने के साथ साथ संसाधन को बढ़ाने की पहल की गई है। मछली बाजार-फलमंडी स्थित नाले का निर्माण टेंडर प्रक्रिया में है और नप की बैठक में भकुआ ब्रह्मस्थान के पास स्थित मोक्षधाम को व्यवस्थित करने और वहाँ तक आने जाने के रास्ते को ठीक करने के प्रस्ताव को कार्यसूची में लिया गया है। सुझाव के अन्य विंदुओं पर भी सकारात्मक पहल की जाएगी।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट का किया प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता

तरैया। प्रखंड के शाहनवाजपुर स्थित होली होम स्कूल में बुधवार को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन फीता काटकर विद्यालय के डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता की मां प्रेमा देवी ने किया।विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्रों छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया।इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के 105 विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित किया जिसमें 21 मॉडल का स्टाल लगा हुआ था। प्रदर्शनी में उपस्थित अभिभावक एवं छात्र छात्राओं ने सातवी वर्ग के आदित्य गुप्ता,ऋषभ राज, विनीत कुमार,आदित्य राज व आकाश यादव द्वारा निर्मित लेजर स्वीकृति अलार्म को प्रथम स्थान दिया गया।एमडी आदिल रजा, एमडी आशिफ रजा, अंशु कुमार, प्रीतम सिंह,इरम नाज व इंद्रजीत कुमार द्वारा निर्मित सेभ नेचर को द्वितीय स्थान एवं सहवाज साह, अबूवाकर सिद्दकी व तेजस्वी सिंह द्वारा निर्मित एटीएम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।उपस्थित अभिभावक एवं छात्र छात्राओं ने अवलोकन करते हुए छात्र छात्राओं की प्रतिभा का प्रशंसा किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज ने की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा के तत्वावधान में 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जिसमें सभी तरह के सुलहनीय मामलों का निष्पादन आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। उक्त लोक अदालत में अत्याधिक मामलों के निष्पादन हेतु जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पुनीत कुमार गर्ग की अध्यक्षता में सभी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की बैठक हुई। जिसमे सुलहनिय मामलों के निष्पादन हेतु और आपसी सुलह समझौता के आधार पर अत्याधिक मामलों का निष्पादन कराने निर्देष जिला जज ने दिया। बैठक में जिला विधिक प्राधिकार के सचिव जिगर साह ने अनुरोध सभी पक्षकारों से अनुरोध किया कि सुलहनीय मामलों का निस्तारण उक्त तिथि को अवश्य करावे। जिसके लिए सभी न्यायालय में सूचना भेज दी गई है।

डीएम ने किया भौतिक निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के लिए काउंटिंग हॉल, रिसीविंग सेंटर और डिस्पैच केंद्र निर्माण के लिए बाजार समिति के दुकानों को खाली किया जाएगा। उक्त निदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को बाजार समिति का भौतिक निरीक्षण करने के दौरान दिया। उन्होंने एसडीएम सदर संजय कुमार राय को निदेश दिया कि जिन दुकानों को स्ट्रांग रूम और काउंटिंग हॉल के लिए चिन्हित किया गया है, संबंधित दुकानदारों से अविलंब दुकान खाली करावें । साथ ही भवन प्रमंडल को फौरन निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया।

बीडीसी की बैठक सम्पन्न हुई

प्रात: किरण, संवाददाता

मकेर (सारण) बुधवार को प्रखंड सभागार में समिति सदस्यों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सदस्यों ने जनहित की मुद्दों को बारीकी से उठाया। सदस्यों का कहना था कि कुछ विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षक ज्यादा है जबकि कई बिद्यालय में शिक्षक ज्यादा है। इस समस्या को शीघ्र दूर किया जाए ।कुछ सदस्य सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव होने के कारण लाभुक लाभ से बंचित हो रहे हैं ।कुछ सदस्यों का कहना था कि मनरेगा के पीओ मोबाइल बन्द रखते हैं जिससे परेशानी होती हैं।

संजीवनी नर्सिंग होम में मॉकड्रील के माध्यम से दी गयी आग से बचाव की जानकारी

- अग्निशमन विभाग के कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों एवं वहा मौजूद मरीज के परिजनों की विशेष दिलचस्पी देखी गई

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम के प्रांगण में अग्निशमन विभाग के द्वारा रसोई गैस में लगी आग को बुझाने की मॉक ड्रिल किया गया। इसके जरिए स्वस्थ्य कर्मियों एवं आस पास के आम लोगों को इस बात की जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया कि रसोई गैस में आग लग जाने पर किस तरह से बुझाया जाना चाहिए। अग्निशमन विभाग के कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों एवं वहा मौजूद मरीज के परिजनों की विशेष दिलचस्पी देखी गई। संजीवनी नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ अनिल कुमार दौरा रसोई गैस सिलेंडर में लगे आग को चादर के जरिए बुझा कर दिखाया गया। आग बुझाने की यह मॉक ड्रिल स्वास्थ्य कर्मियों से भी कराई गई । डॉ अनिल कुमार ने बताया कि गर्मी शुरू हो रहा है और गर्मी के दिनों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। उन्होंने कहा कि आग से बचाव की जानकारी रखें ताकि स्वयं एवं परिवार को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अग्निकांड ऐसी आपदा है। इससे बहुत नुकसान होता है। वही मॉक ड्रिल के माध्यम से आग पर काबू रखने एवं उस के माध्यम से होने वाले खतरे को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि एलपीजी से खाना बनाते समय आग लगने पर भींगे कपड़े बाल्टी या हाथ से भी आग को बुझाया जा सकता है। जिससे आग लगने पर उस पर तुरंत काबू पाया जा सके। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के पदधिकारी सुनील कुमार ने कहा की लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि लोग आग लगने को लेकर सतर्क रहें और आग लग जाने पर उसे कंट्रोल करने में सक्षम हो सकें ।उन्होंने लोगों से अपील की आग से बचाव के लिए रसोई घर में बालटी में पानी जरूर रखना चाहिए ताकि आग लगने की स्थिति में फैलने से पहले ही उसे तुरंत बुझाया जा सके। कृष्ण देव पंडित ने बताया कि आग से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान लगातार अग्निशमन विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।

धर्म की आड़ में पुनः सत्तासीन होना चाहती है पूंजीपतियों की पोषक भाजपा

प्रात: किरण संवाददाता। माँझी। केन्द्र में सत्तासीन एनडीए गठबन्धन की सरकार धर्म का सहारा लेकर एक बार फिर से दिल्ली फतह करना चाहती है तथा महाराजगंज के सांसद ने क्षेत्र में विकास का ऐसा कोई कार्य नहीं किया है जिसको वे भुना सकें। यह बातें छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने माँझी के ताजपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिता व पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह द्वारा किये गए विकास कार्यों से सबक लिया है। क्षेत्र के विकास की तरकीब मुझे बखूबी मालूम है। मैंने क्षेत्र के विकास की रूपरेखा तैयार कर रखी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप सब मुझ पर सिर्फ एक बार भरोसा करके सिर्फ पाँच साल का मोहलत दें तो महाराजगंज में विकास का नया पैमाना स्थापित करके दिखा दूंगा। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों की पोषक तथा गाँव व गरीब विरोधी केन्द्र की सरकार ईडी और आईबी का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को बेवजह परेशान कर रही है। केन्द्र की सरकार ने विगत चुनाव में युवाओं से प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादा किया था उनका वादा जुमला निकला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

हत्यारोपी के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती

नावानगर (बक्सर) बासुदेवा ओपी क्षेत्र के आथर गांव निवासी सुमेर सिंह उर्फ मालिक के घर बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की गई। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 24 मई 2023 को जमीन बंटवारे में हिस्सा नहीं मिलने से नाराज भाई ने अपनी बड़ी बहन शिक्षिका कविता कुमारी सुमन को गोली मार हत्या कर दी थी। जिसको लेकर बासुदेवा ओपी में हत्या कांड का मामला दर्ज था। जिसके बाद से ही आरोपी पिछले एक साल से फरार चल रहा है। जिसके उपर बक्सर जिला पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया था। इसके बावजूद भी अबतक वह पुलिस की गिरफ्त से फरार है। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी सुमेर सिंह उर्फ मालिक के घर कुर्की जब्ती किया।

पुलिस ने 10 पेटी शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार

रामगढ़ : थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 10 देश पेटी(ब्लू लाइम) शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार वही इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मेंढा गांव से 10 पेटी ब्लू लाइम शराब,कुल 446 पीस, 200 एमएल प्रति पीस, के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार धंधेबाज मेढा गांव निवासी संजय पासी है। वहीं मेडिकल जांच कराते हुए है न्यायिक हिरासत में भभुआ भेजा गया।

भोजपुर में चार कोओपी से अपग्रेडेड थाना को उद्घाटन भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने किया

आरा : भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के द्वारा भोजपुर में ओपी से थाना में अपग्रेडेड गीधा,कृष्णगढ़ ,सिन्हा और धोबहा थाना का उद्घाटन किया गया तथा वहां पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम जनों को नवीन थाना के फायदे के बारे में बताया गया और उसके साथ ही थाना की अवसंरचना और सुविधाओं में बढ़ोतरी के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गई । इस उद्घाटन समारोह में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी थाना अध्यक्ष के अलावे गांव के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे अब उपरोक्त थाना में 1 मार्च से स्वतंत्र रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा अन्य थाना की प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से उपरोक्त सभी थाना में संपन्न की जाएगी।

चोरों ने लाखों रुपये नगद सहित सामान चुरा हुए फरार

नावानगर (बक्सर) सोनवर्षा स्थित एसआरएम आईटीआई संस्थान में चोरों ने बीती रात चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़ एक लाख रूपए नगद तथा करीब 50 हजार रूपए मूल्य के सामान की चोरी कर ली है। इस संबंध में आईटीआई संचालक उमेश चौधरी ने सोनवर्षा ओपी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में संचालक ने लिखा है, कि मैं जब सुबह अपने आईटीआई संस्थान पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ पाया। जब अंदर गये तो प्रिंसिपल रूम का ताला तोड़ने के साथ उसमें रखा गोदरेज अलमारी को तोड़ दिया गया है। चोरों ने अलमारी में रखा एक लाख तीन सौ रुपया नगद समेत पचास हजार मूल्य का और छोटा छोटा सामान चुरा लिया गया है।

पुलिस सप्ताह के तहत रोहतास में डीआईजी नवीन चंद्र झा ने पुलिस अधिकारियों को दिलाई शपथ

● विभिन्न तरह के सभी अपराधों को पांच प्रण के तहत पांच तरह के कार्य श्रेणियों में रखा गया

प्रात : किरण संवाददाता

शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने बिहार पुलिस दिवस 2024 की जनसंख्या हमारा कार्यक्रम के तहत बिहार पुलिस के पाँच प्रण की शपथ बुधवार को रोहतास जिले के डिहरी नगर थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को दिलाई गई। विभिन्न तरह के सभी अपराधों को पांच प्रण के तहत पांच तरह के कार्य .श्रेणियों में रखा गया है। जिसमें 100% 75% 30% 20% तथा जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार एसपी शुभांक मिश्रा एवं कई डीएसपी के अलावा पुलिस निरीक्षक एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। जिनके द्वारा भी शपथ ली गई। डीआईजी द्वारा दिलाई गई शपथ में जीरो टॉलरेंस वाले अपराध में महिला अपराध के विरुद्ध,रंगदारी के विरुद्ध,भ्रष्टाचार / आधिकारिक पद का दुरुपयोग एवं अनुचित आचरण, पुलिस स्टेशन का खराब रख रखाव एवं वर्दी का अनुचित पहनावा को जीरो टॉलरेंस श्रेणी में रखा है। इसी तरह 100% के तर्ज पर शिकायती/ प्राथमिकी दर्ज कर वादी को प्राप्ति रसीद देने, महिला अपराध पर तत्काल सुनवाई कर महिला अपराध पर महिला पुलिस के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करने, गाँव व मोहल्ले का अपराध सर्वेक्षण करना एवं नागरिकों का व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ना, सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी से निगरानी करना एवं सक्रिय अपराधी को 24 घंटा निगरानी करने वाले कार्य को 100% तर्ज पर रखकर काम करना है। इस तरह 75% वाले कार्य में टॉप 10 अपराधियों की निगरानी एवं हिंसक अपराधों का उद्वेदन करना अनुसंधान एवं एवं निष्पादन करना शामिल है। इस तरह 20 दिनों के अंदर न्यायालय से प्राप्त संबंध एवं वारंट का तमिल करना है साथ ही 20 मिनट के अंदर आपातकालीन स्थिति में डायल 112 की सुविधा एवं लापता व्यक्तियों की सूचना पर पुलिस 20 मिनट के अंदर पहुंचना है ,साथ ही अपराध के बाद घटनास्थल पर पुलिस को 20 मिनट के अंदर पहुंचना है ,साथ ही अपराध के बाद घटनास्थल पर पुलिस को 20 मिनट के अंदर पहुंचना है।

सराहनीय : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत की वैज्ञानिक मॉडल

● अंजबित सिंह कॉलेज द्वारा प्रतिभागी स्टूडेंट हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय में बुधवार को वनस्पति विभाग तहत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यशाला का हुआ आयोजन। अवसर पर महाविद्यालय में चलित मॉडल,भाषण, पोस्टर निर्माण,पेंटिंग प्रतियोगिता, पर्यावरण संगीत, विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटक एवं पर्यावरण निबंध प्रतियोगिता में रोहतास जिला के विभिन्न महाविद्यालय से लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य सुधांशु शेखर भास्कर व वनस्पति विभागाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने फीता काट किया। जिसके बाद छात्रों की टीम ने विभिन्न विषयों पर विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रस्तुति कर लोगों को आकर्षित किया। इसके बाद अलग अलग छात्र-छात्राओं की टीम ने पेंटिंग, ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, पर्यावरण सुरक्षा व मंच संबोधन पर आधारित नाट्य और संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर वनस्पति विभाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने वर्तमान तथा आधुनिक वैज्ञानिक क्षेत्रों अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता,अंतरिक्ष विज्ञान, 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक इंजीनियरिंग, फ्लाइंग ऑब्जेक्टस में किये जाने वाले अनुसंधान से उपस्थित छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए बताया कि छात्र अपने जीवन में विज्ञान के प्रति रुचि रखते हुए विज्ञान के क्षेत्र में अपने कॅरियर को ऊंची उड़ान देकर देश सहित विदेशों में अपना परचम लहरा रहें है। जबकि प्राचार्य सुधांशु शेखर ने बताया ने बताया कि प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति समाज को भी सजग बनाना है।

सांसद का समर्थकों ने किया जेसीाई का भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नरकटियागंज के दो बार के पूर्व विधायक एवं पूर्व लोकसभा सांसद एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे का सासाराम जाने के क्रम में डॉ. नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय परिवार तथा स्थानीय भाजपा कार्यकताओं द्वारा तेंदुनी चौक पर फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के बाद माननीय सांसद महोदय गाड़ी से उतरकर पैदल चलते हुए महाविद्यालय प्रांगण पहुंचे जहां महाविद्यालय परिवार द्वारा बुके फूलमाला,अंगवस्त्रम, डायरी,पेन इत्यादि से भव्य स्वागत किया गया। नई दिल्ली से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. बलराम मिश्रा द्वारा दूरभाष पर महाविद्यालय परिवार को स्वागत समारोह हेतु आदेशित किए जाने के बाद इसे एक भव्य समारोह के रुप में परिवर्तित किया गया।स्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य अमरेंद्र मिश्र ने इन्हें एक ऊजार्वान और समाज के प्रति सदैव समर्पित रहने वाला राजनेता बताया। उक्त मौके पर महाविद्यालय के व्याख्याता रामचंद्र कुमार, केदारनाथ तिवारी,मृत्युंजय कुमार पाठक,सत्येंद्र बहादुर सिंह,महेश गोस्वामी,मनीष कुमार,अमित कुमार मिश्रा,सोनू दुबे,रामजी मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

रोहतास में सी.वी.रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस के सफल स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के करगहर बड़की खरारी स्थित शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय के वशिष्ठ नारायण सिंह ऑडिटोरियम में बुधवार को राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पटना द्वारा आयोजित सी वी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस मे कक्षा 8 एव 9 के रैंक 3से 10 तक के छात्रो को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी की छात्रा का हेमलता कुमारी कक्षा 8 की छात्रा को पुरस्कार मिला है। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ओम प्रकाश, टी एड पी कोऑर्डिनेटर मारुति नंदन मिश्रा बीसीएसटी कोऑर्डिनेटर डॉ सरफराज आलम एवं सभी विभागो के विभागाध्यक्ष के द्वारा संजुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान में रुचि जगाने एवं आम जीवन में विज्ञान का महत्व पर प्रकाश डालते हुए रासायन विज्ञान की प्राध्यापक डॉ सुनिता शर्मा ने व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम के के तहत 5 नवंबर को कक्षा 8 एवं कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं का वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का परीक्षा लिया गया था । जिसमे प्रत्येक कक्षा के तृतीय से लेकर दसवीं मेधा तक के उत्तीर्ण छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी की छात्रा का हेमलता कुमारी कक्षा 8 की छात्रा को पुरस्कार मिला।वह इसी मुहल्ले के पिंटू पासवान की पुत्री है। प्रोफेसर डॉ आलम ने सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी विभागाध्यक्ष तथा स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स को दिया।

बिहार पुलिस दिवस पर प्रशासन ने किया रक्तदान

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगांज (रोहतास) स्थानीय शहर थाना परिसर में बिहार पुलिस दिवस पर प्रशासनिक पदाधिकारी सहित पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान। अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों अंतर्गत पुलिस कर्मियों ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिक्रमगंज थाना परिसर में एसडीपीओ कुमार संजय पहले रक्तदान कर के किया। जिसमें भाग लेते हुए थानाध्यक्ष ललन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी रक्तदान किया। मौके पर एसडीपीओ ने बताया कि मानव जीवन में रक्तदान कर दूसरे व्यक्ति की जान बचना एक पुण्य सामान्य है। जिसमें आमजन भी रक्तदान कर जरूरतमंदों को नई जिंदगी दे सकते है। जिस रक्तदान से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता। आयोजित रक्तदान शिविर डॉक्टरों की देख रेख में देर शाम तक चली। मौके पर काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, काराकाट थाना के पुलिस अधिकारी संजीव कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी लोग मौजूद थे।

भोजपुर डीएम ने हाई स्कूल निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

● आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा कोईलवर हाई स्कूल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। कोईलवर के बहुचर्चित तारामणि भगवान साह उच्च माध्यमिक विद्यालय का बुधवार को जिलाधिकारी राजकुमार ने विधिवत पूजा पाठ कर स्कूल के भवन निर्माण की आधारशिला रखी। भोजपुर डीएम राजकुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि जिले के लिए हर्ष की बात है कि तारामणि भगवान साह उच्च माध्यमिक विद्यालय जो फोर लेन निर्माण में तोड़ दिया गया था उसका अब अपना नया भवन जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। विद्यालय निर्माण में कई अड़चने आई लेकिन आज से स्कूल निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य शुरू कर दिया गया है। यह इस जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। कोइलवर में चिन्हित जगह पर एक मॉडल हाई स्कूल बनाने का कार्य किया जा रहा है। लगभग 6 करोड़ की लागत से दो मंजिल इमारत बनने जा रही है ।वही कोईलवर का तारामणि भगवान साव उच्च माध्यमिक विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्कूल बनाने के लिए संवेदक को 6 महीने का समय दिया गया है। इस दौरान भोजपुर डीएम राजकुमार ने संवेदक से बाते करते हुए कहा कि आप स्कूल के भवन का निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर कीजिये ।आपको पैसा भेज दिया गया है स्कूल का बिल्डिंग मजबूत बनाइये और जल्दी बनाइये साथ ही उन्होंने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मालूम हो कि स्कूल के निर्माण के लिए विद्यालय की ओर से थाना के बगल में स्थित जल संसाधन विभाग की खाली पड़ी जमीन प्रस्तावित की गई थी जिसपर बुधवार से स्कूल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आरा सांसद आरके सिंह ने हाई स्कूल के नए भवन बनवाने के लिए काफी सहयोग किया है उन्ही के सहयोग के कारण आज ये बहुप्रतीक्षित कोईलवर उच्च विद्यालय का नवनिर्माण का सपना साकार हुआ है उन्होंने नगरवासियों की ओर से सांसद आरके सिंह व जिलाधिकारी राजकुमार को धन्यवाद दिया।

एनसीसी कैंप का कमांडेंट ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) नगर निगम स्थित उच्च विद्यालय चौखंडी पथ में स्थित एनसीसी के कैंप का 42 बटालियन के कमांडेंट डीएस मलिक ने निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने का निर्देश देते हुए कहा कि सासाराम नगर के चौखंडी पथ स्थित उच्च विद्यालय में बनें एनसीसी कैंप द्वारा कैडट को प्रशिक्षित करने का कार्य जारी है। कर्नल मलिक ने बच्चों से मिलते हुए बताया कि वे लोग अपने शैक्षिक जीवन में अनुशासन का पालन करें। साथ पदाधिकारियों द्वारा बताए दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए अपने दिनचर्या को नियमित करें। साथ ही कैडेट कोर के लक्ष्य को प्राप्त अपने जीवन को संवारें।

कोइलवर पहुँचे भोजपुर एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाये पांच प्रण

प्रात : किरण संवाददाता

आिरा। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार बुधवार को कोइलवर थाना पहुँचे जहां उन्होंने सभी कर्मियों व अधिकारियों को वर्ष 2024 के लिए बिहार पुलिस के पांच प्रण के तहत प्रण दिलाया। बुधवार सुबह 11 बजे कोईलवर थाना पहुंचे एसपी प्रमोद कुमार ने थाना का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने थाने के कार्यप्रणाली की समीक्षा की एवं आने वाले फरियादियों की समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। महिला हेल्प डेस्क,आवेदकों को पावती प्रति समेत अन्य चीजों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद थाना के सभी कर्मियों व अधिकारियों को वर्ष 2024 के लिए बिहार पुलिस के पांच प्रण के तहत 100-75-30-20-0 का प्रण दिलाया गया।इसके अंतर्गत 100 प्रतिशत शिकायत या एफआईआर की पावती रसीद,महिला अपराध कि सुनवाई महिला पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा करना,व्हाट्सएप ग्रुप से नागरिकों को जोड़ना,संवेदनशील स्थानों पर कैमरा एवं सक्रिय अपराधियो पर सतत निगरानी का प्रण दिलाया गया।वहीं 75 प्रतिशत टॉप 10 अपराधियो की गिरफ्तारी एवं हिंसक अपराधों का उद्भेदन सुनिश्चित करने का प्रण दिला। साथ ही 75 दिनों में किसी भी अनुसंधान का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावे 30 मिनट में थाने पर आए नागरिकों को सेवा उपलब्ध कराने को कहा। वही 30 दिनों में जांच को पूर्ण करना और वादी को निशुल्क प्रति उपलब्ध कराना, साथ ही चरित्र सत्यापन आदि को पूर्ण करने की बात कही।

आभूषण समेत लाखों की संपत्ति जल कर ख़ाक

प्रात : किरण संवाददाता

डुमरांव (बक्सर) नगर के वार्ड 16 स्थित एक घर में अगलगी से दो लाख के आभूषण समेत लाखों की संपत्ति जल गई है। यह घटना सोमवार की भोजपुर राजवाहा से पश्चिम तथा अगड़ानंद स्वामी महाराज के आश्रम के पीछे बनी नई कॉलोनी की है। पीड़ित मूलरूप से सिकरौल थाना क्षेत्र के पतरकोना गांव के ललू तिवारी है। मिली जानकारी के अनुसार ललू साफाखाना रोड के पास नहर से पश्चिम अपना घर बनाए है। जहां उनका लड़का रहकर पढ़ाई करता है। सोमवार की रात उनका लड़का कही चला गया था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। लोगों को जबतक इसकी जानकारी होती तबतक पूरा घर आग की चपेट में आ गया था। हालांकि मोहल्ले वालों ने साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिये। वही फायर ब्रिगेड को भी इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशामन वाहन ने आग पर काबू पाया।

प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख पर अविश्वास मत का प्रस्ताव पारित

प्रात : किरण संवाददाता

सिमरी (बक्सर) सिमरी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मंगलवार को सभागार में प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन कराया गया। मत विभाजन में दोनों पर ध्वनि मत से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। इस दौरान प्रखंड के कुल 29 में से 20 पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे। प्रमुख प्रियंका पाठक व उप प्रमुख चंदन कुंवर पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 20 बीडीसी सदस्य मतविभाजन में शामिल हुए, जिसमें 19 मत वैध पाए गए तथा एक मत रद्द घोषित किया गया। सभी मत अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में थे। जाहिर है, प्रमुख तथा उप प्रमुख को अपनी कुर्सी से हाथ धोना पड़ा है। बता दें कि करीब तीन दो महीने से सिमरी प्रमुख व उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बीडीसी सह पूर्व प्रमुख सत्यनारायण दूबे की पत्नी सुशीला देवी के नेतृत्व में लाया गया था। लेकिन अवश्विस प्रस्ताव आते ही प्रमुख प्रियंका पाठक ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहां से कुछ दिनों तक स्टे लगा था। लेकिन, स्टे हटते ही बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने 27 फरवरी को मतविभाजन की तिथि मुकर्रर की। निर्धारित तिथि पर सुशीला देवी के नेतृत्व में कुल 20 सदस्य मतविभाजन को पहुंचे। इस दौरान बीडीओ के अलावे डुमरांव डीसीएलआर मो. शहजाद अहमद के अलावे बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। अविश्वास प्रस्ताव तथा पंचायत समिति के पूर्व की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन काफी मुश्तैद था। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। हालांकि प्रमुख व उप प्रमुख के समर्थक गायब रहे। जिस कारण किसी तरह की टकराव कड़ी नौबत नहीं आई। बीडीओ शशिकांत शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जल्दी ही नये प्रमुख व उप प्रमुख के चयन के लिए तिथि निर्धारित की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस के जगदीशपुर प्रखंड के हरदिया में एक सेमिनार का आयोजन किया गया

● कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय पांडे, लाल भूषण पंडित, अमन कुमार प्रकाश कुमार शिवमोहन यादव कृष्णा पांडे का सक्रिय योगदान रहा

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर : अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस के तहत विश्व युवक केंद्र और अंत्योदय चेतना मंडल के द्वारा जगदीशपुर प्रखंड के हरदिया में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर दांवा पंचायत की मुखिया शुसुमलता कुशवाहा, पंचायत की मुखिया सनझावती देवी, सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ प्रोफेसर प्रमोद कुमार एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार आदर्श कुमार, शाखा प्रबंधक आदित्य कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री प्रमोद कुमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में महिलाओं में निवेशः उन्नति को बढ़ावा विषय पर अपने संबोधन में कहा कि बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकारी संसाधनों के निवेश में निरंतर प्रगति हो रही है। महिलाओं की शिक्षा, साक्षरता एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होने लगा है। दाँवा पंचायत की तेज तर्रार मुखिया शुसुमलता कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार ने प्रत्येक विभाग में जेंडर बजटिंग कर योजनाओं को मूर्त रूप दे रही है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है यह समाज और सरकार के बेहतर सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। गांव में इस तरह के आयोजन के लिए उन्होंने दोनों संस्थाओं को धन्यवाद दिया। शिक्षिका नीतू कुमारी ने कहा कि आज महिलाएं घर समाज को मजबूत करने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान सभी क्षेत्रों में बना रही है। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार आदर्श कुमार एवं शाखा प्रबंधक आदित्य कुमार ने महिलाओं को विस्तृत जानकारी देकर प्रभावित किया। सामाजिक कार्यकर्ता रानी पांडे ने कहा कि घरेलू निर्णय में महिलाएं आज अपनी भूमिका निभा रही है साथ ही साथ स्वयं उपयोग करने वाले बचत खाता संचालित कर रही हैं। गांव में उनके स्वावलंबन हेतु इन्हें और जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के सचिव रामनाथ ठाकुर ने कहा कि अब महिलाओं को सामाजिक,आर्थिक एवं तकनीकी रूप से जागरूक करने हेतु पहल करना होगा। विश्व युवक केंद्र और अंत्योदय चेतना मंडल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़की हरदिया, छोटकी हरदिया, खरहा टोला,पानापुर गांव की महिलाएं एवं उच्च माध्यमिक कक्षा की छात्राएं सैकड़ो की संख्या में शामिल हुई । कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय पांडे, शिवमोहन यादव कृष्णा पांडे का सक्रिय योगदान रहा।

कोइलवर में लाभार्थी कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखंड में भाजपा नगर मंडल द्वारा लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को टास्क दिया गया ।कार्यशाला में आये मुख्य प्रशिक्षक सुरेंद्र प्रजापति ने नगर मंडल के भाजपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं धरातल पर कितनी उतर पाई है इसकी समीक्षा करें ।केंद्र सरकार द्वारा आमलोगों को मिली सुविधा और लाभ के बारे में लाभार्थियों से मिलकर उनका फीडबैक लें ।केंद्र के योजनाओं से उन्हें कितना लाभ मिला है और वे कितना संतुष्ट हैं यह उनसे मिलकर समीक्षा करें ।प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिले शौचालय योजना,किसान सम्मान,उज्ज्वला योजना,आयुष्मान योजना,स्ट्रीट वेंडर समेत अन्य कई लाभकारी योजनाओं के बारे में आम लोगों और लाभार्थियों के बीच जाकर इसकी जांच,समीक्षा और फीडबैक लेने को कहा। इस बारे में बात करने पर नगर भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि लाभार्थी योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा आम नागरिकों के लिए चलाए जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के मिलने वाले लाभ के बारे में मिलकर बात करना है। इसके लिए सभी लाभुकों से मिलकर उनसे योजनाओं से मिले लाभ के बारे में जानकारी ली जाएगी।

मंडल के चांदी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में 9 पंचायत के लाभार्थियों की बैठक संपन्न हुई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में मेयर इंदू देवी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के न सिन्हा, डॉ अमित जयसवाल, डॉ अनिल सिंह,संतोष सिंह भारद्वाज ने संयुक्त रूप से आरा रोटी बैंक की 6वीं वर्षगांठ। आरा रोटी बैंक के संतोष सिंह भारद्वाज ने कहा आरा रोटी बैंक की स्थापना का ये छठा वर्ष है। आरा रोटी बैंक का एक ही मंत्र अनुशासन है जिसकी वजह से ये बिना रुके लगातार वर्षो से जरूरतमंदो की सेवा में योगदान करते आ रहे हैं ।जरूरतमंदो की सेवा को टीम का हर सदस्य निस्वार्थ भाव से सेवा को समर्पित है। इस क्रम में चंदवा मुसहर टोला के जरूरतमंद बच्चो की सामूहिक शिक्षा की भी व्यवस्था आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में की जा रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली देवी,नेहा,श्रुति अग्रवाल, सपना केशरी, मुक्तिकांत, अभिषेक, राकेश केशरी, मोसारिब, टोनू, विशाल, दीपू, रौशन, राजा, मनीष, यशवीर, राजीव सिंह, रितेश, अभिषेक सिन्हा, राजीव, राहुल आनंद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अग्निशमन विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता। भभुआ शहर में विभिन्न जगहों पर अग्निशमन विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही अग्निशमन विभाग के अधिकारी हनुमान राम ने बताया कि शहर के विभिन्न जगहों पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कहीं भी आग लगने पर कैसे बचाव किया जा सके इससे संबंधित लोगों के बीच जानकारी दी जा रही है और इसके साथ पेपर वॉलेट भी दिए जा रहे हैं। ताकि खाना बनाते समय ढीला ढीला वस्त्र का प्रयोग ना करें माचिस सिगरेट लाइटर एवं गैस सिलेंडर से दुर रखें। ऐसे तमाम जानकारियां लोगों के बीच में अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

नीतीश चौधरी दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज सुनील कुमार सिंह ने माली थाना कांड संख्या - 90/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी नीतीश चौधरी पनवारा मदनपुर को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि काराधीन बंदी अभियुक्त नीतीश चौधरी को पोक्सो एक्ट की धारा - 4 (1) में दोषी करार दिया गया है। अभियुक्त को ट्रायल के दौरान हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली। अभियुक्त को 02/03/24 को सजा सुनाई जाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता की मां के प्राथमिकी का आवेदन पर 15 नवम्बर 2019 को आरक्षी अधीक्षक कार्यालय से अग्रसरित किया गया था, तत्पश्चात 25/11/19 को अभियुक्त के खिलाफ भार्दवि धारा -366ए में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता को स्कूल जाते समय अभियुक्त ने अपहरण कर शादी कर ली थी शादी के चौदह माह बाद अभियुक्त दुसरी शादी करने के लिए पीड़िता का हत्या करना चाहता था इसकी भनक लगते ही पीड़िता ने परिवारवालों को खबर की और प्राथमिकी दर्ज करवाई। 02/03/24 को पोक्सो एक्ट में दोषी को सजा सुनाई जाएगी।

अकेन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह रथयात्रा: डॉ मनीष पंकज मिश्र

गया। शहर के न्यू एरिया में विकसित भारत संकल्प रथ का भव्य स्वागत भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, सारिका वर्मा पार्षद 37, महेश यादव, बबलू गुप्ता,,राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, बबलू सिंह, पिंटू सिंह, पम्मी कुमारी समेत भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिए यह रथयात्रा मोदी के अगुवाई में शुरू किया गया है। जिसमें अभी तक छुटे हुए लोगों को राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मुद्रा लोन, विश्व कर्मा योजना के लिए फार्म जमा किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से देश प्रेम, भाईचारा,का सपथ दिलाया गया है।

बच्चे देश के भविष्य है: सत्येन्द्र रंजन

अरवल। जिला के निजी विद्यालय के प्रबंधक के द्वारा शिक्षा ब्यवस्था पर जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर अपनी राय रखते हुए कहा कि निजी विद्यालय के प्रबंधक को विशेष रूप से शिक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए । बच्चे देश के भविष्य है , बच्चे के भविष्य को बनाने वाले आप (शिक्षक) है , बड़ी आशा और उम्मीद के साथ निजी विद्यालय में बच्चे के अभिभावक बच्चों को बेहतर भविष्य को लेकर नामांकन कराते है , लेकिन प्रायः देखा जा रहा है कि निजी विद्यालय के प्रबंधक के द्वारा शिक्षण कार्य से अलग हटकर अन्य विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है , जो बेहतर शिक्षा के लिए किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है । मेरा मानना है कि विद्यालय में सूचीबद्ध कर रूटीन के अनुसार बच्चों को शिक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । विद्यालय के रैंकिंग का मापदंड बच्चों के परीक्षाफल के परिणाम पर निर्भर करता है और आप कितना बच्चों को पढ़ाते है , उसका भी मूल्यांकन बच्चों के बेहतर परीक्षाफल के परिणाम से ही होता है । निजी विद्यालय के प्रबंधक को अन्य चीजों से अलग रहने की जरूरत है । फोकस सिर्फ शिक्षण कार्य एवं शिक्षण से संबंधित विषयों पर होना चाहिए ।

दहेज मुक्त विवाह, दूल्हा और दुल्हन ने लोगों को दिया दहेज मुक्त विवाह का संदेश

प्रात: किरण संवाददाता

गया। भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया में हुआ दहेज मुक्त शादी बिहार सरकार के द्वारा बाल विवाह और दहेज मुक्त बिहार बनाने के लिए योजना चलाई जा रही है ज्ञात हो की बिहार सरकार के द्वारा शादी में लेन -देन की प्रथा को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है वही समाज के लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है ताकि दहेज प्रथा को समाप्त किया जा सके इस से प्रभावित होकर भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया में 27 फरवरी 2024 को धूम धाम से दहेज मुक्त विवाह हुआ है वंही इस शादी में आये सभी अतिथियों ने दहेज मुक्त शादी की सराहना किया है और दहेज मुक्त बिहार बनाने का संदेश दिया है वंही बोधगया के विकाश कुमार ने दहेज मुक्त शादी कर के बोधगया निवाशियो के साथ -साथ बिहारवासियो को दहेज मुक्त शादी करने का संदेश दिया है।

वंही दूल्हा विकाश कुमार ने बताया की यह योजना बिहार सरकार चलाई ही इसलिए है की दहेज मुक्त बिहार बने और आपको खुद से सोचना भी चाहिए की ऐसा नहीं करना चाहिए और यह दुःखद बात है की इसके लिए सरकार को योजना चलना पड़ता है अगर आप किसी परिवार से दहेज लेते है तो वह सम्मान आपको कभी नहीं मिलेगा दहेज लेने पर और अगर आप दहेज मुक्त होकर शादी करते है और समाज में एक संदेश देते है और दहेज मूत समाज बनाने में सहयोग करते है तो इससे आप अपने नजर में समाज के नजर में अपनी पत्नी के नजर में और आप जिस परिवार से जुड़ रहे है उनके नजर में आपकी अहम्-इज्जत बनती है और दहेज लेना और देना दोनों बहुत गलत बात है और दहेज प्रथा कई वर्षो से चलता आ रहा है इसको अब समाप्त करना चाहिए। दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए बहुत महापुरषो से कदम उठाया है और सरकार भी योजना चला रही है मगर आज भी हमारा समाज दहेज प्रथा के चुगुल में फसता जा रहा है और दहेज प्रथा को रोकने के लिए सभी को आगे आना चाहिए सभी युवाओं को इसमें सबसे पहले आगे आना चाहिए और दहेज मुक्त समाज ही इस देश को आगे लेकर जायेगा और सुनहरा बनाएगा। वंही दुलहन करिश्मा गुप्ता ने बताया की हमारी शादी बोधगया के रहने वाले विकाश कुमार गिरी से हुई है और हमलोफ जिस तरह से दहेज मुक्त शादी किये है इससे समाज को एक प्रेरणा देना चाहते है की दहेज लेना सही नहीं है और दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहिए दहेज प्रथा के कारन बहुत साड़ी लड़कियों को तकलीफ होती है और लड़कियों को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है और यही कारन है की हमलोग दहेज देना सही नहीं समझते है और इसलिए दहेज मुक्त शादी किये है। दुल्हन की बड़ी बहन सोनाक्षी ने बताया की दहेज लेना और देना यह विवाह के प्रथा में नहीं है और विवाह में कन्या का दान होता है कन्यादान होता है और वह तो खुद एक दान है और अगर किसी रिश्तो को पैसे से तोलते है तो वह सही चीज नहीं है और रिश्तो को पैसे से नहीं तोलना चाहिए किसी भी लड़की को उसके माँ और पिता बहुत ही प्यार से बड़े करते है और जो भी वह खुशी से देते है तो वह अपनी बेटी को देते है और जो लोग दहेज मांगते है वह बिलकुल गलत होता है। वंही दुलहे के बड़े भाई अशोक कुमार ने बताया की हमलोगो ने दहेज मुक्त शादी का पहल किये है ताकि समाज में एक संदेश जाए और दहेज प्रथा से कितने परिवार को परेशानी होती है और उससे बहुत वर्षो तक लड़की के परिवार उभर नहीं पाते है हमलोग एक समाजसेवी परिवार से आते है और हमलोग कोशिश कर रहे है की देहज मुक्त समाज हो।

राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू की पुण्यतिथि आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की 51वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह के अध्यक्षता में उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया संचालन समाजसेवी सुजीत कुमार सिंह ने किया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संबोधन के क्रम में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में राजेंद्र बाबू ने महती भूमिका निभाई थी। 1917 के चंपारण सत्याग्रह में महात्मा गांधी के बिहार आगमन पर उन्होंने गांधी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर सत्याग्रह को मूर्त रूप प्रदान किया था। हिंदी भाषा से उन्हे अगाध प्रेम था। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना राजेंद्र बाबू द्वारा ही किया गया था। स्वतंत्रता के पश्चात भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने और उन्होंने पूरे भारत में गणतांत्रिक व्यवस्था को पूर्णता प्रदान करने का कार्य किया था। उनके ही अध्यक्षता में संविधान सभा का गठन किया गया था उसे लागू कर पूरे भारत में संवैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। उनके जीवन का मूल उद्देश्य था सादा जीवन उच्च विचार। मौके पर अधिवक्ता अमन राज एवं राम पुकार ओझा, पवन कुमार सिंह, राहुल कुमार, जितेंद्र सिंह, राणा सुनील सहित अन्य उपस्थित थे।

मांगलिक कार्यक्रम में कवि सम्मेलन आज

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में प्रसिद्ध समाजसेवी कृष्णा मेहता के आवास पर 29 फरवरी को रात्रि में मांगलिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की जिला इकाई औरंगाबाद के कवियों के सानिध्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष धनंजय जयपुरी ने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम के मौके पर नामचीन कवियों द्वारा कवि सम्मेलन में सहभागिता निभाई जाएगी। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने इस तरह के कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि आज के उपभोक्तावादी संस्कृति के युग में मांगलिक कार्यक्रमों में लोग आर्केस्ट्रा एवं अन्य तरह के कार्यक्रम आयोजित किया करते हैं लेकिन मांगलिक समारोह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना एक साहित्यिक नवीन परंपरा की शुरूआत माना जा रहा है। कवि सम्मेलन में औरंगाबाद के प्रसिद्ध कवि विनय मामूली बुद्धि,इकबाल अख्तर दिल,नागेंद्र प्रसाद केसरी, अनिल कुमार अनल,हिमांशु चक्रपाणि,जनार्दन मिश्र जलज की सहभागिता होगी।

कवि-सम्मेलन का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। फेसर थानान्तर्गत बाकन गांव में भगवान सूर्यनारायण मंदिर की पहली वर्षगांठ पर सूर्य नारायण विकास समिति द्वारा भव्य कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी तथा संचालन व्यंग्य के सिद्धहस्त कवि विनय मामूली बुद्धि ने किया। सर्वप्रथम आयोजकों द्वारा आगत अतिथियों का पुष्प हार, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया, तदुपरांत आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण सिंह उर्फ.महात्मा जी ने स्वागत भाषण दिया। कवि-सम्मेलन की शुरूआत करते हुए हिमांशु चक्रपाणि ने बड़े ही मधुर स्वर में सरस्वती-वंदना प्रस्तुत किया, तदुपरांत एक मुक्तक पढ़ते हुए कहा-₹हो जिसके सारथी माधव उसे किस बात का भय है, समर्पित कर दिए भगवान को तो जीतना तय है। वहां पर चक्रपाणि मार्गदर्शक थे धनंजय के, यहां पर मार्गदर्शन चक्रपाणि के धनंजय हैं। बनारस से पधारीं कोकिलकंठा पूनम श्रीवास्तव ने काव्य-पाठ के दौरान कहा मैं काशी की हूं बेटी प्रीति का उनमान लिख दूंगी, मैं कांटो की कलम से फूल की मुस्कान लिख दूंगी। ₹व्यंग्य विधा में पारंगत मगही कवि रणजीत दूधू ने अपनी कविता की प्रस्तुति देते हुए कहा कि ₹बुढ़िया मांगे रंगीन फोटो, बुढ़वा बायोडाटा, भीतर से बोल रहल पुतोहिया नए हो घर में आंटा₹ कवि दूधू की इस प्रस्तुति पर जमकर तालियां बरसीं। अनिल अनल ने अपने देशभक्ति गीत के माध्यम से श्रोताओं- दर्शकों के मन-मानस को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कवि नागेंद्र केसरी की भावपरक कविता ₹इक नन्हा बच्चा सोया था, मीठे सपनों में खोया था₹ पर उपस्थित जनसमूह भाव विभोर हो गया और तालियों की बौछार हो गई। अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान धनंजय जयपुरी द्वारा पढ़े गये मुक्तक की पंक्तियां₹ जहां हो वास ईश्वर का उसे हम धाम कहते हैं, पड़े गर्दिश में कोई तो विधाता वाम कहते हैं।

करे वापस विजित लंकापुरी जो स्वर्ण से निर्मित, हरे पीड़ा व बांटे सुख उसे श्रीराम कहते हैं पर पूरा परिसर श्रीराममय हो गया। इस अवसर पर अनु कुमार सिंह, रामरूप सिंह, अरविंद सिंह, सोनू कुमार सिंह, रानू कुमार सिंह, गोपाल सिंह (महात्मा जी) सहित सैकड़ों बुद्धिजीवी व साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

सांसद ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण एवं तैयारियों का जायजा

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद आगमन को लेकर सांसद सुशील कुमार सिंह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण एवं तैयारियों का जायजा लिया। सांसद ने जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं कई जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर सभी चीजों के बारे में बारिकी से चर्चा किया। सांसद ने इस निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी तैयारियां तेज गति से शुरू हो गया है।

इस विशाल जनसभा में आने वाले सभी लोगो को पार्किंग स्थल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए प्रयाप्त ब्यवस्था किया जाए। इस मौके पर विधान पार्षद दिलीप सिंह,जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,पूर्व जिला महामंत्री सह पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,आशु अभिनव,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,जितेन्द्र गुप्ता,विनय शर्मा,मंटू सिंह,प्रो.नागेन्द्र सिंह,सोनू सिंह,अक्षय पांडेय,टनटन सिंह,विवेक सिंह,दिपक कुमार एवं भाजपा कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

अंचल अधिकारी पर मनमानी तरीके से कार्य करने के लगे आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं अरवल विधानसभा के संयोजक भास्कर कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर कहां की अरवल अंचल अधिकारी के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य करने की बात कही, एहर अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए जो प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है उसके लिए अब 300 का एफिडेविट एवं करंट रसीद देना अनिवार्य होगा यह निर्देश अंचल अधिकारी अरवल के द्वारा दिया गया है जो आवेदक के लिए बहुत दुखद है पूर्व के अंचल अधिकारी एहर बनाते थे तो वह कोई एफिडेविट या रसीद नहीं लेते थे उनके तबादला के बाद नए अंचल अधिकारी का नया फरमान हिटलर शाही जैसा लग रहा है आम अवाम को कोई भी कार्य को सुलभता प्रदान करना पदाधिकारी का कर्तव्य होता है यह सरकार जनहित की सरकार है जनता जनार्दन देव तुल्य है लेकिन ऐसी संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित पदाधिकारी जब मन हो फरमान जारी कर देते हैं इसकी जांच होनी चाहिए कि ऐसा कौन सा लेटर राजस्व विभाग का आया है जिसमें एफिडेविट और करेंट रसीद आवश्यक लगाना है और ऐसा करना है तो पूर्व के अधिकारी ऐसा क्यों नहीं किए । एह्र के आवेदकों के साथ इस तरह का रवैया अपनाना बहुत ही दुखद विषय है आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ाना घोर अन्याय है मैं भास्कर कुमार भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरवल इस कार्य का घोर निंदा करता हूं एवं जिला पदाधिकारी से उचित मार्गदर्शन का अनुरोध करता हु।

सभी राशनकार्ड धारियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा आयुष्मान कार्ड बनेगा: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया के समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी डा एस एम त्यागराजन ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत दो मार्च किया शुरू हो रही है। कुछ दिन पहले मंत्रीमंडल बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा राशन कार्ड धारियों को भी राष्ट्रीय खाध सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों बचे दो लाख एक्कासी हजार सात सौ चोसठ परिवार वालों में से तेरह लाख अड़तीस हजार लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया गया है। इस योजना को दो मार्च से हर जनवितरण प्रणाली दुकान पर नया आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। दो मार्च लगातर जन वितरण प्रणाली दूकानदारो के यहा जाकर कोई भी राशनकार्ड धारि बना सकते हैं। आज बुधवार तक छः सौ राशन दुकान को चिन्हित किया गया है। जहा आयुष्मान कार्ड बनवाने वाले ओपरेटेरो को जोड़ दिया गया है। विशेष अभियान के बाद भी हर जन वितरण प्रणाली दुकान एवं वसुधा केन्द्र में राशनकार्ड धारी के यहा बन जाएगा। पीडीएस डीलर,एम ओ और सभी अनुमण्डलीय अधिकारी के साथ बैठकर इसकी पुरी जानकारी दी गई है। जन वितरण प्रणाली दुकान से ही आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा। इसमें पात्र लभर्थी को नि शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। इसमें सबसे पहले परिवारीक पहचान के लिए राशनकार्ड या जिन लोगों के पास प्रधानमंत्री आफिस से आये लेटर मे नाम होनी चाहिए और जिनका आधार कार्ड और राशन कार्ड या प्रधानमंत्री लेटर में नाम समान होनी चाहिए तभी यह कार्ड बन सकता है। गम्भीर से गम्भीर बीमारी का इलाज इस कार्ड से इलाज करा सकते हैं। गया जिला में ग्यारह अस्पताल आयुष्मान कार्ड से जुडे है जहा इलाज हो सकता है। आपकी किसी भी जानकारी एवं शिकायत 104 पर कर सकते हैं। 2013 मे जो सर्वेक्षण किया गया था उस समय से ये योजना का लाभ दिया जा रहा था फिर बिहार सरकार ने हर राशन कार्ड वाले को बनवाया जाएगा। दो लाख बावन हजार पहले से लाभ लेते थे। छ लाख परिवारों को बनाया जाना है। चोतीस लाख परिवारों को बनाया जाना है। गिर्वेनस कमेटी में किसी आयुष्मान कार्ड धारक में कोई काम नहीं कर रहा है तो शिकायत कर सकते हैं। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी,जिला सिवल सर्जन,डीपीसी नलीन मोर्या,डीआईटीएम रिना, आरोग्य मित्र विकास पटेल एवं नीतीश कुमार और सुचना जनसमपर्क पदाधिकारी एवं इरसाद,विपुल उपिस्थत थे।

अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली हालत गंभीर

अरवल। जिले के करपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के समीप देर रात्रि एक अपराधियों द्वारा युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया युवक के दाएं हाथ में गोली लगी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के उपरांत करपी थाने की पुलिस द्वारा घायल युवक को सदर अस्पताल ले लाया गया है। जहां इलाज की जा रही है, घायल युवक की पहचान करपी गांव निवासी रोशन कुमार के रूप में की गई है। युवक खतरे से बाहर बताया जाता है। बताया जाता है कि अपराधीयों ने जिस युवक को गोली मारी है पूर्व में भी उसके साथ विवाद था अपराधियों को चिन्हित कर उनके गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

राजद के बैठक में पहुँचे पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नया बाजार में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व पर्यटन मंत्री व बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत एवं जिला अध्यक्ष मुर्शीद आलम उर्फ निजाम ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने कुमार सर्वजीत एवं जिलाध्यक्ष को अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि आगामी 3 मार्च को राजद के द्वारा आयोजित जन विश्वास रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ता सम्मिलित होकर उसे सफल बनाएं. इस दौरान उन्होंने प्रत्येक गांव एवं टोल मोहल्ले में जाकर लोगों से पटना की रैली में चलने के लिए प्रेरित करने को कहा है. इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री, महादेव प्रसाद यादव, लखन पासवान, वसीम अकरम, रेहान फजल, विनय यादव, वसीम राजा, प्रिंस शकील खान, सोहराब आलम, राजेश कुमार, रामनरेश यादव, प्रभात रंजन आदि मौजूद रहे.

सीयूएसबी के यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के स्नातक यूजी पाठ्यक्रमों कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए के माध्यम से ऑनलाइन शुरू हो गई है। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी 2024 के माध्यम से 15-31 मई के दौरान आयोजित की जाएगी। परीक्षा हाइब्रिड मोड में कंप्यूटर-आधारित टेस्ट सीबीटी ,पेन और पेपर भारत के 380 शहरों के साथ - साथ विदेशों में 26 शहरों में आयोजित की जाएगी ।

लाख से अधिक लोगों ने फाइलेरियारोधी का दवा सेवन किया

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने फाइलेरियारोधी का दवा सेवन किया है। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा योग्य लक्षित लाभार्थियों को घर-घर जाकर फाइलेरियारोधी दवा खिलायी जा रही है। दवा सेवन के लिए कुल लक्षित आबादी 07 लाख 19 हजार 244 है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ बैजनाथ ने बताया कि दवा सेवन अभियान के दौरान 04 लाख 92 हजार 889 लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। जिले में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराने के लिए 07 लाख 19 हजार 244 आबादी को लक्षित किया गया है। लोगों को आशा कर्मियों के सामने ही दवा का सेवन कराया जा रहा है। आमजन को फाइलेरिया से होने वाले हाथीपाँव और हाइड्रोसील जैसे बीमारियों की गंभीरता और दुश्वारियों को बताया जा रहा है। लोग इस रोग की गंभीरता को समझकर दवा का सेवन कर रहे हैं। डीवीबीडीसीओ ने बताया कि जिले में कई लोग हाथीपाँव से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इस वजह से उनका आर्थिक व सामाजिक जीवन प्रभावित हुआ है। लोग स्वस्थ्य रहें इसी उद्देश्य के साथ स्वास्थ्यकर्मी दवा सेवन करने की अपील के साथ दवा खिला रहे हैं। हाथीपाँव ना सिर्फ विकलांगता को जन्म देता है बल्कि उससे कुरुपता भी आती है। उन्होंने बताया कि लोगों में इस रोग को लेकर काफी भ्रांतियाँ भी है। यह रोग ना तो किसी पूर्व जन्म में किये पाप का परिणाम है और ना ही यह अमीरी-गरीबी, धर्म, समुदाय देखता है। यह क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। इस बीमारी के संक्रमण के लक्षण पाँच से दस साल बाद दिखते हैं। मंहगा से मंहगा इलाज सिर्फ पैसे का खर्च है लेकिन हाथीपाँव ठीक नहीं हो सकता है, इससे बचाव का एकमात्र उपाय फाइलेरियारोधी दवा का सेवन है।

मोदी है तो गारंटी है आज इस आत्मविश्वास लबरेज है भारत : रामानुज

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला बीससूत्री रामानुज पाण्डेय एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआ जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आगामी 2 मार्च को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र भाई मोदी जी का चाणक्य एवं चंद्रगुप्त की स्वर्णिम भूमि मगध में हार्दिक अभिनंदन और स्वागत है। दोनों पूर्व जिला अध्यक्षों ने कहा कि आज भारतवर्ष का तेज गति से जहां चहुमुखी विकास इस नारे के साथ ह्लसबका साथ सबका, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हो रहा है। ऐसे में पिछले नौ वर्षों में दुनिया में कई प्रकार के उथल-पुथल हुए भयानक आपदाएं आई दुनिया में बहुत सारे संघर्ष हुए लेकिन दुनिया भर में कहीं भी रहने वाले भारतीय सुरक्षित रूप से अपना विकास करते रहे। आज दुनिया के किसी भी देश में कहीं भी भारतीय अगर संकट में पड़ता है तो उसका एक मात्र परिचय उसके हर संकट में रक्षा कवच है कि वह भारतीय होना मात्र है और प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का होना है। यह सब हमने यूक्रेन के युद्ध से लेकर अभी हाल के तुर्की में सजा मिलने वाले नौसेना के अधिकारियों के बारे में देखा है। अब पाकिस्तान टेड़ी नजर से नहीं देखता क्योंकि यह नया भारत है घुस के मारता है।

कांग्रेसी यह कहते हुए नहीं थकते हैं कि उन्होंने देश को एम्स और आईआईटी दिया लेकिन वह सारा का सारा श्रेय देश के सिर्फ एक परिवार को देना चाहते हैं जबकि आज मोदी राज तेईस तेईस आईआईटी और एम्स देश में है। एक परिवार के महिमा मंडन में उन्होंने देश के महापुरुषों का देश के संस्कृति का कभी सम्मान नहीं किया। वह मोदी जी पर सांप्रदायिक होने का आरोप लगाते हैं। पूज्य जयेंद्र सरस्वती जी का पुण्यतिथि है मैं हम सभी हम पूछना चाहते हैं। कांग्रेस नेतृत्व से कि हिंदुओं पूज्य शंराचार्य जयेंद्र सरस्वती जी को सिर्फ इसलिए प्रताड़ित किया गया और जेल में बंद किया गया कि वह धर्मांतरण के विरुद्ध थे।

लेकिन जब देश में चार सौ प्लस का प्रचंड बहुमत लाने के बाद इस देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनकी पत्नी सोनिया गांधी दुनिया के ईसाई धर्म प्रमुख पोप जॉन पॉल को आमंत्रित करते हैं। तब देश में सांप्रदायिकता नहीं मानी जाती लेकिन इस देश के राष्ट्रपुरुष राम कृष्ण शिव के धाम को पुनर्स्थापित करने का पावन कार्य होता है तो उसे सांप्रदायिक कहा जाता है। दुनिया के हर राष्ट्र का अपना अपना इतिहास रहा है भारत का भी अपना इतिहास रहा है समय के बदलते दौर के साथ कई लोगों के मत और विचार बदले होंगे लेकिन मत और विचार बदलने से इतिहास और पुरुखे नही बदलते।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थशक्ती है, जहां दुनिया के विकसित देश नहीं पहुंच सके वहां मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने में न सिर्फ भारत सफल रहा बल्कि दुनिया के कई देशों के सेटेलाइट भारत अंतरिक्ष में भेज रहा है। कोरोना में जब दुनिया तबाह थी तो भारत ने टिका और स्वास्थ्य सुविधा और खाद्यान्न दिए। भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो अपने अस्सी करोड़ लोगों को कोरोना काल से अबतक मुफ्त अनाज, पांच लाख की स्वास्थ सुविधा ,पक्के मकान, और महिलाओं को सशक्त

विजिटर अवार्ड विजेता प्रोफेसर वेंकटेश सिंह का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीयूएसबी में व्याख्यान

प्रात: किरण संवाददाता

गया। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के अनुसंधान और विकास आरएंडडी सेल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ह्लविकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियोंह्व विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया है। जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओमोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात वैज्ञानिक एवं विजिटर अवार्ड विजेता प्रो. वेंकटेश सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग सीयूएसबी उपस्थित थे। प्रारंभ में प्रो. दुर्ग विजय सिंह, निदेशक, आर एंड डी सेल ने अतिथियों का स्वागत किया और परिचयात्मक भाषण दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रो. वेंकटेश सिंह को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित विजिटर अवार्ड 2021 प्राप्त हुआ जो विश्वविद्यालय के साथ-साथ देश के संपूर्ण विज्ञान जगत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रो. सिंह ने सर सी.वी. द्वारा खोजे गए ह्यरमन प्रभावह्न की खोज पर भी चर्चा की। रमन ने दर्शकों को वैज्ञानिक स्वभाव के विकास, तर्कसंगत सोच और विज्ञान के सार के बारे में समझाया है। प्रो. वेंकटेश सिंह ने ह्लपिक अप पैनल्स का डिजाइन और विकासह्व विषय पर व्याख्यान दिया और बताया कि उन्होंने सिलिकॉन-आधारित हनी कॉम्ब कोर से स्वदेशी रूप से ह्लपिक अप पैनलह्व विकसित किया है। प्रो. सिंह ने ब्रह्मांड में हर जगह मौजूद ह्लन्यूट्रिनोह्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ह्लन्यूट्रिनोह्व की अनुपस्थिति में सूर्य और तारे चमक नहीं पाएंगे। भारत स्थित न्यूट्रिनो वेधशाला आईएनओ अब ह्लन्यूट्रिनोह्व आधारित अनुसंधान की सुविधा के लिए भारत में विकसित की गई है। उनके अनुसार ह्लन्यूट्रिनोह्व का उपयोग संचार और कई अन्य क्षेत्रों में किया जा सकता है। आयोजन सचिव प्रो. प्रफुल्ल सिंह ने कहा कि हमें आजीविका के लिए अधिकांश चीजें धरती मां से मिलती हैं, लेकिन हम उसी मात्रा में धरती मां को वापस नहीं लौटते हैं, इसलिए उन्होंने नई पीढ़ी को अपने आस-पास उपलब्ध संसाधनों को संरक्षित करने सलाह दी है। इस कार्यक्रम में प्रो. प्रधान पार्थ सारथी, डीन, एसईबीईएस, प्रो. रिजवानुल हक, प्रो. आशीष शंकर, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. अमिय प्रियम, डॉ प्रभात रंजन, डॉ. राम प्रताप सिंह, डॉ. जावेद अहसन, डॉ. विवेक दवे और कई अन्य संकाय सदस्य, शोधकर्ता और छात्र उपस्थित थे अंत में डॉ. प्रभात रंजन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षिप्त खबरें

मुखिया प्रतिनिधि ने गड्ढे भराने के कार्य को किया प्रारंभ

बरियारपुर (मुंगेर)।बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी विनय कुमार गुड्डू ने अपने वार्ड सदस्यों के सहयोग से वार्ड संख्या 12,13,16,17 में घरों से निकालने गए कचरों को कचरा उठाने वाले वाहन में डालकर डब्लू पी यू के निकट गढ्ढे को भरने का कार्य प्रारंभ किया है।इस अवसर पर उपस्थित वार्ड सदस्य मनोहर दास,उप मुखिया करण कुमार, मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार गुड्डू ने बताया कि इन वार्डो से कचरा हटाने से साफ सफाई भी हो जाएगा और खाली गढ्डों की भराई हो जाएगी।

आज से लेगा मतदाता जागरूकता अभियान

हाजीपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने लोकसभा आम चुनाव के SVEEP कोषांग की बैठक में पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मतदाता जागरूकता अभियान का प्रतिदिन का कार्यक्रम तय करते हुए कल से पूरे जिला के कोने-कोने में इसकी शुरूआत की जाए। इस अभियान में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी को लगाया जाएगा।उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 29 फरवरी से जिला के सभी 2286 स्कूलों में विशेष चेतना कैंप आयोजित की जाए।बाल संसद की गतिविधियों में लोकतंत्र में मतदान की भूमिका को बताया जाए।मतदाता जागरूकता के बैनर आदि लगाई जाए। अभिभावक शिक्षक बैठक में अभिभावकों को भी जागरूक किया जाए।डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि वे सभी 3883 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मतदाता जागरूकता का अभियान चलाएं। सभी सीडीपीओ, लेडीज सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं को इस कार्य में लगाया जाए। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि जिला के सभी 3000 समूह में कल बैठक कर लगातार पूरे महीने जागरूकता अभियान चलाया जाए ।जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कल सभी विकास मित्र 280 टोला में बैठक कर जागरूकता अभियान को तेज करें। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी 300 किसान सलाहकार और सभी 104 किसान समन्वयक कल किसान चौपाल पर जाकर मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां करेंगे ।जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जितने तालिमी मरकज /सरकारी मदरसा हैं , वहां जागरूकता गोष्ठी किया जाए। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जितने आशा कार्यकर्ता हैं, उन्हें फील्ड में मतदाता जागरूकता अभियान में लगाया जाए। प्रभारी निदेशक, डीआरडीए को निर्देश दिया गया कि सभी 279 पंचायत रोजगार सेवक और सभी 2880 आवास सहायक को भी इस कार्य में जोड़ा जाए ।सभी 100 से लेकर 150 लोगों के साथ जागरूकता संबंधी बैठक करेंगे ।

मालदा मंडल के कल्याणपुर रोड स्टेशन पर 13419/13420 एक्सप्रेस का ठहराव

हाजीपुर।मालदा मंडल के कल्याणपुर रोड स्टेशन पर गाड़ी सं. 13419/13420 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर 01 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 01.03.2024 से गाड़ी संख्या 13419 भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस 14.54 बजे कल्याणपुर रोड स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 14.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 02.03.2024 से गाड़ी संख्या 13420 मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा 04.51 बजे कल्याणपुर रोड स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 04.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

आपूर्ति पदाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डीलर को दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बारियारपुर (मुंगेर)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 2 मार्च से बनाए जाने वाली आयुष्मान कार्ड का लाभ ज्यादा से ज्यादा राशन कार्ड धारी को मिले को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी सना आलम के नेतृत्व में बरियारपुर प्रखंड के सभी पी डी एस संचालक के साथ बैठक नया छावनी में आयोजित की गई आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों को उक्त विशेष अभियान में अधिक से अधिक लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य देते हुए कहा कि खासकर एससी, एसटी वर्ग के लाभुकों को प्राथमिकता के साथ आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

जिसके लिए पीडीएस डीलर के दुकान पर डाटा ऑपरेटर की नियुक्ति कर दी गई है। लाभुकों को अपने साथ राशन कार्ड की छायाप्रति एवं कार्ड में अंकित सभी लाभुकों का आधार कार्ड अनिवार्य है।जिसे लेकर लाभुक डाटा ऑपरेटर से आयुष्मान कार्ड का बनवाएंगे। उन्होंने सभी पीडीएस डीलरों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान के तहत प्रतिदिन कम से कम 20 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाना है इसके लिए लाभुक को जानकारी उपलब्ध कराए 2 मार्च से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत के पात्र लाभार्थी का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड का निर्माण हेतू अभियान चलाया जा रहा है मौके पर प्रिंस कुमार शंभू कुमार उमेश मंडल गणेश प्रसाद वकील मंडल रमण कुमार सिंह प्रमोद शर्मा आदि पीडीएस डीलर मौजूद थे

बरियारपुर में बन रहे अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर विवाद सुलझाने पहुंचे पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर) प्रखंड के रतनपुर पंचायत में स्वच्छता लोहिया अभियान के तहत बन रहे अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण कुमार एवं अंचल अधिकारी रवीना गुप्ता उस स्थल पर पहुंचे मामला था कि वह अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई कासी चक मौजा में खाता संख्या 60 एवं खसरा संख्या 118 पर बन रहा है जो कि सरकारी जमीन है जिस पर एक ग्रामीण ने आपत्ती करते हुए अंचल में आवेदन दिया कि यह जमीन मेरी रैयती जमीन है उक्त जमीन पर हो रहे निर्माण को रोका जाए। जिसकी जांच करने निर्माण स्थल पर बीडीओ एवं अंचलाधिकारी पहुंचे तथा उक्त जमीन का रैयती होने का प्रमाण पत्र मांगा गया परंतु वह अपने जमीन होने का कोई प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस कारण पदाधिकारी के द्वारा कोई रोक नहीं लगाया गया और निर्माण होते रहने की स्वीकृति दी गई। उक्त स्थल पर बन रहे अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के अगल-बगल के अधिकांश रैयतों ने कहा कि मुझे कोई आपत्ति नहीं है पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए अपशिष्ट भवन का बनना आवश्यक है।

बिहार सरकार बालू माफियां पर लगाम लगाने की कर ली है तैयारी: सदानंद झा विरही

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिला खनन कार्यालय सूत्रों के अनुसार राज्य की नदियों से अवैध रूप से बालू माफियाओं ने अधिकारियों की मिली भगत से सरकार को भारी राजस्व का घाटा दे रहा है । सूत्र ने बताया कि हाल ही में खान एवं भूतत्व विभाग के मुख्य सचिव रविवार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में बालू की अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कई बिंदुओं पर विचार विमर्श के बाद सरकार ने नदियों के आसपास संपर्क सड़क से मुख्य सड़क के बीच में चेक फ्लाइट बनाए जाने और सीसीटीवी लगाएं जाएंगे ताकि अवैध बालू खनन पर रोक लगाई जा सकें इस समीक्षा बैठक में राज्य के सभी जिला खनन पदाधिकारी ने भाग लिया समीक्षा बैठक के दौरान यह बात सामने आई की बालू के अवैध खनन की वजह से सरकार को बड़े राजस्व का नुकसान हो रहा है विभाग ने वर्ष 2023-24 के लिए 366239 करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य रखा गया था। जिसके विरुद्ध इस वर्ष फरवरी महीने के मध्य तक करीब 2036 करोड रुपए की ही वसूली हुई है सरकार ने माना है कि बालू माफिया सरकार को बड़ा नुकसान दे रहे हैं समीक्षा में यह भी तथ्य सामने आने के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं की नदी घाट से जो संपर्क पथ निकाल कर मुख्य मार्ग से में जुड़ता है वहां चेक फ्लाइट बनाकर सीसीटीवी लगाए जाएं बैठक में सभी खनिज विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित जिलों के ऐसे संपर्क पथ को चिन्हित करें और चेक प्लांट बनाकर वहां सीसीटीवी लगे कमरे सातों दिन 24 घंटे काम करेंगे और अवैघ वालु परिवहन पर कार्रवाई करेंगे और अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेंगे सूत्र ने बताया कि विभाग ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिए हैं आगामी वित्तीय वर्ष के पूर्व इस व्यवस्था को प्रभावित करना होगा इधर जमुई जिले के मलयपुर को थाना क्षेत्र से 21 जनवरी की चालन से अधिक बालू लदे ट्रक जप्त किए गए थे।

खनन पदाधिकारी ने 24 जनवरी को चालन के अनुरूप ही बालू लोड होने का सर्टिफिकेट देते हुए ट्रैकों को रिलीज करने का आदेश दे डाला था । ट्रक मालिकों को परिवहन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में थोड़ा समय लगा इस बीच बालू से तेल निकालने के इस खेल की भनक जिला के पुलिस कप्तान डॉक्टर शौर्य सुमन को लग गई उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी जिलाधिकारी राकेश कुमार को साझा की डीएम ने जब खनन पदाधिकारी की क्लास लगाई तो वह फुट पर आ गए 2 फरवरी को ट्रक मालिकों को जुमार्ना की रकम जमा करने को कहा गया चालान से अधिक बालू लड़े लड़े होने से जुर्म में पकड़े गए चार ट्रैकों से ट्रैकों को छुड़ाने के लिए 17 लाख जुमार्ना की वसूली हुई ट्रक संख्या 04 स 4918 पर चालान से 1.59 टन अधिक बालू लोड रहने के जुमार्ना 272 788 रुपए का जुमार्ना किया गया ट्रक संख्या 46 G5 193 पर चालान से 1.55 टन अधिक बालू पाए जाने की जुर्म में 284600 रुपए ट्रक संख्या बीआर 46 जी 9508 पर 2 पॉइंट 51 टन अधिक बालू पाया गया अवैध खनन खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण नियमावली के तहत 3 लाख 3838 रुपए का जुमार्ना किया गया 1' 6771 पर चालान से 2.85 टन अधिक बालू पाया गया जिला पदाधिकारी ने इस खेल में विस्तृत रिपोर्ट के साथ खनन पदाधिकारी के विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई की अनुशंसा बिहार सरकार के खनन और भूतत्व विभाग को किया है इससे स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की मिली भगत से बालू की अवैध खान और परिवहन राज्य में किया जा रहा है।

पुलिस दिवस पर जन विश्वास संकल्प हमारा के तहत पंच प्रण की दिलाई गई शपथ

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार को संग्रामपुर थाना परिसर में एएसआई सत्यम कुमार ने संग्रामपुर थाना में कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों को बिहार पुलिस दिवस पर जन विश्वास हमारा संकल्प के तहत पंच प्रण की शपथ दिलाई। जहाँ शिकायत और एफआईआर दर्ज कर वादी को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराना, महिला अपराध की सुनवाई से लेकर करवाई महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा करना, महिलाएं डायल करें 112, गांव मोहल्ला का अपराध सर्वेक्षण के साथ स्थानीय नागरिकों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ना, सभी संवेदनशील स्थानों का सीसीटीवी से निगरानी करना और सक्रिय अपराधी पर 24/7 निगरानी सहित टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी एवं हिंसक अपराधों का उद्वेदन, 75 दिनों में अनुसंधान का निष्पादन, थाना पर आए नागरिकों को 30 मिनट में सेवा उपलब्ध कराना, 30 दिनों मे जांच को पूर्ण करना और वादी को निःशुल्क प्रति उपलब्ध कराना, नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन आदि को पूर्ण करना, जीरो टॉलरेंस के तहत महिला अपराध के विरुद्ध, रंगदारी के विरुद्ध, भ्रष्टाचार आधिकारिक पद के दुरुपयोग और अनुचित आचरण, पुलिस स्टेशन के खराब रख रखाव, वर्दी का अनुचित पहनावा के साथ-साथ 20 मिनट में अपराध के घटनास्थल पर पुलिस पहुंचने का समय, लापता व्यक्तियों की सूचना पर पुलिस के पहुंचने का समय,आपातकालीन स्थिति में बिहार के हर हिस्से में डायल 112 की सुविधा एवं 20 दिनों मे न्यायालय से प्राप्त समन वारंट का तामिला आदि शामिल था।वही इस मौके पर एसआई नवल किशोर यादव, दिगम्बर सिंह सहित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

लोजपा (आर) प्रदेश प्रधान महासचिव ने समाजसेवी श्याम मोहन बाबू के निधन पर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर मुंगेर बुधवार को लोजपा आर के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी बनहरा पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण कुमार सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह कैलाश भगत इत्यादि लोगों ने तारापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले गंगटा मोड़ निवासी विद्वान सह समाजसेवी श्याम मोहन सिंह के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र के यशस्वी सांसद चिराग पासवान के निर्देशानुसार पार्टी के उपरोक्त सभी लोगों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर स्वर्गीय श्री सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा निवेदित किया । गौरतलब है कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि समाजसेवी स्वर्गीय श्याम मोहन बाबू शिक्षा अध्यात्म से लेकर सामाजिक कार्य के क्षेत्र में लोगों के बीच पहुंचकर काम करने वाले एक ऐसे योद्धा थे जिनको हर वर्ग के लोग इनकी बातों से काफी प्रभावित रहते थे । वहीं प्रदेश प्रधान प्रधान महासचिव संजय पासवान ने कहा कि वर्ष 2014 में जब जमुई से चुनाव लड़ने के लिए युवा हृदय सम्राट स्थानीय सांसद चिराग पासवान जी ने जमुई आए तो उन्होंने भी श्याम मोहन बाबू जैसे लोगों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया था ।उनके निधन से सामाजिक राजनीतिक एवं साहित्य के क्षेत्र में बड़ी छती हुई है ।

स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जंदाहा।ज्ञान ज्योति गुरुकुलम के मैदान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सह निदेशक अभय कुमार आर्य व विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर नॉवेल विजेता वैज्ञानिक सी बी रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई।आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से श्री राम मंदिर अयोध्या,जंतर मंतर,चंद्रयान तीन व स्मार्ट सिटी के मॉडल का प्रदर्शन किया गया।विज्ञान प्रदर्शनी को देखने के लिए अन्य स्कूल के शिक्षक,छात्र व अन्य लोग भी आय और विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना की।

लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता को लेकर बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा के कार्यालय में मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार रौशन उर्फ बमबम की अध्यक्षता में लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रखंड लाभार्थी प्रभारी विजय सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पत्रक को देने का आग्रह किया। केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 01 मार्च से 05 मार्च तक पूरे देश में चलाया जाएगा।

लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं बैठक में भाजपा के मनोरंजन मिश्रा, वचणेश्वर सिंह, कुंदन भगत, राजेश केसरी, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, बृजनंदन शाह, पल्लव पासवान सहित भाजपा के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता: प्रखंड प्रमुख

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली। वैशाली का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है । वैशाली की नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख निर्मला देवी ने कहा ।अपने निर्वाचन के बाद समर्थकों के साथ वैशाली के इतिहासिक चौमुखी महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कहा ।उन्होंने कहा कि गरीब , दलित , दबे कुचले लोगों को उन्होंने उनका हक दिलाने का काम हमारी प्राथमिकता होगी। वैशाली के एतिहासिक स्थलों पर आने वाले लोगों को हर सम्भव सुबिधा प्राप्त हो इस तरह की व्यवस्था करने की आवश्यकता है ।मंदिर के प्रधान पुजारी अमीरनाथ मिश्रा एवं सतीश मिश्रा ने प्रखंड प्रमुख को पूजा अर्चना कराया.इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र राम,संतोष कुमार,रंजय कुमार,मुकेश भगत,चन्द्रिका कुमार,मोहम्द नौशाद,मनीष तिवारी,सतीश तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

प्रथम राष्ट्रपति, स्वतंत्रता सेनानी डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की पूण्यतिथि मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला विधिज्ञ संघ भवन परिसर में जिला विधिज्ञ संघ उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजकुमार दिवाकर की अध्यक्षता एवं भाजपा बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा हरेश कुमार सिंह के संचालन में देशरत्न, स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्वतंत्रता सेनानी डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की पूण्यतिथि उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।इस अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार दिवाकर ने कहा कि कुशाग्र बुद्धि के धनी दुरदर्शी सरल,सहज स्वभाव के महान व्यक्ति थे जिन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बन मां भारती की सेवा की। संचालन करते हुए भाजपा बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा हरेश कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति बन बिहार के गौरव को बढ़ाने एवं भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वे आधुनिक भारत के प्रमुख शिल्पकार एवं प्रख्यात विधिवेत्ता थे। अधिवक्ता रामाकांत भारती ने कहा कि भारतीय राजनीति में इमानदारी, त्याग की प्रतिमूर्ति डॉ राजेन्द्र प्रसाद चंपारण सत्याग्रह में भी काफी अहम योगदान दिया था वे छपरा जिला स्कूल के छात्र रहे थे। इस अवसर पर अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार मिश्रा,सुपेन्द्र कुमार भारती, विनय कुमार झा, रीतेश कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, हरेन्द्र ठाकुर, रणबीर शरणं, राकेश बन्धु, उतम कुमार माथुर, मोनिका सिंह सहित काफी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

लोजपा (आर) की बैठक में सर्वसम्मति से चिराग से हाजीपुर से चुनाव लड़ने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के वैशाली के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों और पार्टी के सभी प्रकोष्ठों एवं पार्टी के कार्यकताओं साथ-साथ हाजीपुर लोकसभा के आम अवाम की मांग है कि पार्टी के लोकप्रिय लोकप्रिय राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जन प्रिय नेता श्री चिराग पासवान जी को हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने के लिए प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया ।बैठक में रविन्द्र कुमार सिंह,बिहार प्रदेश संगठन मंत्री अवधेश कुमार सिंह, डा अछूतानंद सिंह,हरिहर पासवान,राजकुमार पासवान,राकेश पासवान ,श्रीकांत पासवान,राजीव कुमार ,रौनक कुमार महनार निराला ,संजय चौधरी,संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष ,मनोज सिन्हा नगर अध्यक्ष,नौसद खा,अजीत चंद्रवंशी,सुरेंद्र ठाकुर,पवन राज,सौरव तिवारी ,रणविजय चौरसिया, इंदल पासवान,अनिल पासवान ,उपेंद्र पासवान,अमरेश कुमार सिंह,गणेश सिंह,सुबोध सिंह,रविन्द्र गुप्ता,भूषण चौधरी ,सुरेश दास,ज्योति कुमार ,दरोगा पासवान,संतोष स्वराज,संतोष शर्मा,रिंकू कुमारी महिला जिलाध्यक्ष,धनवंती देवी,प्रेम कुमार मिश्रा,अशोक पंडित,नीलकमल गिरी,मुकेश पासवान,अनिल सिंह,विशेसर पासवान,रविन्द्र पासवान हाजीपुर,धर्मवीर जादव,मनीष यादव ,लखनदेव दास,देवेंद्र पासवान,श्रीकांत पासवान छात्र जिलाध्यक्ष,विनोद पासवान जंदाहा संसदीय बोर्ड प्रखंड अध्यक्ष , टुनटुन पासवान, डा रजनीश सिंह,अजेश कुमार सिंह ,रमेश कुमार सिंह सहित अन्य ने विचार रखे ।बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष के नाम एक मांग पत्र तैयार किया गया इसमें लिखा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद माननीय चिराग पासवान जी को 2024 में हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र की महान जनता संसद के रूप में देखना चाहती है। हाजीपुर लोकसभा की महान जनता 2024 के चुनाव में ग्रीनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में,आदरणीय चिराग पासवान जी का नाम दर्ज करने के लिए संकल्पित है।

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के रोक पर जागरूकता कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को अपने दैनिक जीवन से हटाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के मुख्य उद्देश्य से इंडियन पब्लिक स्कूल अजमतपुर में भारत स्काउट एवं गाइड इकाई एवं प्लास्टिक वॉरियर्स टीम के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टाइट टर्नर प्लास्टिक चैलेंज के ब्रांड एंबेसडर सह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ऋतुराज थे।जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए ऋतुराज ने कहा कि हर साल 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है, जिसमें से लगभग 80 लाख टन महासागर में जा गिरता है।पिछले 50 वर्षों में, प्लास्टिक उत्पादन 22 गुना से अधिक बढ़ गया है।उन्होंने 75 माइक्रोन से नीचे के प्लास्टिक का पूर्णतया त्याग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि नदियों के माध्यम से प्लास्टिक कचरा महा समंदर तक पहुंच कर समुद्री जीव जंतुओं को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सर्वे में बताया गया है कि आने वाले 2050 तक यदि यही स्थिति रही तो जलीय जीव के वजन के 2 गुना अधिक प्लास्टिक कचरे का वजन समुद्र में होगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ नम्रता राय ने कहा कि प्लास्टिक सेहत तथा पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि सरकार ने सिगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगा दिया है।उन्होंने प्रतिबंध को सफल बनाने में आम आदमी से सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने हमारी पृथ्वी एवं प्लास्टिक विषय पर चित्रकला बनाया उसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक मुक्त हेतु जन जागरूकता रैली भी निकाली गयी।

यूपीएचसी मीनापुर में खुला फाइलेरिया क्लीनिक- सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। फाइलेरिया से निपटने के दो ही रास्ते हैं पहला साल में एक बार सर्वजन दवा का सेवन करना वहीं दूसरा फाइलेरिया के हो जाने पर उसका रोग प्रबंधन। फाइलेरिया के रोग प्रबंधन के लिए ही यह फाइलेरिया क्लीनिक खुला है। यहां प्रत्येक मंगलवार को 12 से दो बजे तक फाइलेरिया रोगियों की तकलीफ दूर की जाएगी। ये बातें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लीनिक उद्घाटन के मौके पर जिला भीबीडीसी पदाधिकारी ने कही। डॉ गुड़िया ने कहा कि जिले के स्लम एरिया और प्रत्येक प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर फाइलेरिया क्लीनिक खोला जाएगा। जिसमें फाइलेरिया के एक्यूट अटैक की दवा, 21 दिवसीय कोर्स की दवा, रोग के कारण किसी अन्य तरह की दिक्कत, एमएमडीपी किट, सही व्यायाम जैसी सेवाएं बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध होगी। फाइलेरिया क्लीनिक को खोलने में पीरामल, पीसीआई और सीफार जैसी संस्थाओं का भी सहयोग रहा। फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि यूपीएचसी मीनापुर स्लम बस्ती को लेकर खोला गया था, जिससे लगभग 50 हजार की आबादी लाभान्वित होती है। यहां फाइलेरिय रोगियों की सुविधा के लिए यह क्लीनिक खोला गया है जहां प्रत्येक मंगलवार को फाइलेरिया संबंधी उचित परामर्श लिया जा सकता है। उद्घाटन के मौके पर सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद, एसीएमओ डॉ ब्रजेश शरण, जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ गुड़िया कुमारी, यूपीएचसी के एमओआईसी डॉ संजय कुमार,पीरामल के पीयूष चंद्र, फेलो कोमल, लेखपाल अमर

शराब की खेप ले जा रहे स्कूटी सवार को पुलिस ने जब्त किया

बरियारपुर (मुंगेर)। मुंगेर के पुलिस को शराब माफियाओं पर नकल कसने की कवायद प्रारंभ कर दिया हैं । कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवाजी चौक से गिरफ्तार शराब तस्कर गौतम कुमार व नन्दन कुमार ने शराब की खेप लेकर अपनी स्कूटी से अन्यत्र पहुंचाने के क्रम मे चार कार्टुन टेट्रा पेक शराब ले जाने के क्रम मे शिवाजी चौक के समीप धर दबोचे गये । जिसे सत्यापन हेतु कोतवाली थाना लाया गया। शराब तस्करों से गहन पुछ - ताछ के क्रम अपनी दोष कबुल करते हुए उन्होंने बताया कि सफिया सराय रेलवे क्रॉसिंग गेट के समीप खिलौने के गुदाम मे आपुर्ति हेतु कुछ शराब छिपाकर रखा गया है। मौके ऐ बरदात नया राम नगर थाना से सम्पर्क स्थापित कर छापेमारी करने के लिये पुलिस दल प्रस्थान किया। खिलौने के गुदाम के समीप घेराबंदी कर गुदाम के ताला खोल कर तलाशी के दौरान आठ कार्टुन टेट्रा पैक शराब के साथ 52 बोतल शराब पाया गया है। जिसे जप्त कर सुसंगत धारा के तहत थाना कांड अंकित कर अनुसंधान की कार्य वाही प्रारम्भ कर दिया गया है।

रिटायरमेंट ले सकते है टेनिस स्टार एंडी मरे

कहा- कुछ महीनों में संन्यास ले सकता हूं; हार्ड कोर्ट पर 500 मैच जीते

दुबई (एजेंसी)। इंग्लैंड के टेनिस स्टार एंडी मरे ने संकेत दिए है कि वह अगले कुछ महीनों के भीतर संन्यास ले सकते है। सोमवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना शुरुआती मैच जीतने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए डेनिस शापोवालोव को 4-6, 7-6 (7/5), 6-3 से हराया और दूसरे दौर में पहुंच गए। मरे ने सोमवार को कहा, शायद मेरे पास ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मैं अगले कुछ महीनों में जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। एंडी मरे ने करियर में तीन ग्रैंड स्लैम जीते है। उन्होंने 2 बार विम्बलडन और एक बार यूएस ओपन जीता है।

हार्ड कोर्ट पर 500वां मैच जीता

मरे ने हार्ड कोर्ट पर अपनी 500वीं जीत हासिल की और इस उपलब्धि तक पहुंचने में रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच, आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के साथ शामिल हो गए। मरे ने इसपर कहा, हां, यह बुरा नहीं है। सालों से हार्ड कोर्ट मेरे लिए एक बेहतरीन पिच रही है, मुझे इस पर बहुत गर्व है।

मुझे खेलना पसंद है, लेकिन बॉडी साथ नहीं दे रही- मरे

मरे ने कहा, मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और गेम भी पसंद है। जाहिर है, जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, युवा लोगों के साथ मुकाबला करना और अपने शरीर को फिट और तरोताजा रखना कठिन होता जाता है। मरे ने कहा, कभी-कभी मैं कोर्ट पर जो कहता हूं लोग उसे बहुत पढ़ते हैं और यह हमेशा तर्कसंगत नहीं होता है। लेकिन हर कोई मुझसे इसके बारे में हर समय पूछता है।

यशस्वी टेस्ट रैंकिंग में 12वें स्थान पर आए

आईसीसी ने जारी की रैंकिंग; बॉलिंग में बुमराह टॉप पर बरकरार

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं। बुधवार को जारी ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में भारत का केवल एक बल्लेबाज शामिल है। विराट कोहली को 2 स्थान का नुकसान हुआ है, वे 9वें नंबर पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन टॉप पर बरकरार हैं। बॉलिंग रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टॉप पर कायम है, जबकि दूसरे नंबर आर अश्विन काबिज है। तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा है।

यशस्वी करियर बेस्ट 12वीं पोजिशन पर पहुंचे - लेफ्टी ओपनर यशस्वी टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग के साथ करियर बेस्ट 12वें पोजिशन पर पहुंचे। यशस्वी ने कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है, जो एक स्थान के नुकसान के साथ 13वें स्थान पर फिसल गए हैं। यशस्वी ने पांच मैचों की सीरीज के पहले चार टेस्ट में ही 655 रन बना दिए हैं। इस तरह वे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज - जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। तीसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। बुमराह 8 फरवरी को जारी रैंकिंग में टेस्ट में नंबर-1 पोजिशन हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बने थे।

टॉप-5 ऑलराउंडर्स में 3 भारतीय - ऑलराउंडर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले और अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। अक्षर पटेल पांचवें नंबर पर हैं। इस तरह टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में 3 भारतीय शामिल हैं। ऑलराउंडर्स में तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और चौथे नंबर पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। कप्तान बेन स्टोक्स 3 स्थान के नुकसान के साथ सातवें नंबर पर पहुंच गए।

टीम इंडिया टेस्ट में दूसरे नंबर पर - टीम इंडिया टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे नंबर पर है। डब्ल्यूटीसी न्यूजीलैंड टॉप पर हैं। टीम इंडिया वनडे और टी-20 में पहले नंबर की टीम है। वनडे में ऑस्ट्रेलिया और टी-20 में न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर है।

नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले

नई दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी अंतिम चार के मुकाबले होंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उसका सामना मध्यप्रदेश से होगा जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है जिनके कोच रहते विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था।

पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं राहुल

इलाज के लिए विदेश गए; इंग्लैंड से सीरीज में एक ही मैच खेला

नईदिल्ली (एजेंसी)। केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद वह बाकी 3 टेस्ट नहीं खेल सके। अब क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, राहुल इलाज कराने के लिए इंग्लैंड गए हैं। जिस कारण 7 मार्च से होने वाले 5वें टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय है। राहुल से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अपनी एड़ी की सर्जरी कराने के लिए लंदन गए थे। उनकी सर्जरी सफल रही, लेकिन उन्हें फील्ड पर वापसी करने में 6 से 8 महीने का समय लग सकता है।

पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए थे राहुल - केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए। इसके बाद से बाकी तीन मैचों में वह नहीं खेल सके। उन्हें हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल उनकी सर्जरी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। वहीं मैनेजमेंट टीम में उनकी दोहरी भूमिका को देखते हुए कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद विदेश के टेस्ट में भी राहुल ने ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी।

इंग्लैंड के खिलाफ 3 टेस्ट नहीं खेले - बीसीसीआई ने केएल राहुल को चोट से रिकवरी करने के लिए आराम दिया। पहले वह तीसरे टेस्ट से वापसी करने वाले थे लेकिन चोट के कारण चौथे टेस्ट तक बाहर हो गए। बीसीसीआई ने अब उन्हें एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज कराने के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, करीब एक सप्ताह से उनका इलाज चल रहा है। ऐसे में उनके 7 मार्च से धर्मशाला में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट में भी वापसी की संभावना नहीं है।

केएल राहुल को पिछले साल आईपीएल के दौरान जांघ में लगी थी चोट - केएल राहुल पिछले साल आईपीएल के दौरान लखनऊ के इकाना स्टेडियम में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। आरसीबी की पारी के दूसरे ओवर में फाफ डु प्लेसिस का शॉट रोकने के प्रयास में राहुल के पैर में चोट लगी। तब वह मैदान से बाहर चले गए थे। आखिर में राहुल चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे, लेकिन उन्हें रन दौड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने जून में जर्मनी में अपनी जांघ का सफल ऑपरेशन करवाया था। पिछले साल एक मई को आईपीएल के दौरान केएल राहुल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे।

भारत का सीरीज पर कब्जा - धर्मशाला में 7 मार्च से सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट खेला जाना है। टीम इंडिया ने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में जीत हासिल करने के साथ ही सीरीज पर कब्जा जमा लिया। भारत पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 से बढ़त बना चुका है।

धर्मशाला टेस्ट में बुमराह की हो सकती है वापसी - धर्मशाला में होने वाले आखिरी टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी हो सकती है। उन्हें चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। आखिरी टेस्ट से कुछ प्लेयर्स को वर्कलोड की वजह से आराम दिया जा सकता है। माना जा रहा है कि पांचवें टेस्ट में विराट कोहली की भी वापसी हो सकती है। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 4 टेस्ट नहीं खेल सके थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे डेवोन कॉन्वे

लैथम के साथ अब विल यंग ओपनिंग करेंगे; वेलिंगटन में मुकाबला आज से

सिडनी (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के ओपनिंग बैटर डेवोन कॉन्वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। टीम में उनकी जगह हेनरी निकोल्स को शामिल किया गया। लेकिन गुरुवार को वेलिंगटन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में विल यंग को मौका मिलेगा। वह टॉम लैथम के साथ कॉन्वे की जगह ओपनिंग करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला कल से शुरू होगा। दोनों टीमों के इससे पहले 3 टी-20 की सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती थी।

कॉन्वे दूसरे टी-20 मैच में हो गए थे चोटिल - कॉन्वे ऑकलैंड में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद उन्होंने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी नहीं की थी। वह सीरीज के तीसरे मैच से भी बाहर हो गए थे। शुरुआती स्कैन में उनके अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला है। वह डॉक्टरों की सलाह लेंगे। उसके बाद ही उनके दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर क्लियर हो पाएगा। दूसरा टेस्ट मैच 8 मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होना है।

हेनरी निकोल्स को कॉन्वे की जगह बुलाया गया है - कॉन्वे की जगह पर टीम मैनेजमेंट ने रिप्लेसमेंट के तौर पर हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया है। हालांकि, उम्मीद है कि विल यंग कॉन्वे की जगह पर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करेंगे।

सीरीज से पहले 2 खिलाड़ी बाहर

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले न्यूजीलैंड टीम के 2 खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। पहले काइल जैमिसन स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गए थे। फिर बुधवार को कॉन्वे भी बाहर हो गए हैं। उनके दूसरे टेस्ट में भी खेलने को लेकर सस्पेंस है।

हेड कोच गैरी स्टीड बोले, टीम को लगा है झटका

न्यूजीलैंड की टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेवन कॉन्वे के लिए एक महत्वपूर्ण मैच से ठीक पहले बाहर होना निराशाजनक है। वह हमारे लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और मुझे पता है कि वह वास्तव में इस सीरीज का इंतजार कर रहे थे। कॉन्वे के स्थान पर युवा बल्लेबाज विल यंग के टॉम लैथम के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है, जो पिछले सालों से लगातार रन बना रहे हैं।

हॉकी इंडिया ने गुटबाजी और मतभेद के आरोप खारिज किए

अध्यक्ष-सचिव का संयुक्त बयान- हॉकी की बेहतरी के लिए मिलकर काम करते रहेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया ने पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन के गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोप को खारिज कर दिया है। महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा- हम हॉकी की बेहतरी के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में अध्यक्ष और महासचिव ने कहा- हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है।

टिर्की- भोलानाथ ने संयुक्त बयान बयान की मुख्य बातें...

- हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर बेस्ट प्रदर्शन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जाता है।
- महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रुख रखा है। सभी को समान सुविधायें और लाभ दिए गए, जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है। हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं।
- हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिए हरसंभव प्रयास नए सिरे से करेंगे। इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिए पुरुष टीम को हरसंभव सुविधायें मुहैया कराएंगे।
- हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिए हॉकी प्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है। फिलहाल पूरा फोकस ओलिंपिक गेम्स पर रहना चाहिए।

एक दिन पहले नॉर्मन ने रिजाइन दिया - एक दिन पहले हॉकी इंडिया की छ्यह नॉर्मन ने अपनी पोस्ट से रिजाइन दे दिया था। वे 13 साल तक भारतीय हॉकी से जुड़ी रहीं। नॉर्मन ने महासंघ में गुटबाजी का खुलासा करते हुए कहा कि यहां काम करना मुश्किल हो और मेरे पास इसे छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया के माहौल में काम करना मुश्किल होता जा रहा था। हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं।

केन विलियमसन तीसरी बार पिता बने

पत्नी सारा ने बेटी को जन्म दिया, सोशल मीडिया में पोस्ट की फोटो

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन तीसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी सारा रहीम ने बेटी को जन्म दिया है। इस क्रिकेटर ने मंगलवार रात सोशल मीडिया में अपनी बेटी की फोटो पोस्ट की। इससे पहले, सारा ने 2022 में बेटे और 2019 में बेटी को जन्म दिया। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के टॉप पर मौजूद विलियमसन ने पत्नी और नए मेहमान के साथ तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- दुनिया में स्वागत है, खूबसूरत लड़की। आपके सुरक्षित आगमन और आगे की रोमांचक यात्रा के लिए बहुत आभारी हूं। 33 साल के विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान पैटर्निटी लीव ली थी। इस दौरान वह क्रिकेट से ब्रेक पर रहे। वह गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से वापसी कर सकते हैं।

17 दिन पहले कोहली भी पिता बने थे - विलियमसन से 17 दिन पहले विराट कोहली के घर भी नया मेहमान आया था। वह 15 फरवरी को दूसरी बार पिता बने थे। लंदन में विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा ने बेटे अकाय को जन्म दिया था। वह बेटे के जन्म के लिए क्रिकेट से ब्रेक पर हैं।

अगले महीने आईपीएल-2024 में नजर आएंगे विलियमयन - केन 22 मार्च से भारत में होने जा रही इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में खेलते नजर आएंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा हैं। पहला मुकाबला 29 फरवरी से वेलिंगटन में खेला जाएगा। विलियमसन आईपीएल के पिछले सीजन के पहले मुकाबले में चोटिल हो गए थे और सीजन के सभी मैचों से बाहर हो गए थे।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक जमाए - विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की चार पारियों में तीन शतक जमाए। वह 32 टेस्ट शतकों के साथ मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर से आगे निकल गए हैं। विलियमसन ने स्टीव स्मिथ का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 33 साल के विलियमसन टेस्ट में सबसे तेज 32 शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। स्मिथ ने भी 32 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा 174 पारियों में किया था। रिकी पोंटिंग ने 176 पारियों में 32 शतक लगाए थे और वह तीसरे नंबर पर हैं। सचिन तेंदुलकर ने 32वां शतक 179वीं पारी में लगाया था।

युवा खिलाड़ियों ने बता दिया जीतने के लिए विराट, बुमराह, शमी की जरूरत नहीं : सुनील गावस्कर

मुंबई (एजेंसी)। सुनील गावस्कर का कहना है कि भारत के युवा खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है कि उन्हें टेस्ट सीरीज जीतने के लिए विराट, बुमराह और शमी की जरूरत नहीं है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में बड़े नामों के बिना खेल रही है। हालांकि इसके बावजूद यंग प्लेयर्स की बदौलत भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फिलहाल भारतीय टीम 4 मैचों के बाद 3-1 से आगे है। विराट व्यक्तिगत कारणों से सीरीज से बाहर है जबकि मोहम्मद शमी चोट से जूझ रहे हैं।

विराट और शमी के अलावा केएल राहुल शुरुआती टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह लगातार 3 मैच नहीं खेल पाए। चौथे मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। विजाग टेस्ट से रवींद्र जडेजा भी बाहर रहे थे लेकिन इसके बावजूद भारतीय युवा प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। इस पर भारत के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत को जीतने के लिए बड़े नामों की नहीं बल्कि बड़े दिल की जरूरत है।

गावस्कर ने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत ने सीरीज जीत ली है। हमने ऑस्ट्रेलिया में युवा खिलाड़ियों के साथ ऐसा किया। भारत बड़े नामों (विराट, शमी, बुमराह, राहुल) को मैच जीतने से नहीं रोक सकता। एक बड़े दिल की जरूरत है, और अगर आपके पास वह है, तो आप मैच खाएंगे। अगर आपका भारत के लिए खेलने का सपना है, तो देश में पर्याप्त प्रतिभा है और वह आपको जीत दिला सकती है।

धर्मशाला टेस्ट में खेलेंगे बुमराह, सीरीज जीत के बाद भारतीय टीम में हो सकता है बदलाव

नईदिल्ली (एजेंसी)। कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से ब्रेक दिया गया था जिसमें भारत ने इंग्लैंड पर 5 विकेट से अविस्मरणीय जीत दर्ज की। रिपोर्ट्स के मुताबिक बुमराह सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच के लिए धर्मशाला में वापसी करेंगे, लेकिन टीम प्रबंधन अन्य खिलाड़ियों के कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार रजत पाटीदार खराब प्रदर्शन के बावजूद प्लेइंग 11 में हो सकते हैं। वहीं केएल राहुल को इलाज के लिए लंदन भेजा गया है और उनके पांचवें टेस्ट में भी चूकने की संभावना है। ऐसे में देवदत्त पडिक्कल को अपनी पहली टेस्ट कैप मिल सकती है और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि टीम प्रबंधन इन-फॉर्म बल्लेबाजों में से किसी को ब्रेक देगा या नहीं। एक गेंदबाज को ब्रेक भी मिल सकता है।

पावरप्ले में नियंत्रण बनाकर रेणुका ने आरसीबी के लिए मंच तैयार किया: मोलिन्यू

बेंगलुरु (एजेंसी)। ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यू ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दोनों मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की टीम चार अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है। मुंबई इंडियन्स के भी चार ही अंक है लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है। मंगलवार रात आरसीबी ने गुजरात जाइंटस को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया जिसमें रेणुका ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran

भारतीय नौसेना ने पोरबंदर में चरस, मॉर्फिन समेत 3,300 किलोग्राम जब्त किया ड्रग्स

158 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' और 25 किलोग्राम 'मॉर्फिन' शामिल हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास से एक ईरानी नौका से पांच विदेशियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। एनसीबी ने बुधवार को कहा।

का यह संयुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) से सटे अरब सागर में चलाया गया था। जब्त की गयी खेप में चरस, मेथामफेटामाइन और मॉर्फिन शामिल है, जो भारत में प्रतिबंधित हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थों में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' और 25 किलोग्राम 'मॉर्फिन' शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि नौसेना ने चालक दल के सदस्यों को मंगलवार को पकड़ा गया, जिन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''भारतीय नौसेना ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के साथ एक संयुक्त अभियान में लगभग 3300 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री (3089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' और 25 किलोग्राम मॉर्फीन) ले जा रही एक संदिग्ध नौका को पकड़ा। हाल के दिनों में जब्त की गई मादक पदार्थों की यह सबसे बड़ी खेप है।''

पोस्ट में कहा गया, ''निगरानी मिशन पर तैनात पी81एलआरएमआर विमान की ओर से इस बारे में सूचना मिली और एनसीबी ने भी इसकी पुष्टि की, जिसके बाद भारतीय नौसेना के मिशन तैनात युद्धपोत को संदिग्ध नौका रोकने और पकड़ने के लिए मोड़ दिया गया।'' नौका से गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों के या तो ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनके पास से राष्ट्रीयता का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है।

अधिकारी ने प्रतिबंधित सामग्री की कीमत नहीं बताई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो चरस की कीमत सात करोड़ रुपये है। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य तट के पास समुद्र में अभियान के दौरान एक नौका से बड़ी मात्रा में चरस (हशीश) सहित कई तरह के मादक पदार्थ जब्त किये गये।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की।.

शाह ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मादक पदार्थ मुक्त भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप एजेंसियों ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

शाह ने कहा, एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की है। यह ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने के दिशा में हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस अवसर पर मैं एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देता हूं।

संक्षिप्त समाचार

तिरुवनंतपुरम से कासरगोड जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के शौचालय से अचानक निकलने लगा धुंआ

कोच्चि। तिरुवनंतपुरम से कासरगोड जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को बुधवार सुबह एक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, उसके एक शौचालय से अचानक धुआं निकलने लगा और पास के यात्री केबिन में फैल गया। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि धुआं शौचालय में इनबिल्ट अग्निशामक यंत्र के सक्रिय होने के कारण निकला था। अधिकारी ने कहा कि क्या यह शौचालय के अंदर धूम्रपान करने वाले किसी व्यक्ति के कारण हुआ है या फिर किसी तकनीकी खराबी के कारण हुआ, यह अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, समस्या का समाधान होने तक ट्रेन को यहां के पास अलुवा में लगभग 20 मिनट तक रोका गया और फिर सुबह करीब 9.24 बजे ट्रेन ने अपनी यात्रा फिर से शुरू की। अधिकारी ने कहा कि धुएं के कारण किसी भी यात्री को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई, अलुवा में रुकने के कारण होने वाली देरी को भी कवर किया जाएगा।

केरल में कम्युनिस्ट नेता की हत्या मामले में 12 को उम्रकैद

कोच्चि। केरल हाई कोर्ट ने 2012 में कम्युनिस्ट नेता टीपी चंद्रशेखरन की सनसनीखेज हत्या मामले में मंगलवार को 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर कार्रवाई का यही अवसर है, क्योंकि ये लोकतांत्रिक सिद्धांतों को हाशिए पर ले जाती हैं। रिवोल्यूशनरी मा?र्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) नेता चंद्रशेखरन की चार मई, 2012 को कोझिकोड के ओंचियाम में हत्या कर दी गई थी। जस्टिस एके जयसंकरण नांबियार और जस्टिस कौसेर एडाप्पागत ने हत्या के लिए दोषी करार दिए गए 11 में से 10 लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकार रखा। हाई कोर्ट ने दो अन्य केके कृष्णन और जेओथी बाबू को भी उम्रकैद की सजा सुनाई। निचली अदालत ने दोनों को बरी कर दिया था। इसके अतिरिक्त हाईकोर्ट ने प्रमाण नष्ट करने के दोषी ठहराए गए और तीन वर्ष जेल की सजा पाए लांबू प्रदीप की सजा भी बरकरार रखी। कोर्ट की राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर टिप्पणी निचली अदालत से उम्रकैद की सजा पाए कुन्हानंदन की अपील लंबित रहने के दौरान मौत हो गई। राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा, अभिव्यक्ति की संवैधानिक गारंटी का उपयोग करने से रोकने वाले ऐसे अपराधों से कठोरता से निपटा जाना चाहिए।

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर भगदड़

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर से उथल-पुथल नजर आ रही है। राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल मुरुमकर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पाटिल 1999 से 2004 के बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे थे। वह ओमेरगा-लोहारा और औसा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के अभिमन्यु पवार से हार गए थे। कांग्रेस का दावा है कि पाटिल के हाथ का साथ छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पार्टी नेता अभय सालुंके ने बताया कि उनके साथ छोड़ने से कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह 2019 के चुनाव में हारने के बाद से जनता के साथ संपर्क में नहीं थे। बसवराज पाटिल मुरुमकर को लेकर अब यह चर्चा है कि वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मालूम हो कि हाल के दिनों में महाराष्ट्र कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। इनमें अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा और बाबा सिद्दीकी जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद चव्हाण बीजेपी में शामिल हुए हैं। वहीं, देवड़ा अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि इन दोनों नेताओं को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। दूसरी ओर, बाबा सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गए हैं। गुजरात में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा अपने बेटे और कई समर्थकों के साथ मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए।

आईपीएस मनोज के गांव वालों ने स्कूल ने दीवार पर लिखा, आप हमारे आदर्श हैं...

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा के जीवन पर बनी फिल्म 12वीं फेल ने लोगों को काफी प्रेरित किया है। फिल्म को मिली शानदार सफलता के बाद मनोज शर्मा ने एक सुखद खबर एक्स पर शेयर की है। उन्होंने अपने गांव के स्कूल से संबंधित एक पोस्ट शेयर करते हुए इसे सबसे बड़ी खुशी बताया।

दरअसल, मनोज शर्मा अपने गांव के जिस स्कूल से पढ़े थे, उस स्कूल ने मनोज के जीवन के संघर्ष को एक प्रेरणा बताया है। स्कूल की दीवारों पर लिखी गई बातों की फोटो शेयर करते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के किसी भी कोने पर आपका नाम लिख दो पर सबसे बड़ा सुख तो तभी आता है जब आपके गांव वाले स्कूल की दीवार पर आपके लिए कुछ अच्छा लिखा जाये।

मनोज शर्मा ने कड़ी मेहनत से अपना मुकाम हासिल

मनोज शर्मा ने दो फोटो पोस्ट की हैं। इसमें से एक में स्कूल की दीवार पर उनकी प्रशंसा के शब्द लिखे हुए हैं। बोर्ड पर लिखा गया है कि मनोज शर्मा ने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपना मुकाम हासिल किया है।

गांव के गौरव

गांव के गौरव शीर्षक से दीवार पर आगे लिखा, इस गांव विलगांव चौधरी के बेटे मनोज शर्मा आज भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारी हैं। इन्होंने यह मुकाम कठोर परिश्रम लगन और दिन-रात की मेहनत से हासिल किया है। आप हम सभी के लिये आदर्श हैं। आपसे हमें प्रेरणा मिलती है कि कठोर परिश्रम से और लगन से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता।

अफसरों पर योजना को रोकने का दबाव, आप के मंत्री ने पानी बिल के मुद्दे पर केंद्र और एलजी को घेरा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जल बोर्ड की वन टाइम सेंटलमेंट योजना केंद्र सरकार और एलजी के दबाव में रोकी जा रही है। मुख्य सचिव को तीन बार निर्देश जारी करने के बाद भी अधिकारी इस योजना का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने को तैयार नहीं हैं। अब सरकार ने मुख्य सचिव को बता दिया है कि इस सप्ताह के अंत में कैबिनेट बैठक बुलाई जा रही है। वित्त विभाग के अधिकारी या तो फाइल पर अपनी टिप्पणी दें या फिर सीधे कैबिनेट बैठक में आकर प्रस्तुत करें।

मंगलवार को सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में 40 फीसदी पानी उपभोक्ता गलत बिल से परेशान हैं। दिल्ली में कुल 27 लाख उपभोक्ता हैं,लेकिन बिल में गड़बड़ी के चलते 10.5 लाख उपभोक्ता पानी का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। दिल्ली सरकार इसके समाधान के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लाने की कोशिश कर रही है, लेकिन अधिकारी दबाव में इस योजना को कैबिनेट में लाने को तैयार नहीं हैं। भारद्वाज ने कहा कि बीते साल 23 जनवरी को दिल्ली जल बोर्ड की बोर्ड बैठक में योजना को मंजूरी दी गई। बीच-बीच में बैठकें होती रही। 25 जनवरी 2024 को यह प्रस्ताव वित्त विभाग को टिप्पणी के लिए भेजा गया। उस पर टिप्पणी देने के बजाय 5 फरवरी को वित्त विभाग ने प्रस्ताव से संबंधित वास्तविक फाइल मांगी। उसकी जरूरत नहीं थी, फिर भी प्रस्ताव की वास्तविक फाइल 9 फरवरी को वित्त विभाग को भेज दी गई। वित्त विभाग ने कुछ सवाल पूछा तो उसका भी जवाब दे दिया गया। साथ ही कहा गया कि 12 फरवरी तक विभाग अपनी टिप्पणी देकर 14 फरवरी को प्रस्ताव को कैबिनेट में रखे। मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग के अधिकारी ने वित्त मंत्री की टिप्पणी को अस्वीकार करते हुए कहा कि सिर्फ वित्त विभाग के प्रमुख सचिव की टिप्पणी मान्य होगी। फिर 15 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मैं और जल मंत्री आतिशी ने विधानसभा में एलजी से मिलकर उनके समक्ष पूरा मामला रखा। उसके बाद उन्होंने कहा कि हम मुख्य सचिव को निर्देश दें। कि अगले हफ्ते इस प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में लेकर आएं मुख्य सचिव को 15 फरवरी को निर्देश जारी किया गया।

विवाह अधिनियम निरस्त होने से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा न्याय, सीएम हिमंत ने की घोषणा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 के तहत तलाक लेने वाली महिलाएं गुजारा भत्ते की हकदार नहीं हैं। अधिनियम को निरस्त करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले के बाद मुस्लिम महिलाओं पर अत्याचार समाप्त हो जाएगा और वे अदालत के आदेश के अनुसार गुजारा भत्ता प्राप्त कर सकेंगी।

सरमा ने कहा कि अधिनियम के तहत काजी को शादी को पंजीकृत करने का अधिकार था और वह तलाक भी दिला सकता था। हालांकि अब काजी तलाक की अनुमति देता है तो महिला को कुछ नहीं मिलता है लेकिन यदि कोर्ट तलाक की अनुमति देती है तो तो पूर्व पति को महिला को गुजारा भत्ता देना होगा।

माताओं पर हो रहा अत्याचार अब बंद होगा- सीएम

उन्होंने अधिनियम को रद्द करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी माताओं पर हो रहा अत्याचार अब बंद हो जाएगा। सरमा ने कहा कि यह कानून खत्म होने पर तलाक मुश्किल हो जाएगा और कम उम्र की लड़कियों के विवाह का पंजीकरण नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री सरमा ने मंगलवार को विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में भाजपा 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर जीतेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में 12वीं सीट सुरक्षित करने का प्रया

स करेगी। माजुली में आयोजित कार्यक्रम से इतर सरमा ने कहा कि मैं उम्मीदवारों के नाम जानने का इच्छुक नहीं हूं। लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए मतदान करेंगे। सिकंदर, नुरुल हुदा जैसे चंद मुस्लिम विधायक ही रह जाएंगे। हाल ही में कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर सरमा ने कहा कि वह कांग्रेस के शक्तिशाली नेता हैं और भाजपा में शामिल होने पर मैं उनका स्वागत करूंगा।

नए केस में पाक अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी को दोषी ठहराया, मिलेगी सख्त सजा

इस्लामाबाद, एजेंसी। टीवी चैनल जियो न्यूज ने कहा कि एक पाकिस्तानी अदालत ने मंगलवार को पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को उनके प्रधान मंत्री पद के दौरान कथित तौर पर रिश्वत के रूप में जमीन लेने के आरोप में दोषी ठहराया। 71 वर्षीय खान अन्य मामलों के सिलसिले में अगस्त से जेल में हैं और पहले आरोपों से इनकार कर चुके हैं।

पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उनके कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर रिश्वत के रूप में जमीन लेने के आरोप में दोषी ठहराया। उनकी पार्टी ने यह जानकारी दी। भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें पहले ही दो मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है, जिसने उन्हें 10 साल तक राजनीति में भाग लेने से अयोग्य घोषित कर दिया था।

मुकदमा जेल के परिसर में आयोजित किया गया था। पार्टी ने कहा, इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने खुद को निर्दोष बताया है। गौरतलब है कि इमरानखान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने 8 फरवरी के राष्ट्रीय चुनावों में दोषसिद्धि और सैन्य समर्थित कार्रवाई के बावजूद संसद में सबसे बड़ी संख्या में सीटें जीतीं हैं। उधर, नवाज शरीफ और आसिफ अली जरदारी भुट्टो के नेतृत्व में उनके दलों ने अल्पमत गठबंधन सरकार बनाने के लिए गठबंधन बनाया।

बता दें कि इससे पहले इसी महीने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान कान की बुशरा बीबी से शादी को अवैध करार दिया गया था। गैर-इस्लामिक निकाह के मामले में दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई गई है।

गाजा में जो चल रहा वो चिंताजनक लेकिन... यूएन में इजरायल-हमास युद्ध पर खुलकर बोले जयशंकर

वाशिंगटन, एजेंसी। गाजा में इजरायल औ हमास आतंकियों के बीच चल रहा कत्लेआम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ इजरायल हमास का हर कण मिटाने की कसम खा चुका है तो दूसरी तरफ हमास ने अपने कई कमांडरों के मारे जाने के बाद भी घुटने नहीं टेके हैं।

इस युद्ध में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें ज्यादातर निर्दोष महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाजा में चल रहे नरसंहार से पूरी दुनिया दुखी है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी मंगलवार को कहा कि गाजा में संघर्ष बहुत चिंता का विषय है और इससे उत्पन्न मानवीय संकट के लिए एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और निर्दोषों को बंधक बनाना अस्वीकार्य है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर जिनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में डिजिटली सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा, संघर्षों से उत्पन्न मानवीय संकटों के लिए एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है जो सबसे अधिक प्रभावित लोगों को तत्काल राहत दे। जयशंकर ने कहा, साथ ही, हमें स्पष्ट होना चाहिए कि आतंकवाद और बंधक बनाना अस्वीकार्य है। यह भी कहने की जरूरत नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने भारत की लंबे समय से चली आ रही स्थिति को भी दोहराया कि फिलिस्तीन मुद्दे का दो-राज्य समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि संघर्ष क्षेत्र के भीतर या बाहर न फैले। जयशंकर ने कहा, संघर्ष विराम प्रयासों को दो-राज्य समाधान की तलाश पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां फिलिस्तीनी लोग सुरक्षित सीमाओं के भीतर रह सकें।

गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। गाजा में नरसंहार और भुखमरी को देखते हुए फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतायेह ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने टिप्पणी की कि यह कदम गाजावासियों की दुर्दशा को देखते हुए लिया गया है। उधर, शतायेह के इस्तीफे के बाद हमास ऐक्टिव हो गया है। वह फतह पार्टी के साथ सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसे लेकर मॉस्को में अगले महीने मीटिंग भी होनी है।

नोबेल प्राइज जीतने वाले रूसी संगठन के चेयरमैन को सजा

सेना का अपमान किया था; जंग की शुरूआत के बाद लाए गए कानून के तहत जेल हुई

मास्को , एजेंसी। रूस ने एक्टिविस्ट ओलेग ओर्लोव को ढाई साल की सजा सुनाई है। उन पर रूसी सेना के अपमान और रूस-यूक्रेन जंग की आलोचना करने के आरोप थे। उनका कहना था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जंग के जरिए रूस को फासीवाद की ओर ले जा रहे हैं। ओलेग ओर्लोव मेमोरियल संगठन के चेयरमैन हैं। इस संगठन को 2022 में नोबेल पीस प्राइज मिला था। मेमोरियल ने यह प्राइज यूक्रेन के ऑर्गेनाइजेशन सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज के साथ शेयर किया था। कोर्ट के फैसले के बाद ओलेग के हाथों में हथकड़ियां लगाई गईं और उन्हें जेल ले जाया गया।

ओलेग ने एक आर्टिकल लिखा था। इस लेख का टाइटल था- वो फासीवाद चाहते हैं। ये उन्हें मिल रहा है। सजा सुनाए जाने के बाद ओलेग ने कहा- कोर्ट के फैसले से पता चलता कि मेरा लेख सटीक और सच्चा था। 1989 में स्थापित मेमोरियल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बचाव किया है। संगठन के पास सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन के समय से लेकर अब तक हुए मानवाधिकारों के हनन से जुड़े सभी मामलों की जानकारी है। 2021 में रूसी सरकार ने संगठन को विदेशी एजेंट कहते हुए इस पर बैन लगा दिया था। सुनवाई के दौरान ओलेग के समर्थक और 18 पश्चिमी डिप्लोमैट्स कोर्ट रूम में मौजूद रहे। सभी ने फैसले की निंदा की। अमेरिकी सरकार ने भी एक्टिविस्ट को सजा सुनाए जाने का विरोध किया है।

ओलेग पर यूक्रेन जंग की शुरुआत के तुरंत बाद पारित कानूनों के तहत आरोप लगाया गया था। इस कानून में रूसी सेना को बदनाम करने या उनके बारे में गलत जानकारी फैलाने के दोषी पाए जाने वालों के लिए जेल की सजा निर्धारित की गई है।

यह पहली बार नहीं है जब रूस में जंग का विरोध करने पर किसी को सजा सुनाई गई हो। इसके पहले 21 फरवरी को रूसी पुलिस ने एक अमेरिकी-रूसी महिला को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी किया था। रूस का आरोप है कि 33 साल की केन्सिया करेलिना ने करीब 4 हजार रुपए (51 डॉलर) यूक्रेन को दान में दिए। ये दान रूस के खिलाफ जंग लड़ने के लिए किया गया।

गिरफ्तारी के बाद केन्सिया को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उसके आंखों पर पट्टी और हाथों में हथकड़ियां थीं। रूसी की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस का कहना था कि 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग के बीच केन्सिया लगातार यूक्रेनी सेना के लिए फंड जुटा रही है। इस फंड का इस्तेमाल यूक्रेन सैनिकों के इलाज और गोला-बारूद खरीदने में करते हैं। जनवरी 2023 में रूस ने एक 19 साल की लड़की को आतंकी घोषित कर उसका नाम आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल कर दिया था। उसे घर में नजरबंद भी कर दिया था। ओलेसा क्रिवत्सोवा ने अक्टूबर 2022 में यूक्रेन जंग को लेकर रूस का विरोध किया था। 17 जनवरी 2024 को ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट अल्सिनोव को जेल की सजा सुनाई। उसने पिछले साल रूस-यूक्रेन जंग के लिए बश्कोर्तोस्तान शहर के लोगों की सेना में भर्ती का विरोध किया था।

कनाडा में एयरपोर्ट से फिर गायब हुई पाकिस्तानी एयर होस्टेस, एक साल से लापता हैं 7 केबिन क्रू मेंबर

टोरंटो, एजेंसी। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पी.आई.ए.) की एयरहोस्टेस कनाडा एयरपोर्ट पर उतरने के बाद लापता हो गई है। जब अधिकारियों ने उसके होटल के कमरे को खोला तो उन्हें उसकी वर्दी पर धन्यवाद पी.आई.ए. लिखा नोट मिला। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले महीने भी ऐसी ही एक घटना सामने आई थी जब एक एयर होस्टेस कनाडा पहुंचने के बाद वापसी की उड़ान के लिए रिपोर्ट करने में विफल रही थी। पिछले साल कनाडा में उड़ान ड्यूटी के दौरान कम से कम सात पी.आई.ए. केबिन क्रू मेंबर लापता हो गए थे।

15 साल से एयरलाइंस में थी महिला

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मरियम रजा बीते सोमवार को इस्लामाबाद से पी.आई.ए. की उड़ान पीके-782 से टोरंटो पहुंचीं, लेकिन कराची की वापसी उड़ान पीके-784 पर ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने में विफल रहीं। रजा 15 साल पहले पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस में शामिल हुई और उन्हें इस्लामाबाद से टोरंटो तक की उड़ान का काम सौंपा गया था। बताते हैं कि क्रू सदस्यों का कनाडा जाकर भागने का सिलसिला 2014 और 2015 के दौरान शुरू हुआ था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129